रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 23 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-270 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### बंदूक सफाई के दौरान हुआ फायर, गंभीर हालत में रायपुर रेफर

**नारायणपुर।** नारायणपुर में आइटीबीपी जवान को ड्यूटी के दौरान गोली लग गई। घायल जवान का नारायणपुर जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर कर दिया गया। जवान की हालत नाजुक बनी हुई है, इसलिए बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर लाया गया है। एडिशनल एसपी ने घटना की पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि आइटीबीपी जवान को गोली उस वक्त लगी जब सर्विस राइफल सफाई कर था। गोली लगने के बाद जवान फर्श पर गिर पड़ा। गोली की आवाज सुनकर दूसरे जवान घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा जवान लहूलुहान फर्श पर गिरा पड़ा है। आनन-फानन में जवान को नारायणपुर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर के लिए रेफर किया गया है।

### पेटीएम का घाटा बढ़कर 550 करोड़ पर पहुंचा

**नयी दिल्ली।** प्रमुख फिनटेक कंपनी पेटीएम का घाटा मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में बढ़कर 550 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल की तिमाही में यह 169 करोड़ रुपये था। कंपनी के मुख्य व्यवसाय में 25 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि के साथ संचालन से मिलने वाला राजस्व वित्तवर्ष 2024 में बढ़कर 9,978 करोड़ रुपये हो गया। पेटीएम की मूल कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस ने एक विज्ञप्ति में कहा, वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के हमारे नतीजे यूपीआई संक्रमण आदि के कारण अस्थायी व्यवधान और पीपीबीएल प्रतिबंध के कारण स्थायी व्यवधान से प्रभावित हुए। समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन से राजस्व साल-दर-साल 3 प्रतिशत गिरकर 2,267 करोड़ रुपये हो गया।

### पुलिस नियंत्रण कक्ष को बम से उड़ाने की धमकी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के नार्थ ब्लॉक स्थित दिल्ली पुलिस नियंत्रण कक्ष को बम से उड़ाने की धमकी भरा एक ई-मेल मिला है। अग्निशमन विभाग को जैसे ही इस धमकी की सूचना मिली, दो अग्निशामक वाहन को मौके पर भेजा गया। दिल्ली अग्निशमन विभाग ने बताया कि पुलिस नियंत्रण कक्ष को तीन बजकर सैंतीस मिनट पर बम की धमकी का ई-मेल मिला। यह ई-मेल मिलने की सूचना मिलते ही आनन-फानन में मौके पर दमकल की दो गाड़ियां भेजी गई हैं। मौके पर सघन जांच-पड़ताल की जा रही है।

# मोदी ने कहा-मेरे जिंदा रहते गरीब पिछड़ों का आरक्षण छीनना नामुमकिन

## पूरा देश एक ही बात कह रहा है फिर एक बार मोदी सरकार

वार्ता ✓ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नीति इंडिया गठबंधन के आरक्षण संबंधी बयान पर कुठाराघात करते हुये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब तक मोदी जिंदा है, गरीब पिछड़ो आदिवसियों का आरक्षण कोई छीन नही सकता। श्रावस्ती लोकसभा और गैसड़ी विधानसभा में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि जनसैलाब का उत्साह प्यार साफ-साफबता रहा है कि सपा कांग्रेस का इंडी गठबन्धन पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। पूरा देश एक ही बात कह रहा है फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होने कहा इंडी गठबन्धन में भयंकर बीमारियां है। गठबंधन घोर साम्प्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी है। ये कैंसर से अधिक विनाशक बन सकती है। समाज को बांटो और वोट जिहाद करवाओ इनका लक्ष्य है। ये तुष्टिकरण के लिए नई नई स्कीम लेकर आये है। जनता के काम पूछने पर वोट जिहाद कर रहे है। कांग्रेस कहती है कि आपकी सम्पत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। ये आपकी कमाई छीनकर मुसलमानों को बांटना चाहते है। पूरे देश मे एससीएसटी,दलित गरीब पिछड़ो का आरक्षण छीनकर वोट जिहाद करने वालो को देना चाहते है। ये चाहे जितना भी जोर लगा ले जब तक मोदी जिंदा है गरीब पिछड़ो आदिवसियों का आरक्षण कोई छीन नही सकता। मोदी ने कहा कांग्रेस ने अपने शासित राज्यो में पहले दलितों के आरक्षण पर डाका डाला द्य मैं गारंटी देता हूं वंचितों का जो अधिकार है मोदी उसका चौकीदार है, देश मे कर्नाटक मॉडल लागू नही होने दूंगा। ये कभी लागू नही होने दूंगा। जनसभा में भारी भीड़ देखकर गदगद मोदी ने इसे जनता का प्यार आशीर्वाद बताते हुई अपनी पूंजी बताया। उन्होंने कहा कि हैलीपैड पर पुराने साथी मिले पुरानी बाते याद करायी और 35 वर्षो पूर्व के क्षेत्र में संगठन के मेरे काम के अनुभव से मेरे मन को ताजा कर दिया। उन्होंने कहा कि कल एक वीडियो देखा कि लोग मंच पर चढ़ रहे थे। किसी ने बताया कि सपा कांग्रेस के लोग पैसा देकर भीड़ एकत्र कर रहे है। पैसा न पाने पर लोग मंच पर चढ़ रहे हैं जब ये हाल है तो देश और जनता का क्या भला करेंगे। उन्होने कहा आपने देखा कि कांग्रेस के एक बड़े नेता जो कांग्रेस के शहजादे पर कंट्रोल है उनके कमांडो की तरह काम कर रहे है वे ट्वीट कर लगातार कह रहे थे निवर्तमान प्रधानमंत्री मोदी वाला मजाक उड़ाते थे। पांचवे चरण के बाद छोड़ ये मजाक उड़ाना छोड़ दिया है। उन्होंने भी मान लिया कि मोदी को पीएम बनने के लिए जनता निर्णय कर चुकी है। उन्होंने कहा कि देश के कोने कोने में एक ही नारा एक ही मंत्र और एक ही नारा है फिर एक बार मोदी सरकार। मोदी ने कहा कि 24 का चुनाव भारत का भविष्य तय करने जा रहा है जिन्होंने साठ साल तक कुछ नही किया वे मोदी कामों व मोदी को रोकने के लिए एक हो गए है।

### संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने अपनी पार्टी के संविधान की धज्जियां उड़ाई : मोदी

**बस्ती।** कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को पाकिस्तान का सरपरस्त करार देते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने आपातकाल लागू कर और पिछड़े वर्ग के तत्कालीन अध्यक्ष सीताराम केसरी को फुटपाथ पर फेंक कर अपनी ही पार्टी के संविधान की धज्जियां उड़ाई थीं। पालीटेक्निक ग्राउंड पर बस्ती ,सिद्धार्थनगर और डुमरियागंज के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुये मोदी ने कहा 'कांग्रेस और सपा वालों को अचानक संविधान की याद आ गयी है। इसी कांग्रेस ने 70 के दशक में आपातकाल लगाकर संविधान को खत्म करने की भरपूर कोशश की थी। यह वहीं पार्टी है जिसने अति पिछडे वर्ग के पार्टी अध्यक्ष सीताराम केसरी को एक शाम कांग्रेस दफ्तर के बाथरुम में बंद कर दिया था और मैडम सोनिया की टोली ने उन्हे फुटपाथ पर फेंक दिया था और रातों रात सोनिया गांधी को कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया गया था। जिस कांग्रेस ने अपनी पार्टी के संविधान की परवाह नहीं की वह आज देश के संविधान को बचाने की बात कर रही है। सपा पर निशाना साधते हुये उन्होने कहा ' बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर के संविधान की कद्र न करते हुये सपा ने हमेशा दलितों के आरक्षण का विरोध किया और संविधान के परे जाकर आज दलितो एवं पिछडों को आरक्षण छीनकर वोट जिहाद करने वालों को इसका हिस्सा देना चाहते हैं।

# मोदी की छवि का गुब्बारा फट चुका है : राहुल गांधी

पायनियर संवाददाता ✓ सोनीपत/ महेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पिछले वर्षों में बनाई छवि का गुब्बारा फट चुका है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गांधी महेंद्रगढ़ और सोनीपत में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री के अदानी-अंबानी के टेम्पो भरकर पैसे कांग्रेस को पहुंचाने वाले बयान के हवाले से दावा किया कि वह जो चाहें प्रधानमंत्री से बुलवा सकते हैं, जैसे सालों तक मोदी अंबानी-अदानी का नाम नहीं लेते थे, लेकिन उस दिन नाम ले लिया। कांग्रेस नेता ने दोहराया कि कांग्रेस की सरकार बनते ही सेना में अग्निवीर भर्ती की योजना कूड़ेदान में फेंक दी जायेंगी। उन्होंने किसानों का कर्ज माफकरने की भी घोषणा की और कहा कि मोदी ने 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया। किसानों का कर्ज माफकरने को लेकर प्रधानमंत्री का कहना है कि इससे उनकी (किसान) आदत बिगड़ जायेगी। गांधी ने कहा कि जितना मोदी सरकार ने अरबपतियों का कर्जा माफकिया है, उतना ही कर्ज कांग्रेस सरकार बनने पर किसानों का माफ करेगी। गांधी ने 30 लाख सरकारी पद भरने, युवाओं को एप्रेटिन्सशिप देने, समेत घोषणापत्र के वादे दोहराये। उन्होंने कहा, हरियाणा राज्य देश को रास्ता दिखाता है, चाहे विकास की बात हो, इंफ्रास्ट्रक्चर की बात हो, ओलंपिक स्पोर्ट की बात हो। आपको फिर से देश को रास्ता दिखाना है।

# पुनर्वास नीति में क्या चाहते हैं माओवादी बतायें : विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य की विष्णु सरकार ने नक्सल पुनर्वास नीति में बदलाव के इशारे किए हैं। इसके बाद उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने जगदलपुर में ईमेल आईडी और गूगल फॉर्म जारी कर नक्सलियों से अनुरोध किया है कि वे बताएं कि उनके हिसाब से पुनर्वास नीति कैसी होनी चाहिए। डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा कि आत्मसमर्पण नक्सलियों को करना है, इसलिए क्यों न उन्ही से पूछ लिया जाए कि समर्पण की नीति में आप क्या चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बन्दूक रखकर जंगल में घूमने का क्या मतलब है? मुख्य धरा में चलें, लोकतंत्र को अपनाएं, और देश-समाज की उन्नति करें। नक्सलियों के साथ वार्ता पर उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि फिर से हम आगे बढ़ेंगे और चर्चा होगी। मुझे विश्वास है कि बस्तर में खुशी का माहौल होगा।

# राहुल गांधी ने मीडिया को कहा ब्लैकमेलर साय ने पूछा-क्या मीडिया संस्थान सहमत हैं?

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



राहुल गांधी के मीडिया को ब्लैकमेलर और बिकाऊ कहे जाने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कड़ा ऐतराज जताते हुए देश भर के मीडिया संस्थानों से यह पूछा है कि क्या वो कांग्रेस के युवराज के इस बयान से सहमत हैं? राहुल गांधी ने अपने एक साक्षात्कार में भारतीय मीडिया पर सीधा आरोप लगाते हुए उसे बिकाऊ-ब्लैकमेलर कहा है। राहुल ने कहा है कि - हिंदुस्तान का मीडिया सिस्टम अब मीडिया सिस्टम नहीं रहा। साफ शब्दों में कहें तो मीडिया पैसा कमाने के लिए राजनीतिक रूप से ब्लैकमेलिंग करने वाली व्यवस्था है। इस पर साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल में लिखा है कि - कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय मीडिया को ब्लैकमेलर और बिकाऊ कहा है। गांधी ने हालिया प्रसारित एक साक्षात्कार में कहा है - हिंदुस्तान का मीडिया सिस्टम अब मीडिया सिस्टम नहीं रहा। साफ शब्दों में कहें तो मीडिया पैसा कमाने के लिए राजनीतिक रूप से ब्लैकमेलिंग करने वाली व्यवस्था है। मैं भारतीय मीडिया संस्थानों से यह पूछता चाहता हूं कि क्या वे राहुल जी के इस घोर आपत्तिजनक बयान से सहमत हैं? इसके अलावा गांधी ने छत्तीसगढ़ का उदाहरण देकर प्रदेश और यहां के मीडिया को विशेष तौर पर अपमानित किया है। यह निंदनीय है। उन्होंने बिना किसी तथ्य के छत्तीसगढ़ सरकार पर मीडिया को एक हजार करोड़ रुपए देने की बात कही है। हम इसकी भी निंदा करते हैं। राहुल का यह बयान बेहद आपत्तिजनक और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर प्रहार है। यह आपातकाल वाली मानसिकता है। सभी मीडिया संस्थान को राहुल के इस बयान के विरुद्ध संज्ञान लेने की अपील करता हूं।

### दिल्ली मेट्रो की सेवा 25 मई को मतदान के दिन तड़के चार बजे से

**नयी दिल्ली।** लोकसभा के पांचवें चरण में चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के लिए आवागमन की सुविधा के लिए राष्ट्रीय राजधानी में 25 मई को मतदान के दिन तड़के चार बजे से दिल्ली मेट्रो की सेवाएं शुरू हो जाएंगी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। डीएमआरसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, शनिवार (25 मई) को दिल्ली में लोकसभा चुनाव के दिन, सभी लाइनों पर दिल्ली मेट्रो ट्रेन सेवाएं तड़के चार बजे से शुरू होंगी ताकि चुनाव ड्यूटी के लिए तैनात कर्मचारी इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

# जुमलेबाज सरकार से सावधान रहने की जरूरत : प्रियंका गांधी

पायनियर संवाददाता ✓ गोड्डा
www.dailypioneer.com



कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार को 'जुमलेबाज सरकार' बताया और लोगों को सरकार से सावधान रहने की अपील की है। गांधी ने इंडिया गंठबंधन के उम्मीदवार प्रदीप यादव के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोगों से कहा कि यदि संविधान बदलना है तो भारतीय जनता पार्टी का चयन करें। संविधान की रक्षा करने के लिए प्रदीप यादव के चुनाव चिह्न 'हाथ' पर बटन दबा कर अपने प्रत्याशी को जितायें। जुमलेबाज सरकार से सावधान। जुमलेबाज सरकार ने भाई राहुल गांधी को सत्य बोलने पर संसद से निकाल दिया। कांग्रेस महासचिव ने कहा, क्या आपके अकांउन्ट में 15 लाख रुपए आए। गरीबों की गरीबी दूर हुई। हमारी सरकार बनेगी तो 25 लाख नौकरी तुरंत दिया जाएगा। जल, जंगल एवं जमीन की रक्षा कांग्रेस नीत सरकार में ही संभव है। अडानी के हाथों अपने देश को गिरवी रखने वाले से देश का विकास संभव नहीं है। प्रदीप ने आपके लिए अडानी से लड़ाई की तो इन्हें जेल में डाल दिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा, यदि आप अपने नेता हेमंत सोरेन को जेल से बाहर देखना चाहते हैं। संताल के अस्तित्व को बचाने के लिए प्रदीप यादव के हाथ को मजबूत कीजिए। महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि गोड्डा लोक सभा में विकास की गंगा देखना चाहते हैं तो इंडिया गठबंधन के सशक्त एवं जुझारू नेता प्रदीप भैया को नेतृत्व में आपना योगदान दे तभी गोड्डा लोक सभा का विकास होगा। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के कल्पना सोरेन, विधायक इरफान अंसारी, राजेश ठाकुर सहित दर्जनों कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के साथ इंडिया गठबंधन के नेताओं ने एक स्वर से प्रदीप यादव को जीतने की अपील की।

# नए भारत में नई प्रगति के नए पैमाने गढ़े जा रहे हैं : सीएम योगी

पायनियर संवाददाता ✓ बस्ती
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत प्रगति के नये पैमाने गढ़ रहा है। बस्ती में भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी, संतकबीर नगर से प्रवीण निषाद और डुमरियागंज से जगदंबिका पाल के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होन कहा कि आज भारत में विरासत व विकास का अद्भुत संगम दिख रहा है। पहले स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर पूर्वांचल में सिर्फ बीएचयू व गोरखपुर में मेडिकल कॉलेज था, लेकिन आज गोरखपुर में एम्स, महराजगंज, बस्ती, सिद्धार्थनगर समेत हर जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना का कार्य हुआ। मासूम 40 वर्ष से इंसफेलाइटिस से दम तोड़ता था। यहां के बचपन को बचाने के लिए मोदी जी ने स्वच्छ भारत अभियान, हर घर नल योजना और मेडिकल कॉलेज जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं दी हैं। योगी ने कहा यह चुनावी संग्राम रामभक्त और रामद्रोहियों के बीच चल रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर व विकसित भारत बनाना है। यह क्षेत्र कभी तरसता था कि एक चीनी मिल चल जाती। आज नई चीनी मिलें चल रही हैं। गन्ना मूल्य का भुगतान हो रहा है। कांग्रेस के समय में बंद हुआ गोरखपुर फर्टिलाइजर कारखाना 110 फीसदी से अधिक क्षमता से कार्य कर रहा है। नए भारत की नई प्रगति के नए पैमाने गढ़े जा रहे हैं। योगी ने कहा कि पांच चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। पूरे देश के लोगों को चार जून के परिणाम के बारे में कोई संदेह नहीं रह गया है। चारों तरफ जनमानस उद्घोष कर रहा है- 'फिर एक बार मोदी सरकार', 'अबकी पार-400 पार'। यह बात सुनते ही कांग्रेस व सपा के इंडी गठबंधन को चक्कर आने लगता है।

## सातवें चरण के मतदान के अंत में भाजपा को 30 सीटें दे देंग

# राहुल बाबा और ममता दीदी जल्द ही शीतनिद्रा में चली जाएंगी : शाह

पायनियर संवाददाता ✓ पुरुलिया/कांथी (बंगाल)
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छठे और अंतिम सातवें चरण में कांग्रेस नेता राहुल गांधी (राहुल बाबा) और तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी (ममता दीदी) शीतनिद्रा में चली जाएंगीं, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 20 मई को हुए पांचवें चरण के मतदान के बाद 310 लोकसभा सीटें हासिल कर ली हैं। शाह ने यह भी दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी इस बार बंगाल में 30 सीटें हासिल करने की ओर बढ़ रही है और राज्य के मतदाताओं को आश्वासन दिया कि एक बार ऐसा होने पर, भाजपा का काम सभी भ्रष्ट मंत्रियों और उनके गुंडों का पता लगाना और चार जून के बाद उन्हें सलाखों के पीछे डालना होगा। उन्होंने कहा, एक बार जब आप सातवें चरण के मतदान के अंत में भाजपा को 30 सीटें दे देंगे, तो सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस टुकड़ों में बंट जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार अपने वोट बैंक बंगलादेश और रोहिंग्या घुसपैठियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बनाकर राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर रही है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि घुसपैठियों ने न केवल बंगाल की जनसांख्यिकी बदल दी बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा, संदेशखाली की महिलाओं और बहनों का क्या हुआ, जिन्हें शाहजहां शेख के नेतृत्व वाले गुंडों द्वारा धार्मिक आधार पर प्रताड़ित किया जा रहा था और ममता बनर्जी ने अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। शाह ने कहा, एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते ममता दीदी को अदालत के आदेश के बाद भाजपा के हस्तक्षेप से पहले कार्रवाई करनी चाहिए थी। केंद्रीय गृह मंत्री ने चिटफंड से लेकर शिक्षक घोटाले, राशन घोटाले, कोयला और पशु तस्करी तथा नागरिक निकायों के कर्मचारियों की नियुक्ति जैसे घोटालों की श्रृंखला को सूचीबद्ध करते हुए कहा कि बंगाल में अदालत के आदेश से कथित भ्रष्टाचार के लिए मंत्रियों को जेल भेजा जा रहा है, जिनमें पार्थ चटर्जी, ज्योति प्रिया मल्लिक, शिक्षा विभाग के कई शीर्ष अधिकारी तथा और बीरभूम के ताकतवर नेता अनुब्रत मंडल शामिल हैं। शाह ने कहा, किसने जीवन में 51 करोड़ रुपये नकद देखे हैं, लेकिन यह बंगाल के मंत्री के घर में पाया जा सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस अपराध के लिए सभी लुटेरों को उल्टा लटका दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने पश्चिम बंगाल सरकार को विकास के लिए 9,25,000 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं, लेकिन सरकारी समर्थन से सिंडिकेटेड गुंडों ने यह पैसा हड़प लिया। वह 25 मई को होने वाले मतदान के लिए पुरुलिया से चुनाव लड़ रहे भाजपा के मौजूदा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो और कांथी से सौमेंदु अधिकारी के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

### निर्वाचन आयोग ने जालंधर, लुधियाना के पुलिस आयुक्तों को चुनाव ड्यूटी से हटाया

**चंडीगढ़।** भारतीय निर्वाचन आयोग ने पंजाब पुलिस के दो अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी से हटा कर ग़ैर-चुनाव ड्यूटी पर तैनात करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि आई. पी. एस. स्वप्न शर्मा, जो इस समय जालंधर के पुलिस आयुक्त के तौर पर सेवा निभा रहे हैं और आई. पी. एस. कुलदीप चाहल, जोकि इस समय पर लुधियाना के पुलिस आयुक्त के तौर पर सेवा निभा रहे हैं, को उनके मौजूदा पदों से ट्रांसफर करके ग़ैर-चुनाव ड्यूटी पर तैनात किया गया है। पंजाब के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में निर्वाचन आयोग ने दोनों अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी से हटा कर ग़ैर-चुनाव ड्यूटी पर तैनात करने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही आयोग ने मुख्य सचिव को जालंधर और लुधियाना में तैनाती के लिये तीन योग्य अधिकारियों का पैनल मुहैया करवाने के लिए भी कहा है।

# कवर्धा हादसे पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान, सीजे की डबल बेंच में सुनवाई 24 को

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



हाईकोर्ट ने कवर्धा के पंडरिया विकासखंड में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 19 आदिवासियों की मौत के मामले को स्वतः संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने इसे जनहित याचिका मान राज्य सरकार के जिम्मेदारों से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 24 मई को होगी। कवर्धा जिले के पंडरिया विकासखंड में कुकदूर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खाम्ही के आश्रित गांव सेमरहा से 35 से 40 महिला पुरुष तेंदूपत्ता तोड़ने सोमवार की सुबह रुख्मीदादर के जंगल गए थे। तेंदूपत्ता तोड़ने के बाद सभी दोपहर को पिकअप क्रमांक सीजी 09 जेडी 5670 से अपने गांव सेमरहा लौट रहे थे। गांव से करीबन बीस किलोमीटर पहले नेउर-बाहपानी मार्ग पर बंजारी घाट में घुमावदार मोड़ पर ब्रेक फेल होने से पिकअप अनियंत्रित होकर पत्थर से टकराते हुए खाई में जा गिरी। इस घटना में 15 महिलाओं, तीन नाबालिक लड़कियों व एक पुरुष की मौत गई। जबकि दस लोग घायल है। सभी मृतक आदिवासी बैगा समुदाय से ताल्लुकात रखते थे। इस भयानक हादसे की मीडिया में प्रकाशित खबरों को हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका मान सुनवाई शुरू की है। हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने इसके लिए राज्य सरकार के लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव, परिवहन आयुक्त, स्टेट हाईवे और नेशनल हाइवे, कवर्धा कलेक्टर सहित दस लोगों को पक्षकार बनाते हुए नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 24 मई को होगी।

### कवर्धा हादसा : चप्पल के कारण एक्सीलेटर में ड्राइवर का पैर फंसने से हुआ हादसा

**कवर्धा।** सड़क हादसे में पुलिस ने वाहन चालक दिनेश यादव और वाहन मालिक रामकृष्ण साहू के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। दोनों को हिरासत में रखा गया है। वहीं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस घटना की उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए हैं। कवर्धा जिला परिवहन अधिकारी एमएल साहू की माने तो पिकअप चालक दिनेश से पूछताछ में यह बात सामने आई है कि उसका पैर चप्पल की वजह से एक्सीलेटर में फंस गया था। वाहन की गति अधिक होने से ब्रेक नहीं लग पाया, जिसके बाद गाड़ी न्यूट्रल हो गई। गाड़ी पर नियंत्रण नहीं होता देख उसने सभी को कूदने की आवाज लगाकर स्वयं कूद पड़ा। इससे पिकअप के साइड में बैठे 12 लोगों ने तो कूदकर जान बचा ली।



# नेहरू की गलती के कारण हमारी जमीन चीन के पास : यादव

एजेंसी ‹ महराजगंज (उत्तरप्रदेश)
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू की गलती के कारण देश की एक लाख किलोमीटर से ज्यादा जमीन आज भी चीन के पास है। डॉ यादव महराजगंज लोकसभा क्षेत्र के बरगदवा ग्राउंड नौतनवां में पार्टी प्रत्याशी पंकज चौधरी के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस या किसी पार्टी का नेता आए, कोई इस बात के लिए नहीं कहेगा कि हम इस देश में सरकार बनाएंगे तो हमारे द्वारा अतीत की इस बात की माफी मांगी जाएगी कि नेपाल से हमारे संबंध खराब क्यों थे। नेपाल से भारत के संबंध हजारों साल से बहुत अच्छे थे, केवल नेपाल ही नहीं हमारे देश की चारों तरफ की सीमाएं अगर असुरक्षित थी तो इसका सबसे बड़ा कारण क्या है। उन्होंने कहा कि अभी कांग्रेस के जो 'साहिबजादे' हैं, उनकी पांचवीं पीढ़ी के पड़नाना नेहरू ने गलती की, जिसके कारण इस देश के अंदर एक लाख किलोमीटर से ज्यादा जमीन चीन के पास है। ये पाप कांग्रेस के माथे है।

## ईडी ने आईएएस अधिकारी मनीष रंजन को 24 मई को पूछताछ के लिए समन जारी किया




**रांची।** झारखंड के भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी मनीष रंजन को ईडी ने 24 मई को रांची के ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाने कि लिए समन किया है। रंजन को ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर कमीशन घोटाला मामले में समन किया गया है। उल्लेखनीय है कि ईडी को जो दस्तावेज मिले हैं उसमें किसी मनीष का जिक्र था। ईडी पता लगा रही थी कि वह मनीष कौन है। आखिरकार ईडी को पता चल गया है कि मनीष रंजन वहीं आईएएस अफसर हैं जो पहले ग्रामीण विकास विभाग में सेकेरेट्री हुआ करते थे। वर्तमान में वह भू-राजस्व विभाग और भवन निर्माण विभाग के सचिव है।

# युवक की पीटकर हत्या सरकार और पुलिस के कमजोर होते इकबाल का प्रतीक : गहलोत

वार्ता ‹ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सूरजगढ़, झुंझुनू में शराब माफिया द्वारा एक दलित युवक की पीट-पीटकर हत्या एवं उसका वीडियो बनाकर वायरल करना प्रदेश में सरकार और पुलिस के कमजोर होते इकबाल का प्रतीक करार दिया है। गहलोत ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि आए दिन प्रदेशभर से ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद दलितों के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया में इमेज मेकिंग में व्यस्त राजस्थान सरकार इन घटनाओं को गंभीरता से ले एवं आगे इनकी पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए कार्य करे। इसी तरह कांग्रेस प्रदेश गोविंद डोटासरा ने भी कहा कि झुंझुनूं में शराब माफियाओं ने दलित युवक को इतनी निर्दयता से पीटा कि उसकी मृत्यु हो गई। डोटासरा ने कहा कि भाजपा सरकार में दलितों पर अत्याचार और जातिगत भेदभाव निरंतर बढ़ रहा है, भाजपा स्वभाव से ही दलित विरोधी है। उन्होंने कहा कि अपराध की घटनाओं से पूरे प्रदेश का यही हाल है, बदमाश बेखौफ और आमजन में भय व्याप्त है।

## जमीन विवाद को लेकर हुए संघर्ष में 14 लोग घायल

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले के बिजौली थाना क्षेत्र के दुहिया गांव में खेती की जमीन को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद में 14 लोग घायल हो गए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बिजौली इलाके के दुहिया गांव में कल एक खेत को जोतने को लेकर राधेश्याम बघेल और हरिसिंह बघेल के पक्षों के बीच में विवाद हुआ। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच लाठी, डंडे और धारदार हथियारों से भी संघर्ष हुआ, जिसमें एक पक्ष की 5 महिलाओं सहित 11 लोग और दूसरे पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए मुरार जिला अस्पताल ले जाया गया। इसमें से गंभीर रूप से घायल 3 युवकों को उपचार के लिए ग्वालियर के जेएएच अस्पताल भेजा गया है।

# रेवंत रेड्डी ने तिरूमला मंदिर में पूजा-अर्चना की

वार्ता ‹ तिरूमला
www.dailypioneer.com



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ विश्वप्रसिद्ध तिरूमला मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना की। तिरूमला-तिरुपति देवस्थानम के कार्यकारी अधिकारी एवी धर्मा रेड्डी ने उनका स्वागत किया। दर्शन के बाद उन्हें मंदिर प्राधिकारी की ओर से प्रसाद दिये गये। इससे पहले मुख्यमंत्री ने अपने पोते के जन्म पर यहां मुंडन के लिए आये थे। मुख्यमंत्री मंगलवार को बेगमपेट हवाईअड्डे से विशेष उड़ान से रेनिगुंटा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पहुंचे। वहां से वे भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन के लिए सड़क मार्ग से तिरूमला गए। इस मौके पर रेड्डी ने संवाददाताओं से कहा कि कि कांग्रेस शासन में किसानों सहित तेलंगाना की जनता खुश है। समय पर बारिश होने से राज्य ने पानी की कमी पर काबू पा लिया है। उन्होंने आंध्र प्रदेश सरकार के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों की इच्छा भी व्यक्त की। उन्होंने दोनों तेलुगु राज्यों-तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के लोगों की खुशी और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उन्होंने जोर दिया कि भगवान के आशीर्वाद से दोनों राज्यों का विकास हुआ है।

## नरसिंहपुर में धारदार हथियार से युवक की हत्या

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले में एक युवक की धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि गाडरवारा एक बैंक के समीप अज्ञात बदमाशों ने अभिषेक कौरव नामक 23 वर्षीय युवक की कल रात धारदार हथियार से हमलाकर हत्या कर दी। हत्या की वजह अभी सामने नहीं आया है। इस मामले में कुल लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है।




## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले के स्टेशन गंज थाना क्षेत्र के डांगीढाना के पास आज दोपहर एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार खमतरा गांव निवासी जोरजी डीनियल (25) और संतोष (23)निवासी नादिया चांदनखेडा बाइक से कहीं जा रहे थे। तभी एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस राजमार्ग पर डांगीढाना के पास कुछ कार्य कर चला था, जिसके कारण एक साइड से ही वाहनों की आवाजाही चल रही थी। इसी दौरान यह घटना घटित हुयी है।

# मालीवाल मामले में दिल्ली पुलिस के पास बिभव के खिलाफ सबूत

एजेंसी ‹ मुंबई
www.dailypioneer.com



दिल्ली पुलिस ने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार के खिलाफ मुंबई से लौटने से पहले महत्वपूर्ण तकनीकी साक्ष्य एकत्र किये हैं। सूत्रों से पता चला है कि बिभव कुमार को आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के सिलसिले में सबूत जुटाने के लिए मंगलवार को मुंबई ले जाया गया।

दिल्ली पुलिस ने जो सबूत बरामद किये हैं, वे मुंबई हवाई अड्डे के नजदीकी इलाके से हैं। उन्होंने बताया कि 17 मई की रिपोर्ट के मुताबिक बिभव कुमार ने शहर में किसी अन्य व्यक्ति या डिवाइस पर डेटा ट्रांसफर करने से पहले अपने फोन को फॉर्मेट कर दिया। दिल्ली पुलिस उस डेटा को वापस पाने के लिये उन्हें मुंबई के उपनगर कलिना में फोरेंसिक लैब ले गये। इससे पहले, पुलिस ने दिल्ली की एक स्थानीय अदालत तीस हजारी को बताया कि बिभव ने मुंबई में कथित तौर पर अपना फोन फॉर्मेट किया था। इसलिये, साक्ष्य जुटाने के लिये उसे मुंबई ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह भी पता लगाना है कि फोन से डिलीट किया गया डेटा सबूत मिटाने के लिये किया गया या किसी अन्य वजह से नष्ट किया गया था। दिल्ली पुलिस ने बिभव कुमार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। बिभव को 18 मई को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था।

# तेलंगाना के किसानों को फिर धोखा दे रही है कांग्रेस : किशन रेड्डी

एजेंसी ‹ हैदराबाद
www.dailypioneer.com

केंद्रीय मंत्री एवं तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष किशन रेड्डी ने कांग्रेस पार्टी पर एक बार फिर तेलंगाना के किसानों को धोखा देने का आरोप लगाया। रेड्डी ने नामपल्ली में राज्य पार्टी कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए चुनाव पूर्व वादों को पूरा करने में विफल रहने के लिए कांग्रेस की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले वादा किया था कि वह सत्ता में आने के 100 दिनों के भीतर दो लाख रुपये की माफी के साथ किसानों का ऋण माफ करेगी, लेकिन उसने अभी तक इस वादे को पूरा नहीं किया और किसानों को फिर से धोखा देने का काम किया है। रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों और पट्टेदार किसानों को रायथु भरोसा योजना के अंतर्गत 15,000 रुपये देने के साथ-साथ धान की फसलों के लिए 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने का भी वादा किया था। कांग्रेस ने हालांकि इन वादों को भी पूरा नहीं किया और न ही कांग्रेस सरकार का इसे लागू करने का कोई इरादा है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस ने पिछली लोकसभा चुनावों के दौरान कई बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन चुनाव पूरा होने के बाद उन सभी वादों को भूल गयी। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर लोगों को बहकाने के लिए धर्म का सहारा लेना का भी आरोप लगाया और कर्ज माफी के वादे को लागू करने में हो रही देरी और अब इसे अगस्त 2024 तक के लिए टालने पर कांग्रेस की जमकर आलोचना की। रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिन पर किसानों को दो लाख रुपये की कर्ज माफी देने का आश्वासन दिया था, लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बैंकों से कर्ज लेने वाले किसानों के खिलाफ अभियान चलाया। उन्होंने धान की खेती के लिए कांग्रेस की 500 रुपए के बोनस की घोषणा का भी उल्लेख किया और कहा कि यह पतले धान बाली तक ही सीमित है जिसकी खेती राज्य में बहुत कम होती है।

## कलराज मिश्र ने बुद्ध पूर्णिमा पर दी बधाई, शुभकामनायें

**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुद्ध पूर्णिमा की बधाई और शुभकामनायें दी हैं। मिश्र ने कहा कि बुद्ध का अर्थ ही है जागृत। उन्होंने भगवान बुद्ध का स्मरण करते हुये उनके ज्ञान, नैतिक चरित्र और एकाग्रता के विकास की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध प्राणिमात्र के कल्याण और करुणा से जुड़े हैं। बुद्ध पूर्णिमा उनके मार्ग पर चलते हुये हमें राष्ट्र और समाजोत्थान के लिये कार्य करने का संदेश देती है।

## गुरुवार शाम छह बजे से शराब खरीदी-बिक्री पर पाबंदी

**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा के जिलाधीश आर.के. सिंह ने कहा कि 23 मई को शाम छह बजे से चुनाव संपन्न होने तक जिला में शराब व अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार जिला सिरसा में 23 मई शाम छह बजे से धारा 144 लागू हो जाएगी, जो कि 25 मई को मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने तक लागू रहेगी। जिलाधीश ने कहा कि आरपी एक्ट 1951 के सेक्शन 135 सी के तहत मतदान संपन्न होने से 48 घंटे पहले तक जिला सिरसा के क्षेत्र में किसी भी होटल, भोजनालय, शराबखाने, दुकान या किसी अन्य सार्वजनिक या निजी स्थान पर मादक व नशीले पदार्थों की बिक्री, परोसने व पीने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त इन आदेशों की दृढ़ता से अनुपालना सुनिश्चित करेंगे। इन आदेशों के उल्लंघनकर्ता भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के अनुसार दंड के भागीदार होंगे।

## राठौड़ पंजाब के लोकसभा चुनाव में पर्यवेक्षक नियुक्त

**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस के प्रदेश सचिव आजाद सिंह राठौड़ को पंजाब की फतेहगढ़ साहिब लोकसभा के समराला विधानसभा के पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गयी है। राठौड़ ने विज्ञप्ति जारी करके बताया कि कांग्रेस के पंजाब प्रभारी देवेंद्र यादव ने नियुक्ति पत्र के माध्यम से उन्हें यह जानकारी दी है। वह जल्द ही समराला विधानसभा पहुंचकर कांग्रेस के प्रत्याशी, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और युवाओं के साथ बैठक करके चुनावी रणनीति तय करेंगे।




# उत्तर-पश्चिम भारत में 26 मई तक भीषण गर्मी जारी रहने के आसार : मौसम विभाग

एजेंसी ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उत्तर-पश्चिम भारत, उत्तरी मध्य प्रदेश और गुजरात के मैदानी इलाकों में अगले पांच दिनों तक लू चलने से लेकर भीषण गर्मी जारी रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने जानकारी दी। मौसम विभाग के एक बुलेटिन में कहा गया, पश्चिमी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 22 से 26 मई तक गंभीर लू की स्थिति रहेगी और उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश और दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में 24 से 26 मई तक लू चलेगी। जम्मू संभाग, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश में 26 मई तक, पश्चिम मध्य प्रदेश, दिल्ली में 22 और 23 मई को, 23 से 26 मई के दौरान विदर्भ , 24 से 26 मई के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश और 22-25 मई के दौरान उत्तरी मध्य महाराष्ट्र में लू चलने का अनुमान है। दक्षिण- पश्चिम मानसून के दक्षिण अरब सागर के कुछ हिस्सों, मालदीव के कुछ और हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र, बंगाल की दक्षिण खाड़ी, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और अंडमान सागर में आगे बढ़ने का अनुमान है। इसके प्रभाव के तहत 25 मई तक कर्नाटक, लक्षद्वीप, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल और केरल में छिटपुट भारी वर्षा होने का अनुमान है। आज केरल में अत्यधिक भारी वर्षा होने के आसार हैं। अगले सात दिनों के दौरान अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने इसी अवधि के दौरान कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, विदर्भ, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में गरज के साथ बिजली चमकने और 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली तेज़ हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है।

# मतदान केंद्र की 200 मीटर की परिधि में नहीं स्थापित कर सकेंगे बूथ

एजेंसी ‹ सिरसा
www.dailypioneer.com



हरियाणा के सिरसा के जिलाधीश आर के सिंह ने मतदान के दिन 25 मई को प्रतिबंधित क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी तरह का चुनाव प्रचार रोकने के लिए अपराध प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा के आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश की ओर से जारी किए गए आदेशों में कहा गया है कि कोई भी राजनीतिक दल अथवा उम्मीदवार मतदान केंद्र की 200 मीटर की परिधि में अपना बूथ स्थापित नहीं कर सकेगा।

अगर किसी परिसर में एक से अधिक मतदान केंद्र है, तो भी 200 मीटर की परिधि में बाहर केवल एक ही बूथ स्थापित किया जा सकता है। ऐसे बूथ में केवल एक टेबल, दो चेयर व छतरी की अनुमति होगी। लेकिन टेंट व कैनात आदि लगाने की अनुमति नहीं होगी। जारी किए गए आदेशों में जिलाधीश ने कहा है कि जो उम्मीदवार इस प्रकार का बूथ स्थापित करना चाहता है तो उसे आरओ या संबंधित एआरओ से लिखित में पूर्व अनुमति लेनी होगी। इसके साथ ही आदेशों में यह भी कहा गया है कि इस प्रकार के बूथों का प्रयोग केवल अनौपचारिक पहचान स्लिप वितरित करने के लिए किया जा सकेगा और यह अनौपचारिक पहचान स्लिप भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार ही छपवाई जा सकती है। ऐसे बूथों पर केवल एक ही बैनर (साइज 3और 1.5 फिट) लगाने की अनुमति होगी, जिस पर उम्मीदवार का नाम पार्टी व चुनाव चिन्ह हो सकता है। ऐसे बूथ पर भीड़ को एकत्रित होने की अनुमति नहीं होगी, जो व्यक्ति मतदान कर चुका है वह भी ऐसे बूथ पर नहीं ठहर सकता। ऐसे लोगों की पहचान मतदान के बाद उंगली पर लगी स्याही से की जाएगी।

बूथों पर तैनात कोई भी व्यक्ति मतदान केंद्रों पर जाने वाले मतदाताओं के रास्ते में कोई बाधा उत्पन्न नहीं करेंगे अथवा उन्हें दूसरे उम्मीदवारों के बूथ तक जाने से नहीं रोकेंगे अथवा मतदाताओं को अपनी मर्जी के अनुसार मतदान करने में भी कोई अवरोध नहीं डालेंगे। उन्होंने कहा कि जिन व्यक्तियों को राजनीतिक दलों/उम्मीदवारों द्वारा ऐसे बूथों के लिए नामित किया गया है, वे उसी मतदान केंद्र क्षेत्र में मतदाता होंगे। उसके पास एक ईपीआईसी भी होगा और जब भी कोई पर्यवेक्षक/सेक्टर मजिस्ट्रेट/अन्य चुनाव प्राधिकारी व्यक्ति से उसकी पहचान उजागर करने के लिए कहेगा, तो उसे निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाना होगा।

## राष्ट्र और महिला विरोधी है आम आदमी पार्टी : प्रमोद सावंत

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने दिल्ली में चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि देश भर में ऐसे पांच करोड़ मकान झुग्गी झोपड़ियों के स्थान पर बन रहे है। सावंत ने अशोक विहार में 'झुग्गी वहीं मकान योजना' के तहत बने 1700 मकानों के सामने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जहाँ झुग्गी वहां मकान योजना साकार हो रही है। उन्होंने कहा कि ये मोदी की गारंटी का सबसे बड़ा प्रमाण है कि आज देश भर में ऐसे पांच करोड़ मकान झुग्गी झोपड़ियो के स्थान पर बन रहे है। देश का हर व्यक्ति देश के साथ साथ तरक्की कर रहा है और दिल्ली में विकास की गति दोगुनी हो गई है।



# जनहित के फैसलों से जनता कर रही है भजनलाल को ट्विटर पर ट्रेंड

एजेंसी ‹ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में जनहित के फैसलों से आमजन में लोकप्रिय होते जा रहे हैं और इस कारण जनता उनको ट्विटर पर ट्रेंड कर रही है। शर्मा को ट्विटर हैंडल पर युवाओं, महिलाओं, किसानों का अपार समर्थन मिलने लगा है और वह इन दिनों आमजन में लोकप्रिय हो रहे है। सरकार गठन के चंद महीनों के अंतराल में ही मुख्यमंत्री ने अभूतपूर्व निर्णय किए हैं। राजस्थान पूर्वी नहर परियोजना (ईआरसीपी) और यमुना जल समझौते की ऐतिहासिक सौगात मिलने पर जनता ने ट्विटर पर शर्मा का आभार जताया हैं। इसी तरह एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स के गठन से जंगलराज हुआ समाप्त, राजस्थान के 174 थानों में महिला डेस्क की स्थापना, पेपर लीक के खिलाफ एसआईटी के गठन, मुख्यमंत्री ने पैट्रोल-डीजल पर दो प्रतिशत वैट कम कर तथा कीमतों में विसंगति को दूर कर आमजन को दी बड़ी राहत, पुलिस थानों में महिला डेस्क और एंटी रोमियो स्क्वाड का गठन महिला सुरक्षा के लिए सराहनीय पहल, 17 शहरों में 15 हजार 566 घरों को पेयजल कनेक्शन से हर घर नल से जल का संकल्प हो रहा साकार एवं भ्रष्टाचार पर सीबीआई सीधे करेगी कार्रवाई। अनुमति की बाध्यता की समाप्त पर जन-जन-के-भजनलाल हुआ ट्रेंड। इसके अलावा 450 रुपये में रसोई गैंस सिलेण्डर से महिलाओं को मिला संबल। महिलाओं ने ट्विटर के जरिये जताई खुशी। स्वधन पशुधन-समृद्ध राजस्थान की संकल्पना को किया साकार, गो-वंश के भरण-पोषण के लिए दी आर्थिक सहायता, अयोध्या में प्रभु श्री राम के सुलभ एवं सहज दर्शन के लिए चार ट्रेनों के संचालन पर वरिष्ठ नागरिकों ने दिया।

## सीहोर पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के पांच सदस्यों को किया गिरफ्तार

**सीहोर।** मध्यप्रदेश की सीहोर पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर उनसे 60 लाख रुपए से अधिक का माल बरामद कर न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी आरोपियों को जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी के अनुसार पकड़े गए आरोपियों से एक डंपर, दो कार, मोबाइल फोन, वाईफाई कैमरा, डोंगल सहित करीब 60 लाख रुपए का चोरी का माल बरामद किया गया है। आरोपियों की पहचान जैद मेव, जैकम मेव, साकून मेव, शाहिद और रहीश के रूप में हुयी है। इनमें चार आरोपी हरियाणा के तथा एक आरोपी देवास का निवासी बताया गया है। सभी को आज न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# बीजद विधायक ज्योति प्रकाश पाणिग्रही का इस्तीफा

वार्ता ‹ भुवनेश्वर
www.dailypioneer.com



ओडिशा में सत्तारुढ़ बीजू जनता दल विधायक एवं पूर्व मंत्री ज्योति प्रकाश पाणिग्रही ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। सिमुलिया के दो बार विधायक रहे पाणिग्रही ने बीजद सुप्रीमो एवं मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को लिखे पत्र में कहा कि वह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अपना इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने अपने वीडियो संदेश में एक दशक तक सिमुलिया के लोगों की सेवा करने का अवसर देने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि वह भविष्य में भी अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए काम करना जारी रखेंगे। नवीन पटनायक सरकार में 2019 से 2022 तक ओडिया भाषा साहित्य, संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री का पद संभालने वाले पाणिग्रही को 2024 में विधानसभा चुनाव के लिए टिकट से वंचित कर दिया गया और उनकी जगह सुभासिनी साहू को उम्मीदवार गया है। सत्तारुढ़ बीजद ने इस बार 36 मौजूदा विधायकों का टिकट काटने के साथ ही चार मौजूदा विधायकों को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण निष्कासित कर दिया था। बीजद के कम से कम नौ मौजूदा विधायक जिन्हें पार्टी से टिकट नहीं मिला था, उन्होंने पार्टी छोड़ दी और भाजपा में शामिल हो गये। पार्टी से इस्तीफा देने वाले चार विधायकों को 27 मई को ओडिशा विधानसभा अध्यक्ष प्रमिला मलिक के सामने पेश होकर जवाब देने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि क्यों नहीं उन्हें विधानसभा सदस्यता से अयोग्य ठहराया जाय। इनमें निमापारा विधायक समीर रंजन दाश, हिंडोल विधायक सिमरानी नायक, अथमल्लिक विधायक रमेश साई और सोरो विधायक परशुराम ढाडा शामिल हैं। ये विधायक पहले ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं, और समीर रंजन दाश को छोड़कर उनमें से तीन, भाजपा उम्मीदवार के रूप में 2024 का चुनाव भी लड़ रहे हैं।

# स्टील प्लांट में लंबी रेल पात बनते देख बच्चे हुए रोमांचित

## सरकारी स्कूलों के 100 से अधिक बच्चों ने देखा स्टील पावर प्लांट

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




रायगढ़ के स्कूली बच्चे समर कैंप के दौरान आयोजित किए गए शैक्षणिक भ्रमण में स्टील प्लांट और पावर प्लांट देखकर हुए रोमांचित। जिला प्रशासन रायगढ़ की पहल पर शासकीय स्कूल के बच्चों को स्टील प्लांट का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान स्कूली बच्चों को स्टील उत्पादन से जुड़ी पहलुओं की बारीकी से जानकारी दी गई तथा स्टील प्लांट का अवलोकन कराया गया। इन बच्चों ने पावर प्लांट का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर स्टील पावर प्लांट के तकनीकी विशेषज्ञों के द्वारा बच्चों को रॉ मैटेरियल उत्पादन, रॉ मैटेरियल्स एरिया, ओर से आयरन बनाने की प्रोसेस, ऑक्सिजन प्लांट, लम्बी रेल पात बनाने की विधि, लोहे से प्लेट बनाने, लोहे और कोयले की मिक्सिंग, कीलन, कोल वासरी आदि को प्रत्यक्ष दिखाया और इसके बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। गौरतलब है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सरकारी स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। रायगढ़ जिला कलेक्टर कार्तिकेय गोयल के निर्देश एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में 09 दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। रायगढ़ जिले में कलेक्टर के विशेष पहल पर विशेष समर कैंप कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय शैक्षिक भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में रायगढ़ शहरी क्षेत्र में शासकीय हाई स्कूल चांदमारी, स्वामी आत्मानंद चक्रधर नगर, हाई स्कूल राजीव गांधी नगर, हायर सेकंडरी स्कूल जूट मिल, शासकीय नटवर, हायर सेकंडरी कन्या शाला स्कूल के लगभग 100 से अधिक बच्चों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों ने स्टील एवं पावर प्लांट का भ्रमण कर विभिन्न प्रकार की मशीनों प्रक्रिया उत्पादन आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# हॉस्टल में मेडिकल छात्र का शव मिलने से मचा हड़कंप

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी स्थित एम्स के हॉस्टल में मेडिकल छात्र का शव मिलने से हड़कंप मच गया। छात्र के कमरे से बड़ी मात्रा में दवाई और इंजेक्शन भी बरामद हुआ है। मृतक छात्र का नाम रंजीत भोयार (25 वर्ष) है और वह भुवनेश्वर, ओडिशा का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि छात्र पीजी इंटर्नशिप में फेल हो गया था, जिसकी वजह से वो काफी दिनों से डिप्रेशन में था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रंजीत ने ओवरडोज इंजेक्शन लिया था। फिलहाल आमानाका पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, घटना 21 मई की है। सुबह नौ बजे के आसपास हॉस्टल का एक छात्र बगल के कमरे में सो रहे रंजीत भुजान को उठाने उसके कमरे में पहुंचा। इस दौरान दरवाजा खुला हुआ था, जिसके बाद छात्र ने अंदर झांककर देखा तो रंजीत रूम में बेसुध पड़ा हुआ था। छात्र ने रंजीत को आवाज लगाई गई। लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जिसके बाद रंजीत के कमरे में हॉस्टल के अन्य छात्र भी पहुंचे। इधर जैसे ही एम्स प्रबंधन को इसकी जानकारी मिली तो वो भी मौके पर पहुंचे। रंजीत का चेकअप किया गया, जिसमें पता चला कि उसकी मौत कुछ घंटे पहले ही हो गई थी। रंजीत के बदन पर कपड़े नहीं थे, जिसके बाद छात्रों ने इसकी सूचना हॉस्टल वार्डन को दी। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी जानकारी आमानाका पुलिस को दी। मृतक के कमरे से पुलिस ने दवाई और इंजेक्शन बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि 25 वर्षीय रंजीत मेडिकल की पढ़ाई में पीजी कर रहा था और पीजी हॉस्टल में रह रहा था। रात में खाना खाकर वह अपने कमरे में सोने चला गया था। सुबह हॉस्टल के एक अन्य छात्र ने देखा तो वो मृत अवस्था में अपने कमरे में पड़ा था।

# नवीनीकरण से वंचित हुए 14 लाख से अधिक राशन कार्डधारी

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




राज्य में 14 लाख से अधिक राशन कार्डों नवीनीकरण आचार संहिता की वजह से रोक दिया गया है। इस वक्त पीडीएस के अंतर्गत हैं 77 लाख राशनकार्ड हैं। इसके साथ ही 62.69 लाख कार्डधारियों ने नवीनीकरण कराया है। वहीं अब तक 45 लाख नए राशन कार्ड बांटे गए हैं। आचार संहिता खत्म होने के बाद बचे कार्ड बांटे जाने वाले हैं। राशन कार्ड नवीनीकरण को लेकर राज्य सरकार ने छूटे हुए हितग्राहियों को मोहलत देते हुए इसकी तारीख 15 मार्च तक बढ़ा दी थी। अब तक प्रदेश में 15 प्रतिशत और जिले के करीब 25 प्रतिशत राशनकार्ड धारकों का नवीनीकरण नहीं हो पाया था। कार्डधारकों को चिंता सताने लगी थी कि उन्हें नया कार्ड और राशन मिल पाएगा या नहीं, लेकिन अब उन्हें थोड़ी राहत मिल गई थी। राशनकार्ड नवीनीकरण कराने के लिए कार्डधारकों को ऑनलाइन पोर्टल पर दो ऑप्शन दिए गए थे। पहला, राशनकार्ड में पंजीकृत मोबाइल नंबर और दूसरा कार्ड में चस्पा बारकोड स्कैनर। इन दोनों में से किसी भी तरीके से कार्डधारक अपने कार्ड के नवीनीकरण के लिए आवेदन कर सकता है, लेकिन कई कार्डधारकों के राशनकार्ड में चस्पा बारकोड स्कैनर पुराना हो गया है, जिसके कारण बारकोड काम नहीं कर रहा है, वहीं कई कार्डधारकों का पंजीकृत नंबर गलत बता रहा है। इन कारणों से लोग राशन दुकान से लेकर खाद्य विभाग कार्यालयों तक के भी चक्कर लगा रहे थे।

# दुर्घटना के पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है सरकार : डॉ. रमन सिंह

■ बाहपानी सड़क हादसे पर विस अध्यक्ष ने विधायक बोहरा और कलेक्टर से की बात

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



कवर्धा जिले में पिक-अप गाड़ी के हादसे से प्रदेश में शोक का वातावरण रहा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह समेत छत्तीसगढ़ सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस हादसे पर संवेदनाएं प्रकट की थी। कुकदूर थाना क्षेत्र, पंडरिया विधानसभा में हुए इस भीषण हादसे को गंभीरता से लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने क्षेत्रीय पंडरिया विधायक भावना बोहरा से फोन पर बात की, इसके साथ ही परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार की स्थिति की जानकारी भी प्राप्त की। डॉ रमन सिंह ने इस पूरे मामले पर जिले के कलेक्टर जन्मेजय महोबे से बात कर इस घटना की विस्तृत जानकारी ली और भविष्य में ऐसे हादसों को किस प्रकार रोका जा सके इस विषय पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ दिवंगतों के परिजनों और घायलों के साथ है, इस दुर्घटना से प्रभावित सभी लोगों को हर संभव सहायता की जाएगी। कबीरधाम जिले में सड़क हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को प्रदेश सरकार ने 5-5 लाख रुपए की सहायता राशि देने का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही सभी घायलों को 50 हजार रुपए देने की बात भी कही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने इस दुर्घटना से प्रभावित हर परिवार को करते हुए कहा है कि क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा, जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार समेत पूरी व्यवस्था इस हादसे पर गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ हादसे के पीड़ितों के साथ है और इस दुर्घटना से प्रभावित एक-एक व्यक्ति तक हर संभव सहायता सुनिश्चित की जाएगी।

# खड़कघाट में निःशुल्क पिकनिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन





पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा संचालित निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों के लिए खड़कघाट में निःशुल्क पिकनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य विदित हो कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा 11 फरवरी 24 से निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण का छटवा चरण प्रारंभ किया गया था और तब से प्रशिक्षणार्थी भागदौड़ और काम या पढ़ाई के बढ़ते बोझ की वजह से मानसिक रूप से काफी परेशान हो गए थे इसलिये पूर्व सैनिकों द्वारा पिकनिक का आयोजन किया गया ताकि वे सुकून के पल बिता सकें और अपने माइंड को रिलैक्स कर एक नयी ऊर्जा और उत्साह के साथ पुनः प्रशिक्षण में कडी मेहनत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें द्य पिकनिक में प्रशिक्षणार्थियों के साथ-साथ पूर्व सैनिक, सेवारत सैनिक और उनके परिवार भी शामिल हुए और सभी ने मिलकर म्युजिकल चैयर रेस, अंताक्षरी, एकल नृत्य, सामुहिक नृत्य, एकल गान और सामुहिक गान में भाग लिया। इसके बाद सभी को भोजन कराकर पिकनिक का समापन किया गया द्य इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के सरंक्षक और बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, फरसगाँव ब्लॉक अध्यक्ष बप्पा नंदी, केशकाल ब्लॉक अध्यक्ष सुबेदार आसमन मंडावी, पूर्व सैनिक बी.डी. एन. सिंह, पूर्व सैनिक बाबुलाल देवांगन, पूर्व सैनिक लच्छू राम, पूर्व सैनिक मनोज शोरी, पूर्व सैनिक एल एन सोनकर, पूर्व सैनिक ढालेश साहू, पूर्व सैनिक चन्द्रहास वर्मा, पूर्व सैनिक राकेश कुमार, मातृशक्ति अध्यक्षा कुमारी बबीता दत्ता, मातृशक्ति सचिव सपना नंदी, मातृशक्ति सह सचिव ममता साहा, पूर्व सैनिकों और सेवारत सैनिकों का परिवार, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ कोंडागाँव दीपक ठाकुर, गण्यमान्य नागरिक विकल माने और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे कुल 400 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# गजराज कैम्प में आयोजित शिव महापुराण का हुआ समापन



पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरन्दुल के गजराज कैंप में विश्व कल्याण की कामना को लेकर संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। शिव महापुराण कथा के अंतिम दिवस मंगलवार रात्रि को डोंडीलोहारा बालोद से पधारे प्रवचनकर्त्ता ज्योतिषी रूखमणी नंदन पंडित पूरन प्रसाद शर्मा द्वारा मंधार की कथा, शमी पत्र की कथा सुनाई गई। इसके साथ ही बेल पत्र वर्षा, मांगलिक दोष निवारण, राहु शांति, कालसर्प दोष निवारण, हवन यज्ञ एवं पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन हुआ। जिसमें सैकडों श्रद्धालु सम्मिलित हुए। आयोजन कमेटी के सदस्यों ने बताया बुधवार दोपहर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया हैं।

# एएम, एनएस इंडिया द्वारा पाइप लाइन गांवों में प्राथमिक विद्यालयों को दिया गया फर्नीचर

पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com




एएम/एनएस इंडिया द्वारा परिया (मनकापाल जीपी) और मारोकी (मारोकी जीपी) में प्राथमिक विद्यालयों को स्कूल फर्निचर (डेस्क और बेंच) प्रदान किया गया।यह फर्नीचर मनकापाल एवं मरोकी दोनों ग्राम पंचायतों के बुजुर्गों और कई अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में स्कूल समिति को सौंप दिया गया।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर मारोकी एवं मनकापाल के ग्रामवासियों ने छात्रों के समर्थन के लिए एएम/एनएस इंडिया टीम का गहरा आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया। ग्रामीणों ने आगे कहा कि इन बुनियादी सुविधाओं से न केवल छात्रों के लिए पढ़ाई का माहौल बेहतर होगा, बल्कि शिक्षकों के लिए भी पढ़ाना आसान और सुविधाजनक हो पायेगा। एएम/ एनएस इंडिया के प्रोजेक्ट 'पढ़ेगा भारत' के अंतर्गत सप्ताह भर में पाइपलाइन गांवों के अन्य स्कूलों को कुल 104 डेस्क और बेंच उपलब्ध कराई जाएगी। एएम/ एनएस इंडिया कंपनी द्वारा लगातार ग्रामीण समुदायों एवं स्थानीय आदिवासी गांवों के विकास के लिए उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं। जिससे इन सभी क्षेत्रों में बुनियादी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, स्वच्छता की स्थिति, खेलों में भागीदारी और रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो सके। एएम/एनएस इंडिया के 'पढ़ेगा भारत' परियोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षा में सुधार, समग्र विकास एवं छात्रों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करना है, जिससे वे उन्नति की ओर अग्रसर हो सकें साथ ही एक शिक्षित एवं जागरूक समाज का निर्माण कर सके।

# मॉर्निंग वाक पर निकले दंपति को ट्रैक्टर ने कुचला, दोनों की मौत

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com

मार्निंग वाक पर निकले पति-पत्नी की सड़क हादसे में मौत हो गई। नंदिनी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रोजाना की तरह बुधवार की सुबह पति-पत्नी अपने नाती के साथ मार्निंग वाक पर निकले थे। इस दौरान अहिवारा बाइपास पर ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जिससे घटनास्थल पर प्रीति साहू (48) ने दम तोड़ दिया वहीं अहिवारा शासकीय अस्पताल में आशा स्टूडियो के संचालक आसाराम साहू (55) की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। नंदिनी थाना प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि सुबह 6 बजे के करीब नंदिनी बाईपास पर आशा स्टूडियो के संचालक आसाराम साहू अपनी पत्नी प्रीति साहू और नाती के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसी दौरान खाद से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली का सड़क से गुजरने के दौरान ट्रैक्टर एवं ट्राली को जोडऩे वाला ज्वाइंटर निकल गया जिससे ट्रैक्टर चालक से ट्रैक्टर असंतुलित हुआ और सड़क किनारे चल रहे दंपत्ति को कुचलता आगे बढ़ गया। इस दौरान महिला ने गोद में पकड़े अपने नाती को दूर फेंक दिया जिससे वह ट्रैक्टर की चपेट में आने से बच गया परंतु दम्पत्ति को गंभीर स्थिति में अहिवारा शासकीय अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया जबकि आसाराम साहू ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। नंदिनी पुलिस ने मामला कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# किरंदुल ठेकेदार संघ की द्विवार्षिक चुनाव हुआ सम्पन्न



■ अतुल सिंह बने अध्यक्ष तो हरिशंकर बने सचिव

पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के सिविल विभाग में निविदा कार्य लेकर संपादन करने वाली 92 सदस्यों की ठेकेदारों की संस्था किरंदुल कॉन्ट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव 22 मई को निर्धारित हुआ। जो बुधवार सुबह 08 बजे से ठेकेदार संघ के भवन में मतदान ठेकदारो क़े द्वारा किया गया। जहाँ अध्यक्ष पद पर अतुल सिंह ने अपने प्रतिद्वान्दी विपुल राय को हराकर अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की तो वही सचिव पद पर हरिशंकर मुखर्जी ने अपने प्रतिद्वान्दी बबलू सिद्दीकी को हराकर सचिव की कुर्सी अपने नाम किया। इस चुनाव मे उपाध्यक्ष की पद पर मंगल कुंजाम और नविन राय ने जीत हासिल किया और सहसचिव पद पर कृष्ण जीवन शुक्ला और ज़ी अमन ने जीत दर्ज किया तो कोषाध्यक्ष की पद पर बाबू राव और कार्यालय सचिव के पद पर सुजीत पिल्लई ने जीत हासिल किया।

## मतगणना कार्य के लिए नियुक्त गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायकों का प्रशिक्षण आज

**बेमेतरा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा,बेमेतरा और नवागढ़ में इसी माह 7 मई को हुए मतदान की मतगणना आगामी 4 जून को होगी। मतगणना कार्य विधानसभा क्षेत्रवार कृषि उपज मंडी बेमेतरा के निर्धारित मतगणना कक्ष में प्रातः 08.00 बजे से किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने मतगणना कार्य हेतु नियुक्त गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायकों की ड्यूटी लगाई है। इन सभी का प्रथम प्रशिक्षण 23 मई (गुरुवार) को दो पाली में होगा। पहली पाली का प्रशिक्षण 11 बजे पूर्वाह्न और दूसरी पाली प्रशिक्षण दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में होगा। पहली पाली में मतगणना दल क्रमांक 01 से 32 तक शामिल होंगे। वही दूसरी पाली में क्रमांक 33 से 64 तक के मतगणना दल प्रशिक्षण लेंगे।

AU SMALL FINANCE BANK चलो आगे बढ़ें

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV-A नियम 8 ( 6 ) के लिए देखें
अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तं व सपठित नियम 8 ( 6 ) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई–नीलामी विक्रय सूचना आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को "जैसे है जहाँ है" एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई–नीलामी द्वारा निम्न तालिका मेंदर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का व्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।
यह सूचित किया जाता है कि ई–नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| ऋण खाता संख्या/ऋणी/सह–ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता का नाम | 13 ( 2 ) नोटिस की दिनांक व राशि | कब्जा दिनाक | सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि एवं समय | ई–निविदा जमा कराने की तिथि | ई-निविदा खोलने, जमा कराने का स्थान | सम्पर्क सूत्र व संपत्ति विजिट दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060117795190 मनोज कुमार चन्द्रा पुत्र गोरे लाल चन्द्रा ( ऋणी एवं बंधककर्ता ), गोरे लाल चन्द्रा पुत्र जगत राम चन्द्रा ( सहऋणी ), राज कुमार चन्द्रा पुत्र गोरे लाल चन्द्रा ( सहऋणी एवं बंधककर्ता ) | 19-दिसम्बर-19 16,63,376/- सोलह लाख तिरेसठ हजार तीन सौ छिहत्तर रूपये मात्र 18-दिसम्बर -19 तक | 27-मार्च -24 | संपत्ति स्थित सर्वे नं. खसरा नं. 913/2, 915/1 916/1 पीएच नं. 14 आरएनएम जईजईपुर, ग्राम सालनी, तहसील जईजईपुर, जिला जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 360 वर्ग मीटर | Rs. 19, 60,000/- उन्नीस लाख साठ हजार रूपये मात्र | Rs. 1,96,000/- एक लाख छियानवे हजार रूपये मात्र | 03-जुलाई-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 01-जुलाई 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालय: टीपी नगर, कोरबा, ट्रांसपोर्ट नगर, छत्तीसगढ, इन्दिरा व्यावसायिक एवं रिहायशी कॉम्पलेक्स प्लॉट नं. 82, टीपी नगर कोरबा, छत्तीसगढ 495677 | गोपाल दास बैरागी/ दिपक जैन 7610210556 9773358234 ई.मेल: auctions@aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 28 जून 2024 |

ई–निलामी बिक्री के नियम और शर्तेः
1. बंधक परिसंपत्ति की ई–नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा "जैसा है, जहां है," जैसा है वैसा, "जो कुछ भी है और" नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्तसम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है।
2.ऑनलाइन ई–निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईमएडी के साथ, जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड MSME AUCTION POOL ACCOUNT के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599 AU SMALL FINANCE BANK LIMITED पांचवी एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नं. 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020 IFSC कोड : AUBL0002011 में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लियाजा सकता है।आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी auctions@aubank.in पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नंबर भेजने की आवश्यकता होगी। 3. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई–निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाईट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in@bank.auction अवश्य देखें।और अधिक जानकारी के लिए श्री भानूप्रताप सिंहसे संपर्क करें: 9358002663 औरई–मेल auctions@aubank.in
नोटः–यह सूचना पत्रऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन 30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा। यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर विक्रय की जाएगी।

दिनांक: 22.05.2024 स्थान: छत्तीसगढ प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# वन अधिकार पटटे का डिजिटाइजेशन शीघ्र पूर्ण करें : नरेन्द्र कुमार दुग्गा

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



आदिम जाति विभाग के सचिव सह आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने कहा कि वन अधिकार पत्र वितरण केन्द्र एवं राज्य सरकार की एक अति महत्वाकांक्षी योजना है जिसका मुख्य उददेश्य वर्षों से वन भूमि के माध्यम से अपना जीविकोपार्जन कर रहे हितग्राहियों को उस जमीन पर कानूनी हक प्रदान कर जीवन में स्थायित्व पैदा करना है। दुग्गा वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जिलों में पदस्थ परियोजना प्रशासक एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने अब तक स्वीकृत हुए सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्रों की पोर्टल में शीघ्र प्रविष्टि करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन वन अधिकार पत्र धारकों की फौत हो चुकी है, उनके वारिसानों की जानकारी एकत्र कर संबंधित अभिलेखों में सुधारने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर ली जाए, ताकि उन्हें भविष्य में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना आए। साथ ही वन अधिकार पत्र धारकों को किसान सम्मान निधि प्रदाय किए जाने की स्थिति की समीक्षा की गई। आपने नियद नेल्लानार योजना योजनांतर्गत आने वाले कैम्पों में शामिल ग्रामों में बच्चों हेतु छात्रावास एवं आश्रमों की मैपिंग की स्थिति की भी समाक्षा की। साथ ही इस योजना के अंतर्गत आने वाले आवेदकों का सर्वे/चिन्हांकन कार्य शीघ्र पूरा कर लिए जाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा पीव्हीटीजी के संर्वांगीण विकास हेतु प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत आदर्श ग्रामों के चिन्हांकन की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। जिले में पदस्थ सहायक आयुक्त/परियोजना प्रशासक एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को पीएम जनमन योजना के लक्ष्यों को प्राप्त करने में आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए एवं साथ ही अन्य सभी नोडल विभागों से भी आवश्यक सहयोग लेने के निर्देश दिए गए। आपने कहा कि प्रत्येक पीवीटीजी बसाहट के पास ही शिविर लगाकर हितग्राहियों का आधार कॉर्ड, राशन कॉर्ड, जनधन खाता, आयुष्मान कॉर्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसके साथ ही सभी हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र शीघ्र उपलब्ध कराए जाने के निर्देश भी दिए गए। सचिव दुग्गा ने जिलेवार लोक आयोग के लंबित प्रकरणों एवं अन्य न्यायालयीन प्रकरणों के लंबित रहने के संबंध में नाराजगी जाहिर की एवं इन प्रकरणों हेतु शीघ्र ओआईसी नियुक्त कर कार्यवाही पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए।

# आयुक्त ने सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

आयुक्त अबिनाष मिश्रा द्वारा नगर निगम रायपुर क्षेत्र के वर्षा पूर्व नालों, नालियों की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण आज अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता स्वास्थ्य अधिकारी डा.तृप्ति पाणिग्रही की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान आयुक्त ने नगर निगम जोन 6 के चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 60 के तहत तरूण बाजार नाले की सफाई की लचर स्थिति को देखकर इसे लेकर गहन नाराजगी व्यक्त की। यहां ठेका सफाई कर्मचारियों की निर्धारित 35 की संख्या के स्थान पर 17 सफाई ठेका कर्मी उपस्थित मिले। यहां उल्लेखनीय है कि विगत 21 मई को भी वहां निर्धारित 35 के स्थान पर मात्र 22 ठेका सफाई कर्मचारी कार्य पर उपस्थित मिले थे। निरंतर लापरवाही सफाई व्यवस्था को लेकर किये जाने की षिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने जोन 6 जोन कमिश्नर को तत्काल वार्ड 60 के अनुबंधित सफाई ठेकेदार ओमप्रकाश धनगर का ठेका निरस्त करने की कार्यवाही करने के आदेश दिये है। आयुक्त ने नालो के नालो के बीच एवं नालो के किनारे स्थित ठेलो एवं अवैध दुकानों को हटाने के लिये नगर निवेष विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अमले को सप्ताह में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को अभियान चलाने एवं नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के नेतृत्व में गंदगी फैलाने वालो पर लगातार जुर्माना किये जाने की कार्यवाही सफाई व्यवस्था का सुदृढ संचालन करने की दृष्टि से किये जाने निर्देश दिये है। आयुक्त ने लचर सफाई व्यवस्था को लेकर स्वच्छता निरीक्षक अजय शर्मा एवं सफाई सुपरवाईजर दिनेश नायक को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने नगर निगम जोन 10 के तहत केनाल लिंकिंग रोड नाले में तत्काल सफाई करवाने के निर्देश दिये है। आयुक्त के आदेशानुसार अपर आयुक्त द्वारा डस्टबीन न रखने वाले एवं गदगी फैलाने वाले दुकानदारों पर जुर्माना की कार्यवाही करने के निदेश दिये है। केनाल लिंकिंग रोड नाला के समीप घनश्याम किराना दुकान पर 200 रू. एवं जिया किराना स्टोर पर 200 रू. की चालानी कार्यवाही व्यवस्था सुधार की दृष्टि से की गई है।

# गोंदवारा शीतला तालाब को सौंदर्यीकरण कर निखारने का कार्य प्रगति पर



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में समाज हित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से तालाब को संरक्षित करने का कार्य प्रगति पर है। इस क्रम में रायपुर नगर निगम जोन क्रमांक 1 के लोक कर्म विभाग के माध्यम से राज्य प्रवर्तित योजना सरोवर हमारी धरोवर के तहत लगभग 68 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से जोन 1 के संत कबीर दास वार्ड नम्बर 3 के तहत गोंदवारा शीतला तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य निरन्तर प्रगति पर है। रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 1 जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव एवं कार्यपालन अभियंता गजाराम कँवर द्वारा अभियंतागणों सहित कार्य की प्रगति की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। गोंदवारा शीतला तालाब में टोवाल एवं घाट का निर्माण तेजी से प्रगति पर है. यह कार्य मानसून की बारिश के पूर्व पूर्ण करवाने तेजी से कार्य करवाया जा रहा है। योजना के तहत शीतला तालाब पार में पाथ वे निर्माण का कार्य, लाइटिंग का कार्य, स्टोन पीचिंग कार्य, चेंजिग रूम निर्माण सहित छोटा विसर्जन कुण्ड बनाया जायेगा, ताकि नागरिक हवन पूजन सामग्रियों को तालाब में ना डालें एवं विसर्जन कुण्ड में डालकर स्वच्छ सरोवर बनाये रखने में अपनी सहभागिता दर्ज करवा सकें। नगर निगम जोन 1 के माध्यम से मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप राज्य शासन के आदेशानुसार जोन के तहत वार्ड क्रमांक 15 के तहत परशुराम नगर में सामुदायिक भवन के द्वितीय तल का विकास एवं निर्माण कार्य निरन्तर प्रगति पर है।

# निगम जोन 9 नगर निवेश विभाग ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का निरीक्षण

**अम्बुजा माल प्रबंधक को 3 दिन के भीतर आर.डब्ल्यु. एच. ठीक करवाकर रिपोर्ट देने के निर्देश**

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम के सभी जोनों के नगर निवेश विभाग की टीमों द्वारा अपने -अपने जोन क्षेत्र में आवासीय क्षेत्रों में निरंतर रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में आज नगर निगम जोन 9 नगर निवेश विभाग की टीम ने जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता के. के. शर्मा, सहायक अभियंता अंशुल शर्मा, उपअभियंता अबरार खान, कुंदन साहू की उपस्थिति में जोन 9 के विभिन्न क्षेत्रों के बिल्डरों के परिसरों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि स्वर्ण भूमि, अम्बुजा माल, मैग्नेटो माल, सायाजी के परिसरों का में रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया गया. इसमें अम्बुजा माल में रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थिति खराब एवं असंतोषजनक मिली. इस पर अम्बुजा माल प्रबंधक को 3 दिन के भीतर जियो हाईड्रोलॉजिस्ट से रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणली को ठीक करवाकर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिये गए हैं. साथ ही सायाजी के प्रबंधक को रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की सफाई करवाने कहा गया है। स्वर्ण भूमि एवं मैग्नेटो माल में रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली संतोषप्रद पायी गयी। जोन 9 नगर निवेश विभाग ने जोन क्षेत्र में अम्बुजा माल प्रबंधक को निरीक्षण के बाद परिसर में रैन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को तीन दिन के भीतर जियो हाईड्रोलॉजिस्ट से ठीक करवाकर पर अनिवार्य रूप से चलित व व्यवस्थित फोटोग्राफ सहित निगम जोन 9 नगर निवेश विभाग को सूचना देने निर्देशित किया है। अन्यथा की स्थिति में प्रणाली को ठीक नहीं कराये जाने पर प्रति वर्ष भूखण्ड क्षेत्रफल पर प्रति 100 वर्ग मीटर पर 1000 रू. की दर से वार्षिक शास्ती आरोपित करते हुए नियमानुसार अर्थदण्ड की कार्यवाही प्रस्तावित करने की चेतावनी दी गई है।

# अखिल भारतीय गोड़ समाज 18 गढ़ राज्य बाघामुड़ा में हुई समाजिक बैठक

पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय गोड़ समाज 18 गढ़ राज्य सुवरमाल अतंर्गत बाघामुड़ा में समाजिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से ग्राम बाघामुड़ा को अखिल भारतीय गोड़ समाज राज्य सुवरमाल सर्कल बाघामुड़ा को बनाया। इस दौरान सभापति के असंधि पर राज्य अध्यक्ष देवसिग ठाकुर अतिथ्य मे हुआ। सर्व प्रथम गोड़ समाज के ईष्ट देव भगवान बुढ़ादेव के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर पुजा अर्चन कर आरती की गई इस बैठक में नवीन पदाधिकारीयों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें सुवरमाल राज्य के पदाधिकारी गण राज अध्यक्ष देवसिंग ठाकुर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष केन्द्रीय समिति 18गढ़ रामबती ठाकुर राज्य महामंत्री कोमल सोम राज्य मिडिया प्रभारी तुफान दीवान राज्य सदस्य चेतन ठाकुर सर्कल अध्यक्ष कारागुला सुरेन्द्र मांझी सर्कल अध्यक्ष कसेकेरा ओंकार सिंह ठाकुर सर्कल अध्यक्ष भालुचूवां मोहर सिंह ठाकुर संयोजक नारायण सिंह ठाकुर मौजूद रहे एवं नवीन पदाधिकारीयों को शपथग्रहण दिलाया गया। सुवरमाल राज्य के रिक्त पदों पर नियुक्ति भी किया गया कोषाध्यक्ष भगवानी राम ठाकुर शिक्षा प्रभारी मनोज ठाकुर आडिटर शंकर ठाकुर राज सदस्य भावसिंग ठाकुर नवीन पदाधिकारी अध्यक्ष अरुण ठाकुर उपाध्याय खेमलाल ठाकुर कोषाध्यक्ष अरविंद ठाकुर सचिन रोहित कुमार ठाकुर सहसचिव प्यारे ठाकुर महामंत्री परशुराम नेताम संरक्षक अमरसाय ठाकुर संयोजक गेस राम ठाकुर शिक्षा प्रभारी यशवंत ठाकुर ऑडिटर टिकेश्वर ठाकुर सलाहकार बुटांगू ठाकुर मठियार थानू नेताम मिडिया प्रभारी सेतराम ठाकुर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी बाई जगत उपाध्यक्ष मीना जगत कोषाध्यक्ष किरण ठाकुर सचिव डिगेश्वरी ठाकुर सहसचिव कांति जगत सदस्य शांति ठाकुर यमुना मरकाम नगेशिया ठाकुर संध्या ठाकुर कांति ठाकुर महिला सदस्य धनेश्वरी मरकाम, डोंगरी पाली, उत्तरा खुड़मुड़ी, फुलमत खुडुमुडी, युवा प्रकोष्ठ ललित ठाकुर थानूराम ठाकुर निलकुमार ठाकुर रुपसिंह पंचगण सुकसिह ठाकुर सुरजीत ठाकुर धन मंत्री ठाकुर मुकेश ठाकुर गैदसिंग ठाकुर हेमसिंग ठाकुर समाज दूत दौलतराम ठाकुर सहित समाज के लोग बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

# गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर देगा फीस वापसी की गारंटी वाली शिक्षा



पायनियर संवाददाता ✓ सरयापाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली विगत बारह वर्षों से हरिओम शिक्षण सेवा समिति द्वारा संचालित गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर हा.से.स्कूल जोगनीपाली का संचालन अब 2024 से नया सत्र,नए संचालक,नए स्वरूप के साथ शुभारंभ होने जा रहा है। हिन्दी माध्यम में नर्सरी से 12 वीं तक तथा अंग्रेजी माध्यम में नर्सरी से 10वीं तक संचालित। गौरतलब हो कि संचालक द्वय को विगत 23-24 वर्षो से छत्तीसगढ़ एवं उडीसा के 10-11 शासकीय एवं निजी उच्च शैक्षणिक विविध विद्यालयों/संस्थानों में प्राचार्य एवं शिक्षकीय पद पर कार्य करने का दीर्घकालीन अनुभव है।इनके इस अनुभव एवं संचालन का लाभ इस अंचल के विद्यार्थियों को भरपूर मिलेगा। विद्यालय के नए संचालको ने बताया कि उनके द्वारा समाज सेवा का कार्य छोटे-छोटे स्तर पर निरंतर जारी रहा लेकिन अब इस दायरे को व्यापक करने के लिए उन्होंने विद्या दान को पुनीत और सर्वश्रेष्ठ दानों में से एक मानते हुए इसी तारतम्य में बहुत ही कम शुल्क में बच्चों को संस्कार पूर्ण,सर्वांगीण विकास की बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु विद्यालय संचालन का रास्ता अपनाया है।अपने शिक्षा के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने विस्तार से बताया कि पाश्चात्य संस्कृति, उपभोक्तावाद, मौज-मस्ती आदि मूल्यों को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं उनकी शिक्षा संस्कृति, संस्कार, सेवा, समर्पण, त्याग, सत्य, संयम, सादा जीवन उच्च विचार को प्रसारित करेगी। छात्रों में चरित्र निर्माण,नैतिक विकास तथा अच्छी शिक्षा द्वारा छात्रों को सत्यम शिवम, सुन्दरम् का साक्षात्कार कराएगी।बच्चों के अंदर नैतिक गुणों का विकास कर उनके अंदर वे सब गुण अथवा संस्कार डालेंगे जो उनके रहन-सहन,उनके भविष्य एवं समाज के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होंगी।नायक द्वय ने आगे कहा कि उनकी शिक्षा धर्म, चरित्र, अनुशासन, सादा रहन-सहन, उच्च विचार, देशभक्ति, सच्चाई, ईमानदारी, कर्मठता और स्वावलंबन बनाने के साथ-साथ उन्हें प्रेम, दया, करूणा, हिंसा न करना, झूठ न बोलना, माता-पिता की सेवा करना, बड़ों का सम्मान करना,सभी से प्रेम करना,लोगों की सहायता करना जैसे उच्च मानवीय मूल्यों की प्रेरणा देकर उनके व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करेंगी। उपर्युक्त शिक्षा से छात्रों के अंदर नवचेतना का संचार करेंगे और इस शिक्षा के जरिए उन्हें जीवन के उच्च आदर्शों की प्रेरणा मिलेगी और उत्तम नागरिक बनने की राह में कदम रखेंगे। संचालकों ने एक विशेष बात पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि-वे विद्यालय के कुशल संचालन के लिए अथक परिश्रम करेंगे,उनके विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों में यदि बेहतर बदलाव नहीं पाते हैं,उनकी पढ़ाई-लिखाई नैतिकता, संस्कार से संतुष्ट नहीं होते हैं तो फीस वापसी की वे गारंटी देते हैं।इसके लिए बाकायदा उन्होंने विद्यालय की सम्पूर्ण जानकारी वाली पत्रक के साथ गारंटी कार्ड को भी इसमें सम्मिलित किया है।

# विधायक संदीप साहू ने कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com



कसडोल विधायक संदीप साहू शुरू से ही अपने कसडोल विधानसभा क्षेत्र में आमजन के हित के लिए सक्रियता से जनहित कार्य को लेकर सजग रहते हैं। समय-समय पर विभिन्न विभागों में पहुँचकर वहाँ कार्य का निरीक्षण करते देखे जाते है। वही बुधवार को कसडोल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जहाँ वे मरीज वार्ड में जाकर मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना निरीक्षण के दौरान अस्पताल में रोगियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए ओपीडी सेवाओं भर्ती की सुविधा प्रसव कक्ष, एक्स-रे मशीन प्रयोगशाला रोगी वार्ड एवं प्रसव कक्ष आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर मिल रही सुविधाओं के विषय में भी जानकारी भी प्राप्त की और रक्त जाँच केंद्र में जाकर वहाँ स्वयं रक्त जांच कराया। वही क्षेत्र में लगातार मिल रहे डायरिया की शिकायत को लेकर सी.एच.एम.ओ से फोन से बात कर अवगत कराया व डायरिया के उपचार हेतु जगह - जगह शिविर लगाकर उपचार करने की बात कही। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी विभागों में डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मियों से मिले एवं स्वास्थ्य मशीन एवं समागग्रियों का जायजा लिया और कहा की मरीजों के इलाज में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। वही निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए डॉक्टर एवं स्वास्थ्यकर्मी के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए नियमित उपस्थिति एवं स्वास्थ्य संबंधित कार्य को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने निर्देश दिए और अव्यवस्था को लेकर कड़ी फटकार लगाई निरिक्षण के दौरान नगर पंचयात अध्यक्ष नीलू चंदन साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल अध्यक्ष दयाराम वर्मा,निरेंद्र क्षत्रिय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश बंजारे, कमलेश साहू, गायत्री कैवर्त्य,चंदन साहू, हेमलाल साहू, राजेश कन्नौजे, पंकज जयसवाल, द्वारिका निर्मलकर, कमल पटेल, बसंत श्रीवास, भावेश यादव उपस्थित रहे। यह जानकारी निज सचिव मनीष साहू ने दी।

# पुलिस ने ग्राम जंगलोर में अवैध रूप से हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार

## आरोपी से 4000 कीमत मूल्य का कुल 20 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब को किया गया जब्त

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




अभियान सृजन के तहत पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के परिपालन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी शशांक सिंह के निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना पलारी से सहायक उप निरीक्षक संजीव सिंह प्रधान आरक्षक रोहित सिंह आरक्षक त्रिलोकी बघेल विष्णु खटकर कमल कोशले दिलीप गिलहरे की पुलिस टीम द्वारा ग्राम जंगलोर में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 4000 कीमत मूल्य का 20 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में अपराध क्र. 258/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# पर्रापाठ पहाड़ी पर मां वैष्णो देवी की मंदिर का निर्माण जारी

**महासमुंद।** बागबाहरा विं खंड के अंतिम छोर उड़ीसा सीमा से लगे ग्राम पंडरीपानी के पर्रापाठ पहाड़ी पर मां वैष्णो देवी की मंदिर भव्य रूप से निर्माण किया जा रहा। बताया जाता है कि शारदीय कुंवार नवरात्र मे मनोकामना की ज्योंत भी प्रज्वलित किया जाता है। इस पहाड़ पर वन संपदा से चारो ओर से घिरा हुआ है। इस पहाड़ पर विराजित है पर्रापाठ इस क्षेत्र के दान दाताओं के सहयोग से भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। जिससे मंदिर निर्माण कार्य मे श्रद्धालु बढ़ चढ़ कर सहयोग प्रदान करने आगे आ रहे है।



# नगर निवेष विभाग ने अवंति विहार में लगभग 2000 वर्गफीट अवैध कब्जे को हटाया



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाष मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 9 नगर निवेष विभाग की टीम ने जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता केके शर्मा, सहायक अभियंता प्रवीण साहू, उपअभियंता कुंदन साहू की उपस्थिति में जोन 9 के तहत महर्षि वाल्मिकी वार्ड क्रमांक 32 के अवंति विहार क्षेत्र में लगभग 2000 वर्गफीट शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा जमाकर वहां आटो मोबाईल सेंटर का अवैध कब्जा किये जाने की जनशिकायत सही पाकर स्थल पर तत्काल रोक लगायी एवं कार्यवाही करते हुए अवैध आटो मोबाईल सेंटर को अवंति विहार में हटाते हुए लगभग 2000 वर्गफीट शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त करवाकर प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया।

## निगम जोन 10 ने केनाल लींकिंग रोड में अवैध अतिक्रमण हटाया, एक कुलर रिपेयर दुकान हटाई, भवन निर्माण सामग्रियां जब्त कीं

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग एवं सभी जोनों के नगर निवेश विभाग की टीमों द्वारा अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम जोन 10 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन के तहत कैनाल लींकिंग रोड में भगवान श्री झूलेलाल की मूर्ति के पास किये गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही जोन 10 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता योगेश यदु, उप अभियंता अतुल कुमार सिंह, रविप्रभात साहू की उपस्थिति में की। कार्यवाही के दौरान स्थल पर नगर निगम जोन 10 नगर निवेश की टीम ने एक कुलर रिपेयर की दुकान को हटाने एवं एक निर्माण कार्य को स्थल पर बंद करवाते हुए स्थल में एक हाईवा वाहन रेती, गिट्टी एवं अन्य निर्माण सामग्रियां जब्त कीं।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपा में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए लॉटरी के माध्यम से निकाली गई सूची

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपा में तहसीलदार चांपा पुलकित साहू, भोला सिंग ठाकुर मुख्य नगर पालिका अधिकारी चांपा, प्राचार्य निखिल मसीह, प्रभारी प्राचार्य रमाकांत साव, उप प्राचार्य भास्कर शर्मा की उपस्थिति एवं प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी तथा अभिभावकों की विशेष उपस्थिति में शासन के निर्देशानुसार सत्र 2024-25 हेतु ऑनलाइन फार्म के आधार पर कक्षा पहली (क्लास 01) के छात्र छात्राओं की लाटरी के माध्यम से सूची निकाली गई। प्रवेश के लिए कुल 138 छात्र छात्राओं के द्वारा आनलाइन आवेदन किया गया था। जिसमें 75 बालक एवं 45 बालिका सहित 120 आवेदन प्रवेश के पात्र पाए गए। जिसमें 24 बालिकाओं और 24



बालकों सहित कुल 48 छात्र छात्राओं का लाटरी के माध्यम से चयन किया गया। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने पर मंचासीन तहसीलदार चांपा एवं सीएमओ चांपा के द्वारा चयनित बच्चों एवं उपस्थित अभिभावकों को बधाई देते हुए छात्रों एवं संस्था की उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्राचार्य मसीह सर जी ने सभी चयनित बच्चों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से पुरी पारदर्शिता के साथ चयन प्रक्रिया के तहत् सूची तैयार की गई है।चयनित बच्चों की सूची एवं प्रवेश के लिए आवश्यक प्रमाण पत्रों की सूची सूचना बोर्ड में चस्पा कर दिया गया है।आप सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों को शीघ्र बनवाकर निर्धारित तिथि तक कार्यलय में जमा करा दीजिए।प्रभारी प्राचार्य रमाकांत साव ने बताया कि सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों की जांच एवं सत्यापन दिनांक 15.05.2024 से 21.05.2024 तक सुबह 9.00 बजे से 12.00 बजे तक कार्यालय में किया जायेगा। अंतिम तिथि के पश्चात आने वाले बच्चों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन नहीं किया जायेगा। उन्होंने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया कि अंतिम तिथि के पूर्व अपने बच्चों के प्रमाण पत्र सत्यापन कराकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करा लेवें। शिक्षक रविंद्र द्विवेदी ने चयन प्रक्रिया में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं अभिभावकों छात्र छात्राओं को उनके उपस्थिति एवं प्रवेश प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करने के लिए आभार जताया। इस अवसर पर लाटरी के माध्यम से चयन प्रक्रिया में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं में सेजेस विद्यालय के अजय अग्रवाल, रूपाली राठौर, नीलम चन्द्रा, सरोज देवांगन, कु. टिवंकल ताम्रकार, वर्षा तिवारी, निर्मला पटेल, कु. प्रतिभा जांगड़े, अंजलि यादव, विजय यादव, रंजीत, शिवकुमार सहित समस्त सेजेस स्टाफ कार्यालयीन स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित थे।

# विश्व हिंदू परिषद के जिला पदाधिकारियों ने किया दुर्गा वाहनी के बहनों का धमतरी में भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

विश्व हिंदू परिषद पूरे जिले में अपने संगठन को मजबूत कर रहे हैं धर्म रक्षा, लव जिहाद, गौ तस्करी, धर्मांतरण, मतांतरण के खिलाफ संघर्ष और समाज सेवा, संस्कृति रक्षा एवं संस्कार निर्माण का कार्य कर रही है। विश्व हिंदू परिषद के द्वारा समाज में किए जा रहे हैं धर्म रक्षा राष्ट्र सेवा और धर्मांतरण के खिलाफ संघर्ष के कार्यों से प्रभावित होकर लगातार पूरे जिले भर में युवक युवतियां, माता एवं बहनो के साथ समाज के वरिष्ठ जन और गणमान्य नागरिक जुड़ रहे हैं संगठन की मजबूती से सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। बजरंग दल द्वारा किए जा रहे सक्रिय कार्यों से सभी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ रहा है और लगातार युवा प्रशिक्षण लेने के लिए संगठन से संपर्क कर रहे हैं विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहनी के द्वारा बालोद जिले में चलाये जा रहे आत्मरक्षा प्रशिक्षण वर्ग में धमतरी जिले की 50 बहनों ने हिस्सा लिया



जहां पर उन्हें तलवार, दंड, राइफल, कराटे नियुद्ध और अलग.अलग आत्मरक्षा के कलाओं में पारंगत किया गया। धमतरी की बेटियों ने बढ़ चढ़कर इस प्रशिक्षण में प्रतिभागिता निभाई और सफलता पूर्वक प्रशिक्षित होकर वापस अपने गृह जिले धमतरी पहुँचे। धमतरी बस स्टैंड पर विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्यकारणी, बजरंग दल और शहर के अन्य गणमान्य लोगों द्वारा ढोल नगाडों के साथ शोभायात्रा निकालकर भव्य स्वागत किया गया। जिलामंत्री रामचंद देवांगन ने बहनों को सफल प्रशिक्षण लेने के लिए बधाई दी और आगे गांव गांव में प्रशिक्षण चलाने की तैयारी करने को कहा। जिलाकार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आजकल समाज में शाला त्यागी और अप्रवेशी बच्चों को पुनः शालाओं की ओर भेजने हेतु प्रेरित करे और जो बच्चे16 वर्ष से अधिक आयु के हैं उनको घर घर जाकर रोजगरउन्मुखी शिक्षा की ओर उनका ध्यान आकर्षित करवाए। नारी शक्ति हमारी राष्ट्र शक्ति है नारी घर परिवार समाज और राष्ट्र सबकुछ सम्भाल सकती है जो प्रशिक्षण बहनों द्वारा लिया गया है उन्हें रोज अपने गांव में शाखा और अखडा संचालित कर सभी माताओं और बहनों को प्रशिक्षित करने हेतु कहा गया।कार्यक्रम में सन्दीप अग्रवाल ने बहनों को साधन संसाधन उपलब्ध कराने का वादा किया।

# समर्पण अवार्ड 2024 के तहत छत्तीसगढ़ के समाज सेवी संस्थाओं का सम्मान समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

सिघानिया बिल्डकान द्वारा समर्पण अवार्ड 2024 के तहत छत्तीसगढ़ के समाज सेवी संस्थाओं का सम्मान समारोह का आयोजन सिघानिया होटल में रखा गया। जिसमे समाज सेवा के छेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सैकड़ों समाज सेवी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री अरूण साव, सिघनिया ग्रुप के संचालक सुबोध सिघानिया, दलीप सडंगी प्रख्यात जसगीत गायक, द्वारिका प्रसाद साहू चेयर मेन होम्स रायपुर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के द्वारा समाज सेवा के छेत्र में विगत 30 वर्षो से लगातार उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवी जिनके द्वारा 16 गरीब



कन्याओं की विवाह साथ ही कोरोना कार्यकाल में कोरोना से पीड़ित व्यक्तियों की सेवा प्रदान करने वाले समाज सेवा में विशेष योगदान देने के लिए सेवा सुघन्धम सामाजिक जनकल्याण समिति के संस्थापक टिकेंद्र उपाध्याय को उप मुख्यमंत्री अरूण साव के द्वारा प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उक्त अवसर पर संस्था के रतन डहरिया, राजेंद्र पांडेय आशीष उपाध्याय, सन्नी साहू, प्राची विनीत उपाध्याय, उपस्थित थे। कार्यक्रम में लगभग 150 लोगो का अरूण साव जी द्वारा सम्मान दिया गया।

# आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा थे पूर्व पीएम राजीव गांधीः चातुरी नंद

## कांग्रेसियों ने मनाया पूर्व पीएम की पुण्यतिथि



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें विधायक चातुरी नंद ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में पूर्व पीएम राजीव गांधी का बहुमूल्य योगदान है। चाहे पंचायती राज को मजबूत करने की बात हो या फिर युवाओं को 18 वर्ष की उम्र में मतदान का अधिकार देने की बात हो पूर्व पीएम राजीव गांधीजी का योगदान को भुलाया नही जा सकता है। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष आर, एन आदित्य, पार्षद सुरेश भोई, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव दीपांजलि बारीक, युवा नेता मोहसिन मेमन, एनएसयूआई शहर अध्यक्ष अनस खान, युवा कांग्रेस शहर उपाध्यक्ष रमीज रजा, एनएसयूआई प्रदेश संयोजक जयंत यादव, दुष्यंत साहू, हेमसागर समेत कांग्रेस कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित थे।

# शहर के नया बस स्टैण्ड चौक में ट्रैफिक सिग्नल चालू



■ **यातायात नियमों का पालन नही करने पर होगी वाहन चालकों पर कार्यवाही**


पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस एवं राघव एडवरटाईजमेंट रायपुर के सहयोग से शहर के नया बस स्टैण्ड चौक में सुगम यातायात संचालन, आम जनता के सुविधा एवं सुरक्षा हेतु नया ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया है, साथ ही शहर के राज इम्पीरियल, आर.के.नगर तिराहा, महावीर चौक, पो.आ.चौक में ट्रैफिक सिग्नल सुचारू रूप से चालू है। यातायात संचालन हेतु सिग्नल पाईटों में प्रातः 09.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक यातायात बल ड्यूटी में तैनात रहेगे। शहर में अब नो पार्किंग, तीन सवारी के साथ-साथ रेड सिग्नल जंप पर भी लगातार कार्यवाही होगी। यातायात पुलिस राजनांदगांव की आम लोगो से अपील है कि वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग न करें, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाये, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाये, शराब सेवन कर वाहन न चलायें एवं माल वाहन में सवारी न बिठायें।

# जीएसटी कटौती के संबध में ऑनलाइन प्रशिक्षण हुआ संपन्न

■ 2 लाख 50 हजार से अधिक भुगतान पर फर्म, एजेंसी,सहित अन्य सर्विस प्रदाता को अब 2 प्रतिशत जीसीएसटी टीडीएस कटौती अनिवार्य

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



शासकीय विभागों द्वारा सेवा प्राप्ति एवं सामग्री खरीदी पर विक्रेताओं एवं निर्माण कंपनी, ठेकेदारों तथा सेवा प्रदाताओं को किये जाने वाले भुगतानों पर जीएसटी के स्त्रोत पर टीडीएस कटौती करने के संबंध में आज वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से कार्यशाला आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण संचालक कोष लेखा एवं पेंशन महादेव कावरे के मार्गदर्शन एवं डिप्टी कमिश्नर जीएसटी मनीष मिश्रा की उपस्थिति में कार्यालय संभागीय कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर के द्वारा दिया गया। इसमें सभी जिले के डीडीओ वीसी के माध्यम से शामिल हुए। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी पीसी खलखो सहित जिले के विभिन्न विभागों के 101 डीडीओ वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। कार्यशाला में बताया गया कि केन्द्रीय माल और सेवा अधिनियम, 2017 एवं छत्तीसगढ माल और सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा 51 के प्रावधानों के अनुसार शासकीय विभागों द्वारा किये जाने वाले सामग्री खरीदी एवं सेवा प्राप्ति पर प्रदायकर्ताओं /ठेकेदारों को किये जाने वाले भुगतान पर स्त्रोत पर कर की जीएसटी- टीडीएस कटौती के संबंध में प्रावधान किये गए हैं। शासकीय विभाग या स्थापना, स्थानीय प्राधिकारी, शासकीय अभिकरण, शासन के किसी भी डीडीओ द्वारा 2.5 लाख रूपए से अधिक भुगतान होने पर 2 प्रतिशत (1 प्रतिशत सीजीएसटी + 1 प्रतिशत एसजीएसटी अथवा 2 प्रशित आईजीएसटी) की दर से स्त्रोत पर कटौती जीएसटी-टीडीएस किया जाना है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सभी शासकीय विभागों तथा स्थानीय प्राधिकारियों को जीएसटी के अंतर्गत स्त्रोत पर टीडीएस कटौतीकर्ता के रूप में रजिस्ट्रेशन लिया जाना है। विभागों द्वारा खरीदी की जाने वाली सामग्री, मशीन-उपकरण,फर्नीचर,स्टेशनरी अथवा अन्य कोई भी वस्तु, निर्माण कार्यों एवं ठेकों तथा लिये जाने वाली किसी भी प्रकार की सेवाओं की राशि पर जीएसटी-टीडीएस करने के बाद अगले माह की 10 तारीख तक रिटर्न जीएसटीआर-07 में प्रस्तुत किया जाना है। समय पर रिटर्न फाइल नही करने पर डी डी ओ 100 रुपये से अधिकतम 10000 तक पेनल्टी का प्रावधान है। कई विभागों एवं कार्यालयों द्वारा जीएसटी- टीडीएस कटौतीकर्ता के रूप में प्रावधानों के अंतर्गत जीएसटी पंजीयन नहीं लिया गया है तथा पंजीयन लेने वाले प्राधिकारियों द्वारा सही प्रकार से जीएसटी की स्त्रोत पर कटौती संबंधी प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है।

इससे राज्य शासन का जीएसटी से प्राप्त होने वाले राजस्व की क्षति हो रही है। इसके संबंध में यह निर्देशित किया गया कि समस्त भुगतानकर्ता प्राधिकारियों, आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा केंद्रीय एवं छत्तीसगढ माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के अंतर्गत स्त्रोत पर कटौती के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी वस्तु अथवा सेवा प्रदायकर्ता द्वारा एक वित्तीय वर्ष के दौरान एक ही क्रय/सेवा आदेश के विरूद्ध पृथक-पृथक देयकों में राशि का विभाजन करते हुए जीएसटी की स्त्रोत पर कटौती हेतु निर्धारित 2 लाख 50 हजार रूपए की सीमा का उल्लंघन न हो।

इसके साथ ही सभी कोषालयों, उपकोषालयों,निर्माण विभागों, वन विभाग के भुगतान प्राधिकारियों का निर्देशित किया गया कि आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा वस्तु एवं सेवा प्रदाय के भुगतान संबंधी प्रस्तुत देयकों में प्रदायकर्ताओं की जीएसटीआईएन को चिन्हांकित करने की व्यवस्था की जाए तथा देयकों के भुगतान के पूर्व यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रदायकर्ता द्वारा दिया गया जीएसटीआईएन वर्तमान में सक्रिय वैध हो।

# जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में ली गई समीक्षा बैठक



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

सीईओ जिला पंचायत दुर्ग अश्विनी कुमार देवांगन की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत दुर्ग के सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्होंने ब्लॉक सीईओ को वर्षा के पूर्व मनरेगा अंतर्गत निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत राज्य के प्राप्त लक्ष्य अनुसार निर्माण कार्य जैसे तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, डबरी निर्माण, अमृत सरोवर कार्य का जल्द पूर्ण किये जाएं ताकि जिले के अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभ मिल सके और रोजगार गारंटी योजना के तहत् 100 दिवस का रोजगार सृजित हो सके। जून माह में मानसून के दस्तख देने से पूर्व मिट्टी से सबंधित निर्माण कार्य को युद्ध स्तर पर कार्ययोजना बनाकर पूर्ण किया जाएं। जिला पंचायत सीईओ देवांगन ने कार्यक्रम अधिकारी को कहा कि मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों की प्रति सप्ताह के अंत में मास्टर रोल की एन्ट्री भी पूर्ण करें। कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा मास्टर रोल की एन्ट्री समय में नहीं होने पर कार्यवाही होगी। मानसून के पूर्व वृक्षारोपण कार्य हेतु प्रस्ताव, निजी वृक्षारोपण, फलदार औषधि युक्त वनस्पति पौधे रोपण, छायादार पौधे रोपण किये जाएं। उन्होंने योजना के तहत अपूर्ण आंगनबाड़ी निर्माण कार्य को तीव्रगति से पूर्ण करने का कहा। साथ ही उन्होंने मानसून से पूर्व स्वच्छ भारत मिशन के स्व-सहायता समूह हेतु सेग्रीगेशन वर्कशेड निर्माण कार्य को तत्काल पूर्ण करने व कम्पोस्ट पिट, सामुदायिक नाडेप, व्यक्तिगत नाडेप के सोकपीट निर्माण कार्य को भी जल्द पूर्ण करने कहा। उन्होंने मल कीचड़ प्रबंधन (एफएसएम) के लिए सुरक्षित और स्वच्छ सेप्टिक टैंक और गड्ढे वाले शौचालय को खाली करने के साथ-साथ ठोस और तरल पदार्थों के प्रभावी उपचार को लगातार बढ़ाने के लिए कहा। बैठक में ब्लॉक सीईओ, एसडीओ (आरईएस), सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा बिहान, स्वच्छ भारत मिशन, समस्त ब्लॉक के कार्यक्रम अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

**अब परेशानी प्रांगण से बाहर होती हुई खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों तक पहुंचती नजर आ रही**

# ना ध्यान, ना संज्ञान, हैं सब परेशान, मांग–नई मंडी का निर्माण शीघ्र हो



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

पहला पत्र 10 जुलाई 2021 को प्रबंध संचालक, राज्य मंडी बोर्ड को। दूसरा पत्र 25 अप्रैल 2022 को सचिव, कृषि उपज मंडी को। प्रांगण में अव्यवस्था को दूर करने के लिए यह आग्रह पत्र पोहा मुरमुरा निर्माता कल्याण समिति ने दिया था। नहीं दिखाई गई गंभीरता, ना लिया संज्ञान। अब यह परेशानी प्रांगण से बाहर होती हुई खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों तक पहुंचती नजर आ रही है। किसान, श्रमिक, अभिकर्ता, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां और कृषि उपज का परिवहन करने वाली गाड़ियों को रोज-रोज होने वाली अंतहीन परेशानियों का विस्तार से न केवल हवाला दिया गया था इस पत्र में बल्कि हल के लिए उपाय भी सुझाए गए थे लेकिन पहल के लिए कदम उठाया जाना तो दूर, ध्यान तक नहीं दिया गया। परिणाम अंदर-बाहर जाम की स्थिति बन चुकी है।

## किया था यह आग्रह

प्रबंध संचालक को लिखे आग्रह पत्र में प्रांगण में शेड की संख्या बढ़ाने और शेड के नीचे की जगह बारिश के दिनों के लिए खाली रखने की मांग की गई थी। प्रांगण में नए चबूतरे और नई नालियों का निर्माण भी फौरन करवाए जाने पर जोर दिया गया था ताकि कृषि उपज की गुणवत्ता प्रभावित ना हो। स्थाई मजदूर की संख्या में वृद्धि को अहम इसलिए बताया गया था क्योंकि पिछले कुछ अरसे से उत्पादन और आवक में चार गुना वृद्धि हो चुकी है। इसी अनुपात में श्रमिकों की संख्या भी बढ़ाई जानी चाहिए।

## दूसरी चिट्ठी में यह बात

25 अप्रैल 2022 को मंडी सचिव को लिखे पत्र में रबी फसल के दिनों में होने वाली दिक्क तों का हल प्राथमिकता से किए जाने का आग्रह था। रबी सत्र में आवक को देखते हुए महिला एवं पुरुष श्रमिकों के साथ तौल श्रमिकों की संख्या बढ़ाने की मांग की थी। कृषि उपज लाने वाली गाड़ियों के लिए टोकन सिस्टम को अहम माना था ताकि प्रांगण में जाम जैसी स्थिति नहीं बने। शेड की मरम्मत और नई नालियों की जरूरत भी बताई गई थी। इसके अलावा रोज की आवक के लिए एक दिवस पूर्व खाली जगह की व्यवस्था करने को अनिवार्य माना था।

## बाहर–भीतर, एक जैसा हाल

बीते एक पखवाड़े से रबी फसल की जैसी आवक बनी हुई है, उसने व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। अपेक्षित संख्या में मजदूरों की उपस्थिति का नहीं होना समस्या की बड़ी वजह बनी हुई है, तो प्रांगण के भीतर और बाहर गाड़ियों की कतार। शेड पैक। जबकि संभावित हालात की जानकारी पहले से ही पोहा मुरमुरा निर्माता कल्याण समिति ने दे दी थी लेकिन न बोर्ड ने कदम उठाए, ना मंडी प्रशासन ने पहल की।

बहुत जल्द निदान प्रांगण की स्थिति को देखते हुए कर्मचारियों और श्रमिकों को अवकाश के दिन काम पर आने के निर्देश दिए जा चुके हैं। रही बात अन्य समस्याओं के हल की, तो सभी पक्षों से विचार विमर्श के बाद फैसला लेंगे।

**-- एस एल वर्मा, सचिव, कृषि उपज मंडी, भाटापारा**


नई मंडी जरूरी पूरे साल कृषि उपज की मांग रहती है। ऐसे में चौतरफा आवक होती है। इसलिए स्वीकृत स्थल पर नई कृषि उप मंडी का निर्माण आवश्यक है। वर्तमान स्थितियां नियमित कामकाज में बाधा बनी हुई हैं।

**- रंजीत दावानी, अध्यक्ष, पोहा मुरमुरा निर्माता कल्याण समिति, भाटापारा**

## संपादकीय

# पाक अधिकृत कश्मीर भारत में एकीकरण

**पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके** के भारत में एकीकरण का मुद्दा भाजपा नेता चुनाव अभियान में उठा रहे हैं। 2019 में भाजपा ने पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' को अपनी सरकार की उपलब्धि की तरह पेश किया था। पाक अधिकृत कश्मीर-पीओके पर भारत के दावे पर भाजपा ने फिर जोर देना शुरू किया है। वरिष्ठ पार्टी नेताओं ने हाल ही में पीओके के भारत के साथ एकीकरण पर भाजपा की प्रतिबद्धता रेखांकित की है। इनमें गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व सर्मा शामिल हैं। सबसे पहले अमित शाह ने एक असाधारण घोषणा कर जोर दिया कि भारत पीओके पर अधिकार कर लेगा क्योंकि 'वह हमारा है।' इस बयान को एक साहसी राजनीतिक वादा कहा जा सकता है जो पीओके पर भाजपा का लंबे समय से दृष्टिकोण है। इसके बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व सर्मा ने यही भावना व्यक्त करते हुए जोर दिया कि यह कदम केवल भावनात्मक न हो कर वर्तमान सरकार के लिए यथार्थ लक्ष्य है। इसके बाद राजनाथ सिंह का थोड़ा अलग दृष्टिकोण सामने आया जिसमें उन्होंने पीओके में मानवाधिकारों की स्थिति पर जोर दिया। राजनाथ सिंह ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का आह्वान किया कि वे इस क्षेत्र में मानवाधिकार उल्लंघनों पर गौर करें। वर्तमान लोकसभा चुनाव में ऐसे बयानों का अर्थ यह स्पष्ट संकेत है कि भाजपा काफी समय से लंबित इस मुद्दे पर लोगों का ध्यान आकृष्ट करना चाहती है। पीओके का मुद्दा चुनाव विमर्श में शामिल करना पार्टी की रणनीति है जिससे वह राष्ट्रवादी तत्वों का समर्थन मजबूत करना चाहती है। वास्तव में पीओके में स्थिति अच्छी नहीं है। वहां स्थानीय जनता ज्यादा



स्वायत्तता, राजनीतिक अधिकारों, ज्यादा स्वशासन तथा स्थानीय नियंत्रण की मांग कर रही है। उसे मानवाधिकार उल्लंघनों तथा नागरिक स्वतंत्रताओं पर बंधनों की भी चिन्ता है। जनता अपने मूलाधिकारों व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ राजनीतिक दमन समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही आर्थिक विकास एक बड़ा मुद्दा है जिसके लिए बेहतर अवसरों, बेहतर ढांचागत संरचना, स्वास्थ्यरक्षा और शिक्षा की जरूरत है। क्षेत्रीय विकास के लिए ज्यादा निवेश भी जरूरी है। इन कारणों से पीओके की जनता न केवल पाकिस्तान की केन्द्रीय सत्ता के दमन का विरोध कर रही है, बल्कि वह भारत में जम्मू कश्मीर की अनुच्छेद 370 हटने के बाद से अभूतपूर्व व असाधारण प्रगति से हतप्रभ है। हाल ही में उसने जम्मू कश्मीर की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पूर्व अलगाववादी तत्वों तक को शामिल होकर मतदान करते देखा है। ऐसे में उसका यह सोचना स्वाभाविक है कि यदि उसका क्षेत्र पाकिस्तान के कब्जे के बजाय भारतीय जम्मू कश्मीर में शामिल होता तो बहुत अच्छा होता। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इन स्थितियों को देखते हुए ही कहा है कि पीओके की जनता स्वयं भारत में शामिल होने की बात करेगी और यह प्रक्रिया संभवत: शुरू भी हो गई है।

पीओके के एक निर्वासित नेता ने भारत सरकार से अनुरोध किया है कि वह पीओके में मानवाधिकार उल्लंघनों का मामला अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाने के साथ यह 'अवसर न चूके।' स्पष्ट रूप से वर्तमान स्थितियों में यदि पीओके की जनता और बड़ी संख्या में भारत में शामिल होने की मांग करे तो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार अपने दायित्व से पीछे नहीं हटेगी। मोदी सरकार पाकिस्तान या उसके समर्थकों की धमकियों से डरने वाली नहीं है। भारत की सारी जनता भावनात्मक रूप से इस मामले में भाजपा के साथ खड़ी होगी।

# समाप्त हुआ सांप्रदायिक टकराव

आलोचनाओं के बावजूद, मोदी के कार्यकाल में सांप्रदायिक टकराव के मामले न्यूनतम रहे हैं। सरकार ने सांप्रदायिक सद्भावना के लिए परस्पर समझदारी पर जोर दिया है।



**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



आलोचनाओं के बावजूद, मोदी के कार्यकाल में सांप्रदायिक टकराव के मामले न्यूनतम रहे हैं। सरकार ने सांप्रदायिक सद्भावना के लिए परस्पर समझदारी पर जोर दिया है। वर्तमान लोकसभा चुनाव प्रचार में भी मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने इस आयाम पर बहुत जोर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्तमान लोकसभा के व्यापक चुनाव प्रचार अभियान में मुस्लिम समुदाय का आह्वान किया कि वह गंभीरता से 'आत्मावलोकन' करे। उन्होंने कांग्रेस की भी जम कर आलोचना की जो लगातार समाज में 'अलगाव' की भावना को बढ़ावा देने के प्रयास कर रही है। जैसी कि उम्मीद थी, प्रधानमंत्री मोदी ने इस बारे में सीधे-सीधे अपनी बात कही है और कुछ कटु सत्य व तथ्य भी सामने रखे हैं। कोई भी तटस्थ व ईमानदार राजनीतिक विश्लेषक इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कार्यरत प्रशासन ने देश को सांप्रदायिक टकरावों से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है और दिल्ली में 2020 में हुए दंगे इसका अपवाद हैं। इसके पहले सांप्रदायिक टकराव भारत में आमतौर से होते ही रहते थे। हालांकि, वर्तमान समय में गौवंश की तस्करी को लेकर अपवाद स्वरूप कुछ सांप्रदायिक टकराव हुए हैं। गौवध एवं गौमांस के लिए गायों की तस्करी भारत में एक खास समुदाय के कुछ लोगों की प्रवृत्ति है। हिंदू हमेशा से गौवंश की हत्या का पूरी ताकत करते रहे हैं। इससे उनकी भावनायें आहत होती हैं क्योंकि वे गाय को माता की तरह मान कर उसकी पूजा करते हैं। सोलहवीं शताब्दी में मुगल बादशाह अकबर ने गौवध पर प्रतिबंध लगा दिया था क्योंकि इससे हिंदुओं की भावनायें आहत होती हैं।

बीसवीं शताब्दी में मौलाना आजाद द्वारा स्थापित जमीयते उलेमाए हिंद ने मुसलमानों को सलाह दी थी कि वे गौवध से परहेज करें क्योंकि इससे हिंदुओं की भावनायें आहत होती हैं। भारत के विभाजन में एक अलिखित समझौता यह भी था कि विभाजन के पश्चात भारत में रहने की इच्छा रखने वाले मुसलमानों को ऐसा कुछ नहीं करना होगा जिससे हिंदुओं की भावनायें आहत हों। कायदे आजम मुहम्मद अली जिन्ना ने 22 मार्च, 1940 में लाहौर में दिए अपने भाषण में स्पष्ट कहा था कि 'हिंदू और मुसलमान एकदम अलग हैं और वे एक ही देश में साथ साथ नहीं रह सकते हैं।' डा.बी.आर. अंबेडकर ने 1941 में अपनी पुस्तक 'थाट्स आन पाकिस्तान' में इस दृष्टिकोण से सहमति जताते हुए कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच जनसंख्या का हस्तांतरण उसी तरह होना चाहिए जिस प्रकार 1923 में लीग आफ नेशन्स के तत्वावधान में तुर्कों और यूनानियों के बीच हुआ था। जिन्ना, अंबेडकर और डा. राजेन्द्र प्रसाद ने इस दृष्टिकोण का समर्थन किया था।

1950 से 1960 तक भारत के राष्ट्रपति रहे डा. राजेन्द्र प्रसाद ने लिखा था कि भारत के विभाजन के बाद जो मुसलमान पाकिस्तान नहीं जा सके हैं, उनको खासतौर से यहां रहने की अनुमति मिलनी चाहिए। लेकिन यह अनुमति नागरिकों के रूप में नहीं, बल्कि वीजा प्राप्त विदेशियों की तरह होनी चाहिए। जिन्ना तथा मुस्लिम लीग के अन्य पदाधिकारियों ने 1946 और 1947 में जनसंख्या के हस्तांतरण की मांग की थी। उनके दृष्टिकोण को 'द डॉन' अखबार ने प्रकाशित किया था। जिन्ना द्वारा स्थापित यह अखबार पहले दिल्ली से छपता था, पर अब कराची से प्रकाशित होता है। बाद में पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री बने सर फीरोज़ खान नून ने अप्रैल, 1946 में धमकी दी थी कि यदि हिंदू जनसंख्या हस्तांतरण में बाधा पैदा करते हैं तो मुसलमान चंगेज़ खान और हलाकू खान जैसे हत्यारों के कृत्य दुहराने को बाध्य होंगे। ममडोट के नवाब इफ्तिखार हुसेन ने दिसंबर, 1946 में कहा था कि वे जनसंख्या हस्तांतरण का समर्थन करते हैं क्योंकि बहुत से मुसलमान सिंध में बसना चाहते हैं। बाद में पाकिस्तान के छठे प्रधानमंत्री बने इस्माइल चुंदरीगर ने कहा था कि अंग्रेजों को मुसलमानों को ऐसे लोगों को सौंपने का कोई अधिकार नहीं है जिन पर उन्होंने 500 साल शासन किया था। सिकंदर हयात खान के पुत्र शौकत हयात खान ने कहा था कि जनसंख्या का हस्तांतरण पाकिस्तान बनाने की मांग का अभिन्न अंग था।

मद्रास के मुस्लिम लीगी इस्माइल मुहम्मद ने कहा था कि मुसलमान इस समय जिहाद से गुजर रहे हैं। बाद में पाकिस्तान के खाद्य, कृषि एवं स्वास्थ्य मंत्री रहे राजा गजनफर अली के भी यही विचार थे। जनसंख्या के हस्तांतरण तथा हिंदुओं और मुसलमानों के अलग-अलग होने की बात काफी व्यापक हुई थी। जब दिल्ली में जामिया मिलिया विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रोफेसर एम. मुजीब ने संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में तुर्की के प्रतिनिधि से मुलाकात की तो उन्होंने बड़े आश्चर्य से मुजीब से पूछा था, 'आप भारत का प्रतिनिधित्व कैसे कर रहे हैं? मैंने सोचा था कि सारे मुसलमान पाकिस्तान चले गए।'

मेरे कहने का अर्थ यह है कि यदि जनसंख्या हस्तांतरण हुआ होता तो दोनों समुदायों के बीच सारे झगड़े या टकराव हमेशा के लिए समाप्त हो गए होते। लेकिन देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू क वामपंथी अनुयाइयों ने भारत के संविधान में अनुच्छेद 25 व 30 शामिल कर दिए जिससे ये टकराव अब भी बने हुए हैं। इन अनुच्छेदों को शामिल करने का कारण यह था कि वे अपने महान नेता के लिए वोट का मजबूत आधार बनाए रखना चाहते थे। इससे ही पता चलता है कि 'समान नागरिक संहिता' को संविधान का ऐसा हिस्सा क्यों बनाया गया जिसे न्यायिक रूप से लागू नहीं किया जा सकता था। भारत में जहां जमींदारियों व जागीरदारियों को समाप्त कर दिया गया, वहीं वक्फ पूरी तरह बिना किसी हस्तक्षेप के बनाए रखे गए जबकि अनेक इस्लामी देशों में इनका राष्ट्रीयकरण कर दिया गया था। एक खास समुदाय की पहचान को 'अलग' रखने के अनेक आयाम बनाए रखे गए जिनमें उर्दू, बहुविवाह, एकसाथ तीन तलाक, आदि शामिल हैं।

ऐसे तत्वों को न केवल अक्षुण्ण बनाए रखा गया, बल्कि लगातार बढ़ावा भी दिया गया। समानान्तर और पुरातनपंथी शिक्षा देने वाली मदरसा व्यवस्था आज भी फल-फूल रही है जो अपने ही समुदाय का नुकसान करते हुए नस्लवाद तथा अन्य संकुचित वाद की पैरवी करती और उसका प्रचार करती है। वर्तमान सरकार ने साहस के साथ कुछ सुधार किए हैं, पर उनका दायरा सीमित है। एकसाथ तीन तलाक को प्रतिबंधित किया गया है तथा मुस्लिम लड़कियों के लिए शिक्षा सुविधाओं और पहलों का विस्तार किया गया है। लेकिन इन सुधारों से लाभान्वित समुदाय की महिलाओं पर शक है कि वे इस चुनाव में एक 'हिंदू पार्टी' को वोट देंगी। इस्लाम 'वतन' या देश के बजाय 'उम्मा' या समुदाय को प्राथमिकता देता है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि मुसलमानों को 'राष्ट्रीय संसाधनों पर पहला अधिकार है।' ऐसे में उनको सारे संसाधनों का 15 प्रतिशत मुसलमानों को देने में कोई हिचक न होती। उनके शासनकाल में कम से कम पांच आयोग इस बात की 'जांच' के लिए नियुक्त किए गए थे कि भारत में मुसलमान इतने पीछे कैसे रह गए और उनकी प्रगति के लिए क्या किया जाना चाहिए। इनमें सच्चर कमेटी और रंगनाथ मिश्र कमेटियां शामिल थीं।

भारत पर मुस्लिम आक्रमणकारियों व अत्याचारी शासकों के प्रभाव को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। कुतुबुद्दीन एबक ने दिल्ली पर 1192 ईस्वी में कब्जा किया था और इसके बाद एक के बाद दूसरे मुस्लिम वंश ने 1857 तक दिल्ली पर शासन किया। इस प्रकार कुल 665 साल बाद ब्रिटिश राज ने उनको उखाड़ फेंका। क्या किसी सरकार ने पूछा कि इतने लंबे समय तक शासन के बावजूद यह समुदाय पिछड़ा क्यों रहा जिसे ऊपर उठाने की आवश्यकता हो? क्या इसका कारण 'इज्तिहाद' या पुन: व्याख्या पर 'तक़लीद' या कट्टरता को वरीयता देना था? क्या इसका कारण महिलाओं की लगातार अनदेखी इसका कारण है जिसके चलते उनको स्थाई रूप से पिछड़ेपन में धकेल दिया गया? मुस्लिम समुदाय के प्रति की गई इन गलतियों व अपराधों का जिम्मेदार कौन है? देश में पहली बार राजनेता के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ये असहज करने वाले सवाल उठाए हैं।

ऐसे में पिछले दस वर्ष से सत्तारूढ़ उनको या उनकी सरकार को मुसलमानों के पिछड़ेपन के लिए किसी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। मुस्लिम समाज को स्वयं गंभीर आत्मावलोकन कर इन असहज करने वाले सवालों का जवाब देना होगा।

# मलयालम सुपरस्टार के जिहादी रिश्ते

> इस विवाद ने एक तीखी राजनीतिक बहस को जन्म दे दिया है और केरल के राजनीतिक परिदृश्य में गहरे तनाव को उजागर कर दिया है।

**कुमार चेलप्पन**
(लेखक, दि पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)



चेन्नई के व्यवसायी मोहम्मद शारशाद, जो सीपीआई (एम) के कार्यकर्ता भी हैं, द्वारा यह खुलासा कि मलयालम सिनेमा के सुपर मेगा स्टार ममूटी ने केरल के धर्मनिरपेक्ष, उदार और लोकतांत्रिक राजनीतिक नेताओं को चौंका दिया है। सीपीआई (एम), सीपीआई और कांग्रेस के नेता ममूटी को जिहादी के रूप में चित्रित करने के लिए संघ परिवार के खिलाफ खुलकर सामने आए हैं। ममूटी के जिहादी संगठनों के साथ संबंधों के बारे में खुलासा एक मुस्लिम युवक, सीपीआई (एम) के स्थानीय नेता ने किया था।

ममूटी के जिहादी संबंधों के बारे में रिपोर्ट के बारे में संघ परिवार पर हमला करने वाले पहले व्यक्ति केटी जलील विधायक थे, जो सीपीआई (एम) के पूर्व मंत्री और प्रतिबंधित सिमी के पूर्व अध्यक्ष थे। जलील अपने भाषणों और लेखों के लिए प्रसिद्ध हैं कि भारत को केवल इस्लाम के माध्यम से ही आजाद कराया जा सकता है। फिर अन्य मंत्रियों ने इस मुद्दे को उठाया और इसने केरल में हलचल मचा दी।

ममूटी, जो अपने कॉलेज के दिनों में एक औसत से भी नीचे के छात्र थे, महाराजा कॉलेज एर्नाकुलम से अरबी स्नातक हैं। जब वे छात्र थे, तब प्रोफेसर उमर अरबी विभाग के प्रमुख थे और वही प्रश्नपत्र तैयार करते थे और उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते थे। उन दिनों महाराजा कॉलेज में कोई भी अरबी छात्र बीए अरबी परीक्षा में फेल नहीं हुआ था। सुपर मेगा स्टार की उपाधि एक पुरानी कहावत की याद दिलाती है कि अंधों के देश में एक आंख वाला ही राजा होता है। ममूटी हिंदी फिल्मों या हॉलीवुड के अपने समकक्षों से कहीं आगे हैं। जिहादी या सांप्रदायिक होना कोई अपराध नहीं है। यहां मुद्दा यह है कि जो मुस्लिम समुदाय की संगठित सौदेबाजी क्षमता पर सवाल उठाता है, वह केरल में अवांछित व्यक्ति बन जाता है। जो नेता मुस्लिम राजनीतिक और आध्यात्मिक नेताओं के छिपे हुए एजेंडे को उजागर करने का साहस करते थे, वे कूड़ेदान में समा गए। ईएमएस नंबूदरीपड्डु ऐसे लोगों की सूची में सबसे ऊपर हैं, जिन्हें इस्लामवादी नेताओं ने खत्म कर दिया। 1991 के विधानसभा चुनावों से पहले, ई के नयनार और एम वी राघवन (दोनों मार्क्स, लेनिन और स्टालिन से मिलने के लिए चले गए) जैसे कुछ सीपीआई (एम) नेताओं ने सुझाव दिया था कि पार्टी को मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन करना चाहिए।

लेकिन नंबूदरीपड्डु ने तुरंत जवाब दिया कि मुस्लिम लीग को सहयोगी माने जाने के लिए अपना नाम और झंडा (जो पाकिस्तानी राष्ट्रीय ध्वज जैसा दिखता था) हटा देना चाहिए। मुस्लिम लीग के नेता क्रोधित हो गए और उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि नंबूदरीपड्डु को आकार में काट दिया जाए और सीपीआई (एम) ने उन्हें 1992 में महासचिव के प्रतिष्ठित पद से हटा दिया। मुस्लिम समुदाय के नेताओं के गुस्से का शिकार होने वाले अगले व्यक्ति ए के एंटनी थे जो 2001 से 2004 की अवधि के दौरान मुख्यमंत्री थे। 2003 में मराड समुद्र तट पर हुए नरसंहार में इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा आठ हिंदू मछुआरों की हत्या एंटनी के कार्यकाल के दौरान हुई थी लेकिन उन्होंने लीग के नेताओं को खुले तौर पर चेतावनी दी कि सांप्रदायिक संगठनों की संगठित सौदेबाजी की शक्ति को उनकी सरकार द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

इससे मुस्लिम लीग नेतृत्व आहत हुआ और उसने कांग्रेस हाईकमान से एंटनी को जल्द से जल्द मुख्यमंत्री पद से हटाने के लिए कहा। इस तरह एंटनी ने 2004 के लोकसभा चुनावों के बाद अपना इस्तीफा दे दिया और नई दिल्ली चले गए। सीपीआई (एम) के एक व्यापक रूप से सम्मानित नेता वी एस अच्युतानंदन ने 2006 में विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। अच्युतानंदन हमेशा किसी भी तरह की सांप्रदायिकता और कट्टरता के खिलाफ थे। 2010 में राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रेस मीटिंग के दौरान अच्युतानंदन ने कहा कि लव जिहाद एक वास्तविकता है। उन्होंने कहा था, मुस्लिम कट्टरपंथियों का एजेंडा अगले दो दशकों में केरल को मुस्लिम बहुल राज्य में बदलना है। हालांकि सीपीआई (एम) 2011 के चुनावों में मामूली अंतर से हारी थी, लेकिन पार्टी 2016 में पूरे केरल में अच्युतानंदन की सद्भावना का इस्तेमाल करते हुए सत्ता में लौट आई। कासरगोड से तिरुवनंतपुरम तक राजमार्ग पर अच्युतानंदन के बड़े-बड़े पोस्टर लगे हुए थे, जिससे यह आभास होता था कि चुनाव के बाद मुख्यमंत्री के रूप में सीपीआई(एम) की पसंद वे ही होंगे। लेकिन पिनाराई विजयन, जिनकी तस्वीरें या पोस्टर स्पष्ट रूप से गायब थे, को पार्टी के नेतृत्व द्वारा मुख्यमंत्री के रूप में नामित किया गया और तब से वे केरल के बेताज बादशाह बन गए हैं।

अच्युतानंदन को सीपीआई (एम) में मुस्लिम समुदाय के प्रभाव के कारण दरकिनार नहीं किया गया। मुस्लिम लीग और समुदाय के नेताओं की नाराजगी ने जी सुधाकरन के राजनीतिक करियर को भी खत्म कर दिया, जो सीपीआई (एम) के एक मंत्री थे, जिन्हें अलप्पुझा के जिला-स्तरीय नेता (सभी मुस्लिम समुदाय से संबंधित) नापसंद करते थे, जहां से वे आते हैं। पीसी जॉर्ज, सात बार के विधायक जिन्होंने विधानसभा चुनावों में एलडीएफ और यूडीएफ दोनों को हराया था, उन्हें लव जिहाद और इस ऑपरेशन में विभिन्न इस्लामी संगठनों की भूमिका की आलोचना करने के लिए अपने गृह क्षेत्र पूंजर में धूल चाटनी पड़ी। चार दशकों से अधिक समय तक, जॉर्ज मुस्लिम समुदाय के लिए स्वीकार्य एक धर्मनिरपेक्ष नेता थे।

लेकिन जब उन्होंने लव जिहाद के पीड़ितों की दुर्दशा की ओर इशारा किया, तो जॉर्ज मानवता के दुश्मन बन गए और पूरे मुस्लिम समुदाय ने 2021 के विधानसभा चुनाव में उनके खिलाफ मतदान किया। यह केरल की धर्मनिरपेक्षता का ब्रांड है। इस्लामिक संगठनों पर सवाल उठाने की हिम्मत करने वालों के लिए चेतावनी का आदर्श शब्द होगा।

## आप की बात

### प्रवासियों का योगदान

**हाल ही में जारी** यूनाइटेड नेशंस माइग्रेशन एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय प्रवासियों द्वारा वर्ष 2022 में देश में भेजा गया धन या रेमिटेंस दुनिया में सबसे ज्यादा है। यह भारतीय प्रवासियों की परिश्रम, दक्षता और मातृभूमि के प्रति स्नेह को दर्शाती है। उनके द्वारा भेजी 111 अरब डॉलर की राशि ने देश की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गर्व की बात है कि भारत विश्व का पहला देश बन गया है जहां प्रवासियों द्वारा एक साल में 100 अरब डॉलर से अधिक रकम भेजी गई है। यह रकम प्रत्यक्ष कुल विदेशी निवेश-एफडीआई से भी ज्यादा है। लेकिन प्रवासी भारतीयों को विदेश में अनेक समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। उन्हें कई बार दुर्व्यवहार और नस्ली घृणा का शिकार होना पड़ता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान प्रवासी भारतीयों की सुरक्षित वापसी के लिए चलाए अभियान ने साबित किया कि भारत सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। प्रवासी भारतीयों को देश में सम्माननीय स्थान देने के लिए विदेश से मताधिकार तथा दुहरी नागरिकता जैसी व्यवस्थाओं पर भी विचार होना चाहिए। इससे प्रवासी भारतीयों का देश से जुड़ाव और बढ़ेगा तथा वे नीति निर्धारण में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकेंगे। नई सरकार को इस पर विचार करना चाहिए।

**अवनीश कुमार गुप्ता**, आजमगढ़

### विस्तारवादी चीन

**पाक अधिकृत कश्मीर**- पीओके में चीन कुछ समय से ज्यादा ही दिलचस्पी दिखा रहा है। चीनी राष्ट्राध्यक्षों की मंशा शुरू से ही यथासंभव दुनिया के अन्य देशों की अधिकतम भूमि हड़पने की रही है। इसके चलते अपनी सीमा से सटे हुए लगभग सभी देशों के साथ उसका भूमि विवाद चल रहा है। भारत के साथ भी भी कई वर्षों से वह यह विवाद कर रहा है और अरुणाचल तक पर अपना अधिपत्य जता रहा है। ऐसे ही पाकिस्तान जैसे मूर्ख देश ने जब चीन को पीओके का एक भूभाग प्लेट में रखकर सौंप दिया तो वह इसका अधिकतम उपयोग अपने लाभके लिए करने लगा है। इसका सबसे ज्यादा तनाव भारत को झेलना पड़ रहा है। अन्य छोटे देशों को भी वह कर्ज के जाल में फंसा कर धीरे-धीरे उन पर आधिपत्य जमाने ने में लगा हुआ है। छोटे देशों के कुछ नेता चीन से भारी नजराने प्राप्त कर उसकी गोद में जा बैठते हैं। मालदीव इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण है। ऐसे में भारत को अपनी सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय राजनय को अपने पक्ष में करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना होगा। भारत सरकार को अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए अपना कद और बड़ा करना होगा।

– **सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### एनटीए की परीक्षा

**नेशनल टेस्टिंग एजेंसी**-एनटीए द्वारा ली जाने वाली संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा का यह तीसरा साल है। उम्मीद थी कि पिछली गड़बड़ियों का निराकरण करते हुए इस साल सब कुछ ठीक हो जाएगा लेकिन इस साल भी छात्रों को कई तरह की दिक्कतें उठानी पड़ी। पहले 12वीं के मार्क्स पर कॉलेज में एडमिशन हो जाता था। लेकिन अब उसके स्थान पर संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा शुरू की गई है। इससे देश के लाखों छात्रों को काफी फीस अलग से देनी पड़ती है। इसके साथ ही परीक्षाओं में भयानक अव्यवस्था व्याप्त है। इस बार भी परीक्षा केंद चुनिंदा बड़े शहरों में और कहीं-कहीं शहरों से 30-40 किमी. दूर रखे गए। अनेक परीक्षा केन्द्रों में भारी अव्यवस्थाओं के चलते छात्रों को काफी तकलीफ उठानी पड़ी। कुछ केन्द्रों पर तो बिजली सप्लाई की भी समुचित व्यवस्था नहीं थी। इसके साथ ही छात्रों को इन शहरों में होटलों में रहने व भोजन आदि पर भी बहुत खर्च करना पड़ा। ऐसे में बेहतर होगा कि जहां 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं ली जाती है उन्ही केंद्रो पर एनटीए की परीक्षाएं आयोजित की जांए ताकि छात्रों का समय व धन बच सके और वह शांत मन से अपने घर पर परीक्षा की तैयारी कर सकें। उम्मीद है कि अधिकारी इस पर गौर करेंगे।

– **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

### राजनेताओं की परीक्षा

**चुनाव** में कोई अपने खानदान की याद दिला रहा है तो कोई अपने पूर्वजों की तथाकथित कुरबानी, कोई कमर दर्द से परेशान होने के बाद भी लोकतंत्र बचाने में जुटा है तो कोई दोबारा जेल न जाने के लिए वोट मांग रहा है। जनता सोचती है कि कहीं संविधान और लोकतंत्र पर खतरे का भय दिखा कर विपक्ष देश को जातिगत रूप से तोड़ने में कामयाब तो नहीं हो जाएगा। इसके जवाब में किसान सम्मान निधि, आयुष्मान योजना, खाद्य सुरक्षा, धारा 370 का उन्मूलन, अभिनन्दन की वापसी, बालाकोट हवाई हमला, राम मंदिर, रैपिड रेल, काशी कोरिडोर, अटल टनल, उज्जवला योजना, तेज गति से होता राजमार्गों का निर्माण, फ्रेट कोरिडोर और अन्य योजनाओं पर नज़र डालें तो पिछले 10 वर्षों का कार्यकाल संतोषजनक दिखाई पड़ता है। मतदाताओं में नाराजी व सहमति अनेकों मुद्दों पर हो सकती है। संभव है कि कुछ जगह वर्तमान सरकार चूक गई हो पर अंतत: भारतीय जनता अपने विवेक से व्यापक तस्वीर तथा देश के भविष्य को देख कर फैसला देगी। देखना होगा कि राजनेता चुनाव की परीक्षा में कैसा प्रदर्शन करते हैं।

– **मनोज पुरुषार्थी**, मेरठ

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# पुलिस व संयुक्त टीम ने किया घटनास्थल का निरीक्षण, भीषण दुर्घटना में हुई थी 19 मौतें

## माल वाहकों, पर सवारी परिवहन करते पाए जाने पर ड्राइवर का लायसेंस होगा निलंबन, वाहन मालिक, चालक पर होंगी कड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com





सोमवार को पिकअप वाहन में घटित भीषण सड़क दुर्घटना जिसमे 19 लोगो की मृत्यु एवं 4 लोग घायल हुए, के मद्देनजर आज 21.05.2024 को पुलिस/ परिवहन/ रोड एजेंसी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया है। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य दुर्घटना के वास्तविक कारणों को जानना एवं भविष्य में संभावित दुर्घटना को रोकने हेतु आवश्यक प्रयास किया जाना है। निरीक्षण में पाया गया की दुर्घटना का वास्तविक कारण माला वाहक गाड़ी में सवारियों को भर कर ले जाना, एवं पिकअप के ड्राइवर द्वारा लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने से दुर्घटना घटित हुई है। भविष्य में संभावित दुर्धटनाओ को रोकने के लिए संयुक्त टीम द्वारा निर्णय लिया गया की माल वाहक वाहनों में सवारी परिवहन करने वाले वाहन चालकों एवं मालिकों पर मोटर व्हीकल एक्ट अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई कर आरोपी वाहन चालक का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन करने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही घटना स्थल एवं आस पास संकेतक बोर्ड, गति नियंत्रक बोर्ड लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। संयुक्त टीम के द्वारा कुकदूर के आगरपानी घाटी में जाकर ब्लैक स्पॉट का भी निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय किए जाने का निर्णय लिया गया है। संयुक्त टीम के निरीक्षण के दौरान अंतर विभागीय लीड एजेंसी अध्यक्ष एआईजी संजय शर्मा पुलिस मुख्यालय रायपुर एवं आरटीओ अधिकारी मोहन साहू, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी एसडीओ ओ पी उपाध्याय, यातायात से एएसआई विक्रांत गुप्ता, प्रधान आरक्षक 119 राजेश गौतम, आरक्षक 496 राजकुमार तिवारी, आईरैड से महेंद्र कौशिक एवं थाना कुकदूर के एएसआई प्रहलाद चंद्रवंशी एवं स्टाफ द्वारा थाना कुकदूर क्षेत्र के बाहपानी घाटी में हुए पिकअप द्वारा सड़क दुर्घटना का घटनास्थल के संयुक्त निरीक्षण में उपस्थित रहे।

# सैगौना समरकैम्प में हुए विविध कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय हाई स्कूल सैगोना, विकासखंड साजा जिला बेमेतरा में समर कैंप के आयोजन में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं दक्षता निर्माण, व्यक्तित्व विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन एवं प्रस्तुतीकरण विद्यार्थियों,पालकों एवं शिक्षकों के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम सैगोना एवं कुर्रा व खैरा के विद्यार्थियों के माता-पिता एवं पालकों को भी आमंत्रित किया गया ताकि विभिन्न विधाओं के जानकार माता-पिता, पालकों द्वारा प्रदत्त ज्ञान को विद्यार्थी गण ग्रहण कर सके और अपने जीवन में उतर सके। समर कैंप में गणित एवं विज्ञान प्रश्न मंच, कहानी कथन गायन, भाषण कला, खेल गतिविधियां सहित विभिन्न विधाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। कैंप में संस्था के प्राचार्य नलेश्वर साहू ,वरिष्ठ व्याख्याता अनिल कुमार तिवारी ,पालक सुशील चंद्राकर, बाबू अंजोर दास कौशले, मनीष मिर्जे, स्वच्छक राजकुमार साहू सहित छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। भोलाराम साहू कक्षा दसवीं देश भक्ति गीत गाकर राष्ट्र प्रेम के लिए प्रेरित किया वहीं उपस्थित पालकों की ओर से सुशील चंद्राकर ने कहानी कथन कर कहानी निर्माण व कथन के लिए बच्चों को प्रभावित व प्रेरित किया।

# ग्रीष्मकालीन शिविर में मिडिल और प्राइमरी के बच्चों को दिया जा रहा है योगा, इंडोर गेम प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन 15 मई 2024 से किया जा रहा है, बच्चों के बुनियादी कौशल को उत्कृष्ट बनाने और उनमें आत्मविश्वास वृद्धि करने के उद्देश्य से मिडिल और प्राइमरी के बच्चों को योगा, इंडोर गेम्स- केरम, शतरंज, बेडमिंटन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट ड्राइंग, पेंटिंग, रंगोली के माध्यम से नई-नई कलाकृति और चित्रकारी सिखाई जा रही है। 20 मई को विद्यालय में स्पेशल गेस्ट कु. अपूर्वा साहू (भरतनाट्यम ओलंपियाड 6 वर्ष कोर्स खैरागढ़ यूनिवर्सिटी )को बुलाया गया था, जिन्होंने भरत नाट्यम की आधारभूत नृत्य कला बच्चों को सिखाया। जिसमें कक्षा पांचवी से लेकर नवमी तक की बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रीष्मकालीन



शिविर का आयोजन प्राइमरी और मिडिल स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा किया जा रहा है।

# मानसून आने के पहले जिले में आपदा प्रबंधन की अग्रिम तैयारी शुरू

## शहर में नाले-नालियों की सफाई युद्धस्तर पर करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




जिला प्रशासन द्वारा अगले माह मानसून के आने की प्रबल संभावना को ध्यान में रखकर बेमेतरा ज़िले में आपदा प्रबंधन की अग्रिम तैयारी शुरू कर दी है। कलेक्टर रणवीर शर्मा ने समय सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों पूरी समय रहते तैयारी करने कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, संभाग, कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग, ज़िले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जिला सेनानी होमगार्ड, ज़िले के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी (समस्त) नगरीय निकाय, अनुविभागीय अधिकारी (वन) और प्रभारी अधिकारी (आपदा प्रबंधन) समेत ज़िला अधिकारी मौजूद थे। बैठक में आगामी मानसून में बाढ़ एवं वर्षा से उत्पन्न विपत्तियों से निपटने की तैयारियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला एवं तहसीलस्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष सहित आपदा प्रबंधन के लिए कार्य योजना के संबंध में विस्तार से विचार विमर्श किया गया। कलेक्टर शर्मा ने आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए सभी ज़रूरी बचाव एवं राहत संबंधी तैयारियाँ पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राकृतिक विपदाओं से जनजीवन की सुरक्षा तथा राहत एवं बचाव की अग्रिम व्यवस्था करने कहा। उन्होंने शहरों में नाले-नालियों की सफाई युद्धस्तर पर करने के निर्देश दिए। असुरक्षित पेड़ों की कटिंग, ख़ास तौर पर बिजली के तारों के आसपास के, असुरक्षित होडिंग का निरीक्षण कर हटाने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष (कन्ट्रोल रूम) स्थापित करने और हर जिले में जिला एवं तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण अधिकारी भी नामांकित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर यह भी सुनिश्चित करने कहा गया है कि यह कन्ट्रोल रूम 24 घंटे कार्य करें और कन्ट्रोल रूम के दूरभाष की जानकारी आम नागरिकों को उपलब्ध कराने के लिए इसका प्रचार स्थानीय समाचार पत्रों, आकाशवाणी और दूरदर्शन पर किया जाए और सूचना पटल पर भी टेलीफोन नम्बर प्रदर्शित किया जाए। आपदा कन्ट्रोल रूम आगामी 01 जून से 24 घंटे काम करना शुरू कर दें यह भी सुनिश्चित किया जाये। शर्मा ने ज़िले के ऐसे क्षेत्रों की पहचान करने को कहा गया है जहां प्रतिवर्ष बाढ़ जैसी आपदा का सामना करना पड़ता है। उन्हें इन क्षेत्रों की सतत निगरानी के लिए विशेष व्यवस्था करने और बाढ़ जैसी स्थिति में लोगों को आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने और उनके ठहराने के लिए कैम्प स्थापित करने की सम्पूर्ण योजना पहले से निश्चित करने को कहा गया है। पेयजल की शुद्धता और स्वच्छता की दृष्टि से कुओं और हैण्डपम्पों में ब्लीचिंग पावडर के छिड़काव की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने कहा।

# ठोस अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन हेतु एनजीटी के निर्देशों का पालन करें : कलेक्टर शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं घरेलू दूषित जल के प्रबंधन के संबंध में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। बैठक में ठोस अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन हेतु राष्ट्रीय हरित अधिकरण एनजीटी के निर्देशों के अनुपालन हेतु टास्क फोर्स समिति ठोस अपशिष्ट के अपवहन तथा जनजागरण कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ठोस अपशिष्ट-प्लास्टिक अपशिष्ट-बायोमेडिकल वेस्ट का प्रबंधन सही तरीके से करने के निर्देश दिए है। उन्होंने व्यवस्थित रूप से अपशिष्ट का प्रबंधन करने के निर्देश कलेक्टर ने ज़िले के सभी नगरपालिका अधिकारियों को दिए है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि कचरा डम्पिंग के चलते क्षेत्र में किसी भी प्रकार की बीमारी या अन्य कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बेमेतरा के समस्त (शासकीय एवं निजी ) अस्पतालों में बायोमेडिकल वेस्ट का प्रबंधन की निगरानी के निर्देश दिए है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक विशेष अभियान खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति और कचरा मुक्त शहर को प्राप्त करना है। कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि कचरे को अलग-अलग करने के लिए आम जनता को जागरूक करना चाहिए और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा डंप करने की बुराइयों के बारे में बताना चाहिए। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि आने वाले दिनों में स्कूल और कॉलेज के छात्रों के बीच ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में विशेष वार्ता आयोजित करके, ड्राइंग, डिजाइनिंग पोस्टर, नारे लिखने और क्षेत्र के दौरे जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करके जागरूकता पैदा करने के लिए कदम उठाए जायें। बैठक में नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र उपाध्याय ने ठोस अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन की कार्रवाई से अवगत कराया। बैठक के प्रमुख एजेंडा में नगरीय निकायों में डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रहण एवं परिवहन, एसएलआरएम सेंटर में संचालित गतिविधियां एवं शेड की व्यवस्थाए प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग पर कार्यवाही विवरण, ई-वेस्ट का संग्रहण एवं रिसाईक्लिंग, ठोस अपशिष्टों का लैंड फिलिंग, ध्वनि प्रदूषण के रोकथाम की जानकारी तथा एनजीटी के द्वारा समय-समय पर प्रसारित आदेशों के परिपालन पर संक्षेप में चर्चा की गई। सभी संबंधित बिंदुओं पर प्रतिवेदन

# शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेरला में उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेरला में स्ट्राइव योजनांतर्गत प्रशिक्षणार्थियों के लिए इंटर्नशिप अवेयरनेस प्रोग्राम 02 दिवस एवं इंटर्नशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम 15 दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों के लिए उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम एवं उद्यमिता विकास योजना का शुभारंभ 15 मई 2024 से किया गया है। जिसका उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में 2 दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला किया जायेगा इस कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों को उद्यमिता की बुनियादी अवधारणाओं सफल उद्यमियों की प्रेरणा दायक कहानियों और व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक कौशल के बारे में जानकारी दी जावेगी। 15 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में यह गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षणार्थियों को व्यवसाय योजना बनाने, वित्तपोषण प्राप्त करने, मार्केटिंग रणनीति विकसित करने और अपने व्यवसायों का प्रबंधन करने के लिए आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान और कौशल प्रदान करेगा। आत्मनिर्भरता यह योजना प्रशिक्षणार्थियों को आत्मनिर्भर बनने और अपने जीविका कमाने के लिए प्रेरित करेगी। प्रशिक्षित युवा अपने स्वयं के व्यवसाय शुरू करके दूसरे के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा कर सकते है। आर्थिक विकास यह योजना क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान करेगी। यह योजना आई.टी.आई. बेरला के प्रशिक्षणार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह उन्हें आत्मनिर्भर बनने, अपने सपनों को पूरा करने और देश के विकास में योगदान करने में मदद करेगा।

# वाहन दुर्घटना में 19, लोगों की मौत पर अकबर की गहरी सवेंदना

## घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कुकदुर के समीप बाहपनी घाट में मालवाहक वाहन खाई में गिरने से हुए दुर्घटना में 19 लोगों की मृत्यु पर पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। पूर्व मंत्री ने मृतकों के परिजनों तथा घायलों को राज्य शासन की ओर से दी गई सहायता राशि के अलावा दुर्घटना बीमा राशि भी दिलाए जाने की जरूरत बताई है। पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा है कि मीडिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्रेक फेल होने के बाद मालवाहक वाहन का ड्राइवर वाहन से कूद गया। आजकल के वाहन एडवांस टेक्नोलाजी के हैं जिसमें ब्रेक फेल की गुंजाईश कम ही रहती है। इसके अलावा वाहन में हैंड ब्रेक की सुविधा भी रहती है। वाहन को गेयर के जरिए भी कंट्रोल किया जा सकता है। मालवाहक वाहन में सवार लोग दुर्घटना के शिकार हो गए हैं। बीमा राशि के जरिए भी सहायता दिलाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

# नवलपुर में नाबालिग बालिका का रोका गया बाल विवाह

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रणबीर शर्मा के आदेशानुसार जिले में बाल विवाह मुक्त करने हेतु संयुक्त टीम जिले में लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में जिला बाल संरक्षण इकाई (मिशन वात्सलय) को प्राप्त सूचना अनुसार एवं चाइल्ड हेल्पलाईन न. 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग को विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम नवलपुर, तहसील बेमेतरा की एक बालिका जिसका उम्र महज 16 वर्ष 7 माह की है, उक्त बालिका बाल विवाह की जानकारी प्राप्त हुई थी, जानकारी के आधार पर चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सी.पी. शर्मा महिला एवं बाल विकास अधिकारी के निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण अधिकारी व्योम श्रीवास्तव एवं बेमेतरा परियोजना अधिकारी लीना दीवान के मार्गदर्शन में बाल विवाह के रोकथाम हेतु कार्यवाही की गयी। उक्त ग्राम में महिलांगे परिवार की बालिका का बाल विवाह होने जा रहा था। बाल विवाह किये जाने की सूचना पर महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड हल्पलाईन 1098 एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा शिकायत प्राप्त होने पर महिलांगे परिवार में हो रहे बालिका के बाल विवाह को रोकवाया गया। उक्त बालिका की बारात ग्रान हीरापुर, जिला कवर्धा के कोसले परिवार से आना था। सूचना के पश्चात टीम द्वारा बालिका के परिजनों के समक्ष कार्यवाही किया गया। बालिका के परिजनों के द्वारा निर्धारित आयु पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह किये जाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की गई तथा विवाह स्थगित करने की बात कही गई, युवक के परिजनों के कथन अनुसार हमें यह ज्ञात नहीं था कि वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत् 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह गैर कानूनी है। उक्त गठित टीम में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा समझाईस दिये जाने पर वधू पक्ष द्वारा उक्त बालिका की विवाह वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत् विवाह किये जाने की शपथपूर्वक कथन किया गया। संयुक्त टीम द्वारा उन्हे बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के बारे में बताया गया कि निर्धारित आयु पूर्ण होने के पूर्व विवाह करवाना अपराध है। बाल विवाह कराने वाले सभी सेवा प्रदाताओं पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। जो व्यक्ति ऐसा करता या कराता है या विवाह में सहयोग4 प्रदान करता है. तो उसे भी 02 वर्ष तक कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रू. तक हो सकता है अथवा दोनो से दण्डित किया जा सकता है। बाल विवाह के दुष्परिणामः बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का निर्मम उल्लंघन है। बाल विवाह से बच्चों के पोषण और हिंसा, उत्पीडन व शोषण से बचाव के मूलभूत अधिकारों का हनन होता है। कम उम्र में बाल विवाह से शिक्षा के अधिकारों का हनन होता है। बाल विवाह से बच्चों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पडता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को बालक विवाह प्रतिषेध अधिकारी घोषित किया गया है। बाल विवाह की सूचना अनुविभागीय दण्डाधिकारी, पुलिस थाने में महिला एवं बाल विकास विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी/ कर्मचारी/ ऑगनबाडी कार्यकर्ता, सरपंच, कोटवार आदि को दी जा सकती है। इस कानून के अनुसार बाल विवाह के बंधन में आने वाले बालक/बालिका को अपना विवाह शून्य घोषित कराने का अधिकार है। बाल विवाह की जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 में या विभागीय मो. न. 8319141116, 8269844404 पर सूचित किया जा सकता है।

# समाधान महाविद्यालय में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



महाविद्यालय एवं समाधान आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन कराया गया। इस प्लेसमेंट कैंप में मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड, रायपुर (छ.ग.), जियो प्राइवेट लिमिटेड (छ.ग.) एवं श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस, बेमेतरा (छः.ग.) ने अभ्यर्थियों से विभिन्न पदों में भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किये। इस कैंप में विभिन्न पदों जैसे रिलेशनशिप ऑफिसर, ब्रांच क्रेडिट मैनेजर, सेल्स मैनेजर, बिजनेस एसोसिएट, टेक्नीशियन एवं एमआईएस शामिल थें। सर्वप्रथम कंपनी के अधिकारियों ने अभ्यर्थियों को जाब के संबंध में संपूर्ण जानकारी विस्तारपूर्वक दी एवं कार्य के प्रति ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ होने के लिए शुभकामनाएं दी, जिससे अभ्यर्थियों में उत्साह एवं आत्मविश्वास देखने को मिला। तत्पश्चात अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन माध्यम से कराया गया। सभी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए क्रमशः बुलाया गया। साक्षात्कार के लिए अलग-अलग कक्ष की व्यवस्था की गई थी। इस प्लेसमेंट कैंप में 300 से अधिक ऑनलाईन आवेदन किया तथा 160 से अधिक युवाओं ने उपस्थित होकर साक्षात्कार दिया अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के दौरान उनकी योग्यता व अनुभव के आधार पर किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने सभी युवाओं को शुभकामना दिए एवं आगे और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। भविष्य में इस प्रकार के प्लेसमेंट कैंप आयोजित कराये जाने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में समन्वयक के रूप में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, संगीता अग्रवाल रहें। इस कैंप में सहयोग के रूप में महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी राजेश गजपाल, आईटीआई की प्राचार्या आशा झा,आईटीआई के अधीक्षक सुबीर टंडन तथा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक लक्ष्मीनारायण साहू, डॉ जी.डी. मानिकपुरी, योगेश्वर सिन्हा, रूपेंद्र डहरिया, राजेश यादव, अंशु दत्ता, शुभम गजभिये, तुकाराम जोशी, आकाश हिरवानी, होरीलाल देवांगन, संतराम साहू, धर्मपाल नोन्हारे एवं गायत्री राजपूत रहें।

# अधिकारियों के द्वारा किया गया अवैध खनन व ब्लास्टिंग का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com





जांजगीर चांपा क्षेत्र के बिरगहनी पर आए दिन अवैध पत्थर तुड़ान व ब्लास्टिंग से हो रही घटनाओं की जानकारी होने पर खान सुरक्षा विभाग के उप निर्देशक श्रीनिवास चिर्रा ने अपनी टीम के साथ बिरगहनी गांव का निरीक्षण किया। कई स्थानों पर मानक व स्वीकृत से अधिक स्थल पर अवैध खनन व गहराई मिलने पर इसकी जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है। अवैध खनन व ब्लास्टिंग कराने वालों की सूची भी तैयार की जाए ताकि नियमों का पालन कराया जा सके। इसके अलावा जिले एडीएम एसडीएम व जिला खनिज अधिकारी ने भी आज तक में खनन वाले स्थलों का निरीक्षण नही किया है। क्षेत्र में मंगलवार को अवैध ब्लास्टिंग में एक मजदूर के घर में पत्थर का बड़ा टुकड़ा गिर गया इसकी शिकायत होने पर गुरुवार को रायगढ़ से खान सुरक्षा विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम के पहुंचने के पूर्व ही आसपास के खदान पर चल रहे अवैध खनन छोड़कर मजदूर व ठेकेदार भाग निकले। पहले भी 29/04/2024 को लगभग 2 घंटे तक बिरगहनी के खनन स्थल व देवार्टन मोहल्ला डिपरी पारा में मकानों का निरीक्षण करने के बाद खान सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा की बेहद अनदेखी होती है। खनन पट्टाधारक नियमों का पालन नहीं करते हैं। निर्धारित स्थल से ज्यादा क्षेत्र में अवैध खनन व ब्लास्टिंग की जानकारी है। इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। ग्राम पंचायत बिरगहनी के ग्रामीणों के द्वारा यह कहा गया कि हमारे घरों में अधिकारी के द्वारा जांच किया गया और पाया गया कि घरों में बोर ब्लास्टिंग की वजह से दरार आ चुकी है छते गिरने लगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि कोई भी अधिकारी खनन क्षेत्रों में जांच को आता है तो खदान मालिकों को सूचना दे कर आते है ताकि कुछ अगर बिखरा हो तो समेटा जा सके जांजगीर चांपा जिला के अवैध खदानों के संचालन एवं विस्फोटक से संबंधित विभिन्न जन शिकायतों के संदर्भ में 9.5.2024 को जिले के बिरगहनी गांव के समीप खदानों का निरीक्षण अधोहस्तक्षरी द्वारा किया गया। उपरोक्त निरीक्षण के दौरान यह ज्ञात हुआ की बिरगहनी ग्राम के समीप नीचे उल्लेखित छह खदानों में धात्विक खान विनियम 1961 के नियम से खान प्रबंधक ब्लास्ट एवं अन्य डीजीएमएस के दक्षता प्राप्त पर्यवेक्षकों की नियुक्ति नहीं है अतः निम्नलिखित खानों के संचालन विस्फोटक पर पूर्णता रूप से रोक लगा दिया गया है जैसे की खदानों के नाम है नरेंद्र कुमार राठौर, किशोर कुमार राठौड़ प्रकाश राठौड़ जगराम साहू, इसके अलावा पास के गांव देवरहा के समीप दो खदानों में सभी उपरोक्त अनियमिता पाई गई है दोनों खदान के नाम है। संतोष कुमार साहू महेश कुमार मोदी, खदान मालिकों द्वारा सक्षम खान प्रबंधन की नियुक्ति एवं आवश्यक अनुमति प्राप्त करने तक खाना खाना का संचलन स्थगित रखने का निर्देश किया है क्योंकि आज दिनांक तक किसी खान मालिकों के द्वारा इस अनुपालन का पालन नहीं किया जा रहा है आज भी अवैध रूप से बोर ब्लास्टिंग किया जा रहा है और खनन का कार्य जारी है अधिकारी के किसी भी निर्देश का पालन नहीं किया जा रहा है।

# बीच सड़क पर बर्थ केक काट रहे दो युवकों पर पुलिस की प्रतिबंधक कार्रवाई

- टीआई जूटमिल की समझाइश पर युवाओं ने मानी अपनी गलती, बोले सड़क पर बर्थ मनाने की प्रथा को करेंगे बंद

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



युवाओं में बीच सड़क पर बर्थ डे मनाने की प्रथा बढ़ती जा रही है, युवा इस दौरान सड़क पर नाच-गाना, शोर-शराबा कर बेवजह आवाजाही में व्यवधान उत्पन्न करतें है, जो उचित नहीं हैं। इस प्रकार के क्रियाकलापों पर अंकुश लगाने एवं शांति व्यवस्था में व्यवधान करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा प्रभारियों को दिए गये हैं। इसी तारतम्य में नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला की उपस्थित पर टीआई जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा पुलिस कार्रवाई में व्यवधान उत्पन्न करने वाले दो युवकों पर प्रतिबंधक कार्रवाई किया गया है, ये दोनों युवक अपने साथियों के साथ बीच सड़क पर केक काटकर बर्थ डे मना रहे थे और काफी शोर मचा रहे थे पुलिस पेट्रोलिंग मौके पर समझाइश दी तो पुलिसकर्मियों से हुज्जतबाजी करने लगे। दरअसल कल रात्रि करीब 12 बजे थाना जूटमिल अंतर्गत छातामुड़ा बाइपास पर स्थानीय कुछ युवक सड़क के बीचों बीच केक काटकर बर्थ डे मनाते हुए काफी हो-हल्ला कर रहे थे जिन्हें जूटमिल थाने की पेट्रालिंग जाकर समझाइश दिया गया। इस दरम्यान भीड़ के बीच कुछ युवक उग्र होने लगे जिन्हें पेट्रोलिंग द्वारा थाना लाया गया। उनके पीछे-पीछे काफी युवक थाना पहुंचे। थाने में नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला एवं थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज मौजूद थे। थाना प्रभारी द्वारा पूरी जानकारी प्राप्त किये। थाना जूटमिल में पुलिस कार्रवाई में व्यवधान उत्पन्न करने वाले दो युवकों पर धारा 151/107,116 3) ब्तच्ब् के तहत कार्यवाही किया गया है। थाना प्रभारी ने युवाओं को सड़क पर बर्थ डे मनाने से आवाजाही में व्यवधान होने की बात कहकर सड़क पर बर्थ डे मनाने के रिवाज को बंद करने की समझाइश दिया गया। युवाओं द्वारा थाने में एक लिखित आवेदन दिया गया जिसमें उन्होंने भविष्य में सड़क पर बर्थ डे नहीं मनाना लेख किये हैं। अनावेदक ने हो हल्ला, गाली-गलौज करते बर्थ डे मनाने का इंस्टाग्राम स्टोरी अपने इंस्टा अकाउंट से डिलीट किया।

# बिना नाली निर्माण के गुणवत्ताहीन सड़क का किया जा रहा निर्माण, नगरवासी जिम्मेदार पर लगा रहे गंभीर आरोप

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



नगर में घरघोडा से रायगढ रोड में प्रेम नगर से चुहकीमार के पावर ग्रिड स्टेशन तक डामरीकरण किया ज राह है वही घरघोड़ा तमनार चौक के पास हाइस्कूल से प्रेम नगर तक सड़क उखाड़ कर नई सड़क बनाई जा रही है। सड़क निर्माण में भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। नगर में पिछले कई वर्षो से सड़कें खराब हैं। सड़क निर्माण के लिए ठेका हुआ और निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है, लेकिन ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारी की अनुपस्थिति में घटिया सड़क का निर्माण किया जा रहा है। नगरवासियों ने आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण से पहले तैयार किए जाने वाल बेस के मानकों की अनदेखी की गई। कोरसेंट और मोटी बजरी से डामर बिछाने के बजाय रेत और बजरी की पतली परत बिछाकर उस पर सीसी सड़क बना दी गई। कच्चे बेस में मानकों की अनदेखी के साथ ही पक्की सड़क की मोटाई में भी अनियमितता बरती है। नगरवासी नरेन्द्र पौराणिक व रमेश भांभी ने बताया कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। सड़क के बगल में नाली निर्माण किये बिना सड़क बना दिया जा रहा है जिसके कारण सड़क के अगल बगल बने घरों में पानी घुसने का डर बना हुआ है । 15 दिनों में बारिश सुरु हो जाएगी ऐसे में सड़क से सटे घर वालो को काफी दिक्कतों को समाना करना पड़ेगा , सड़क निर्माण के गुणवत्ताहीन बनाये जाने के कारण जवाबदार अधिकारी ठेकेदार मौके से नदारद रहते है निर्माण कार्य को आनन-फानन में काम पूरा करने की कोशिश हो रही है।

बहरहाल देखना होगा कि घरघोड़ा नगर में होने वाले गुणवत्ताहीन निर्माण पर भाजपा शासन के गुड गवर्नेंस जीरो टॉलरेंस की बात कितनी सार्थक होती है।

# अस्पताल में साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

## कलेक्टर आकाश छिकारा ने किया बीडीएम अस्पताल का निरीक्षण, गांव-गांव में लगाए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर: कलेक्टर



पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर आकाश छिकारा ने बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सालय (बीडीएम) अस्पताल का निरीक्षण किया और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन को मरीजों का इलाज पूरी संवेदनशीलता के साथ करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मरीजों के वार्ड, शौचालय की व्यवस्था, लैब तथा आपरेशन थियेटर सहित विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने सफाई व्यवस्था तथा यहां आने वाले मरीजों को शासन की योजनाओं के तहत लाभान्वित करते हुए बेहतर उपचार करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले स्टाफ को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल में मरीजों को पर्याप्त सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने चिकित्सालय में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को बिल्डिंग भवन में जगह जगह आ रहे सीपेज को दुरुस्त करने, टाइल्स लगाने, अस्पताल परिसर की बाउंड्रीवाल, ट्रांसफार्मर को सिफ्ट करने, निर्माण कार्यो का मूल्यांकन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर सहित अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, दवाई कक्ष, प्रसव कक्ष, ओटी कक्ष, नेत्र कक्ष, दंत कक्ष, बर्न यूनिट कक्ष, एचआईवी कक्ष, पैथालॉजी लैब सहित सभी कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने इस दौरान स्टॉक रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए प्रत्येक वार्ड में स्टाक पंजी रखने और पंजी का मुख्य स्टाक पंजी से मिलान करने के निर्देश संबंधितों को दिए। कलेक्टर ने मौके पर सीएमएचओ डॉ वंदना सिसोदिया व सिविल सर्जन डा. अनिल जगत को निर्देशित किया कि वे भी अस्पताल में समय-समय पर आकर निरीक्षण करे। निरीक्षण के दौरान पी डब्ल्यू डी लहरे, डी पी एम उत्कर्ष तिवारी सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### हिमांशु को गोद में उठाकर कलेक्टर ने किया दुलार

एनआरसी कक्ष का निरीक्षण करते कलेक्टर आकाश छिकारा ने महुदा से आए हिमांशु कर्ष को अपनी गोद में उठाकर दुलार किया। पोषण की कमी के चलते ढाई वर्षीय हिमांशु को नियमित पोष्टिक आहार दिया जा रहा है। नियमित पौष्टिक आहार के संबंध में कलेक्टर ने हिमांशु की मां से चर्चा भी की। इसके अलावा उन्होंने एन आर सी स्टाफ को सभी बच्चों को डाइट के अनुसार पौष्टिक आहार देने, खिलौनों से बच्चों का मनोरंजन करने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रसव कक्ष में भर्ती लता से भी उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और जच्चा बच्चा की नियमित देखभाल करने कहा। उन्होंने जनरल वार्ड में भर्ती पदुमलाल बरेठ, वृहस्पति बाई महंत से अस्पताल में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

# मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा सुबह शाम दिया जा रहा पेड़ पौधों को पानी




पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

बढ़ते तापमान और गर्मी को देखते हुए पानी की जरूरत हर किसी को पड़ती है, उसी कड़ी में मुंगेली जिला कलेक्टर राहुल देव के निर्देश अनुसार मुंगेली नगर पालिका में स्थित समस्त पेड़ पौधे एवं डिवाइडर पर लगे पौधों पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनुभव सिंह के नेतृत्व में पानी डाला जा रहा है। मुंगेली नगर पालिका अंतर्गत लगे पेड़ पौधों एवं डिवाइडर पर लगे पौधों को मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनुभव सिंह स्वयं उपस्थित होकर सुबह और शाम पानी डलवाया जा रहा है जिससे पौधों गर्मी के शिकार से बचाया जा सके और तारे ताजा रहकर शुद्ध हवा देते रहे, उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि समस्त नगरवासी अपने आसपास लगे पेड़ पौधों को पर पानी अवश्य डालें ताकि ऑक्सीजन का संतुलन बना रहे और पौधे को मारने से बचाया जा सके क्योंकि पिछले दिनों से भयंकर लू चल रही है जिसकी वजह से छोटे पौधे गर्मी के कारण जल रहे हैं। साथ उन्होंने यह भी कहा है कि छत में या खुले आसमान के नीचे एक मिट्टी के बर्तन में पक्षियों के लिए भी पानी जरूर रखा जाए ताकि किसी भी पक्षी की मृत्यु पानी की वजह से न हो।

# भारी वाहन का नो एंट्री में प्रवेश, जांच में वाहन चालक मिला बिना ड्राइविंग लाइसेंस, शराब सेवन के नशे में वाहन चलाते

- यातायात पुलिस की वाहन चालक और वाहन स्वामी पर कार्यवाही, कोर्ट से वाहन मालिक और वाहन चालक का पर 22,000 का जुर्माना





पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर लगातार यातायात पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 17 मई शुक्रवार की रात्रि ढिमरापुर चौक से शहर अंदर नो पॉइंट में घुसी भारी वाहन क्रमांक एमएच 43 सीई 5488 को ट्रैफिक पुलिसकर्मी द्वारा यातायात थाने लाया गया। वाहन चालक न्यानेश्वर दत्तात्रे वीर सेट्ठी शराब सेवन करना प्रतीत होने पर ब्रीथ एनालाइजर से स्वांस का जांच किया गया, वाहन चालक शराब सेवन पाया गया जिसे नो एंट्री में वाहन प्रवेश करने की जानकारी देते हुए उससे ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन के कागजात पेश करने कहा गया। वाहन चालक ने ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होना बताया, वाहन के कागजात अनुसार वाहन नवी मुंबई के नवनाथ मारुति शिंदे के नाम पर पंजीकृत है। डीसीपी ट्रैफिक रमेश चन्द्रा द्वारा वाहन चालक और वाहन स्वामी पर मोटर व्हीकल एक्ट की सुसंगत धाराओं पर इस्तगासा तैयार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रायगढ़ के न्यायालय पेश किया गया था जहां वाहन चालक न्यानेश्वर दत्तात्रे वीर सेट्ठी पिता दत्तात्रे वीर सेट्ठी उम्र 30 साल निवासी तुरंजापुर रोड सोलापुर (महाराष्ट्र) पर न्यायालय द्वारा 3/181 एमव्ही एक्ट (बिना लायसेंस) में 5,000 एवं 185 डट । बज (शराब सेवन) पर 10,000 तथा डट (नो एंट्री जोन में प्रवेश) पर 2,000 कुल 17,000 रुपए एवं वाहन स्वामी नवनाथ मारुति शिंदे पिता मारुति शिंदे उम्र 33 साल निवासी तालाबली गांव नवी मुंबई पर 5/180 एमव्ही एक्ट (बिना लाइसेंस वाहन चालक को वाहन चलाने की अनुज्ञा देने पर) 5000 का अर्थ दंड से दंडित किया गया है।

# थाना प्रभारी ने मालवाहक वाहनों के चालकों और वाहन मालिकों की बैठक लेकर दिए समझाइश

## माल वाहक वाहनों पर सवारी ले जाने पर होगी सख्त कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



माल वाहक वाहनों पर खतरनाक तरीके से यात्री परिवहन को लेकर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर पूर्व में जिले के सभी थानाक्षेत्रों में थाना प्रभारियों ने बैठक लेकर माल वाहक वाहनों के ड्राइवर और वाहन स्वामियों की माल वाहक वाहनों में सवारी नहीं लेने की समझाइश दी गई थी। पिछले दिनों कवर्धा जिले में माल वाहक वाहन में खतरनाक तरीके से यात्री परिवहन पर बड़ी दुर्घटना का मामला सामने आया है जिसे लेकर पुनः पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर कल सभी थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारी ने माल वाहक वाहन चालकों और वाहन स्वामियों की मीटिंग लिया गया। थाना प्रभारी ने ड्राइवर व वाहन स्वामी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे किसी भी स्थिति में माल वाहक वाहनों में सवारी ना ले जावें। अधिकांशतः ग्रामीण क्षेत्रों में शादी या किसी समारोह में जाने के लिए ग्रामीण ट्रैक्टर या माल वाहक वाहन का उपयोग करते हैं, इससे बचा जावें, नाबालिगों को ट्रैक्टर वाहन चलाने ना दें। थाना प्रभारियों ने ड्रायवरों को हिदायत दिया गया कि तेज गति और शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने पर सख्त वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। वाहन चालाकों को जानकारी दिया गया कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों का कोर्ट में नियमानुसार भारी जुर्माना किया जा रहा है, शराब पीकर वाहन ना चलावें। बैठक में वाहन चालकों को गुड सेमेटेरियन की भावना से किसी वाहन से दुर्घटना हो जाने पर घायलों को अस्पताल पहुंचने तथा अस्पताल व पुलिस को सूचना देने प्रेरित किया गया। पुलिस टीमें अपने-अपने क्षेत्रों में मुनादी कर अपील कर रही है कि माल वाहक वाहनों पर यात्रा ना करें। वहीं कई थानाक्षेत्रों में माल वाहक वाहनों पर सवारी ले जा रहे, वाहन चालकों पर कार्रवाई भी की गई है।

## अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने 21 मई को करी अपनी टीम की घोषणा

# अग्रवाल सभा शक्ति की नवीन कार्यकारिणी की हुई घोषणा

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com





अग्रवाल सभा शक्ति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने 21 मई को अपनी नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की है, इस कार्यकारिणी में निर्वित्तमान अध्यक्ष- आनंद अग्रवाल।

**संरक्षक गण-** रामअवतार अग्रवाल, गणेश राम अग्रवाल (हजारी), जुगमंदर अग्रवाल,गोविंदराम कथूरिया, सत्यनारायण जिंदल (ज्ञानी चंदगी), नारायण गोयल, ओमप्रकाश बंसल (लाख वाले), प्रेमचंद सराफ (बीपी), सुरेश अग्रवाल(डीएम), प्रहलाद अग्रवाल (फूलचंद गोविंद राम), रमेश अग्रवाल (सूरजभान नंदकिशोर),

**प्रमुख सलाहकार-** मांगेराम अग्रवाल (शिव बुक सेंटर), रमेशचंद अग्रवाल (पशु आहार), शंकरलाल अग्रवाल (शंकर सेल्स), अनूप अग्रवाल (अनूप ट्रेडर्स), अमरचंद अग्रवाल (महामाया),

**अध्यक्ष-** श्यामसुंदर अग्रवाल,उपाध्यक्ष गण- हरिओम अग्रवाल (ओम ज्वेलर्स), अमित अग्रवाल (सूरजभान) सुनील बंसल, विजय डालमिया (बिज्जू),चमन अग्रवाल(डीएम), रवि जिंदल (बंटी), सचिव- कन्हैया गोयल।

**सह सचिव-** राजकुमार अग्रवाल (राजू) कनीराम मांगेराम, मुकेश अग्रवाल (साइ कंप्यूटर),

**कोषाध्यक्ष-** मुकेश बंसल (बंसल प्लास्टिक) कार्यक्रम संयोजक-मनीष कथूरिया, महेंद्र जिंदल, अभिषेक अग्रवाल गोलू (अनुराग)।

**विधिक सलाहकार-**गोविंदराम अग्रवाल अधिवक्ता (बाघ बीड़ी) महेश अग्रवाल (अधिवक्ता), संतोष निगानिया (अधिवक्ता), संजय अग्रवाल अधिवक्ता राम मंदिर के सामने, विनोद अग्रवाल अधिवक्ता (भुरू बाबा) सरस्वती शिशु मंदिर के पास।

**मीडिया प्रभारी-** अशोक अग्रवाल (पंचमुखी गैस), रवि गोयल(सोनू), अजय अग्रवाल (राम मंदिर), राहुल अग्रवाल (प्रियंका), बजरंग अग्रवाल (चिंटू)।

**विशेष आमंत्रित सदस्य गण-** डॉ राजेश अग्रवाल, श्यामसुंदर सराफ सुरेश अग्रवाल (ओम ज्वेलर्स), अरुण अग्रवाल (सत्य विद्या), सुरेश अग्रवाल (लाला), सुरेश अग्रवाल (बाघ बीड़ी), अमरलाल अग्रवाल (ठेकेदार), संजय रामचंद्र,उगेंद्र अग्रवाल (पप्पू), नरेश गेवाडीन, जगदीश बंसल,

**कार्यकारिणी सदस्य गण-** सुधीर सराफ,प्रकाश चंद्र अग्रवाल (ट्राली), विकास अग्रवाल (विक्कू दुल्हन साड़ी), मानस अग्रवाल (शिव बुक सेंटर), अशोक खेतान, रवि अग्रवाल (अशोका ट्रेडर्स), कैलाश चंद्र अग्रवाल (पुष्पा ट्रेडर्स) पवन गोयल(ट्रक वाले),सुमित सराफ(बीपी), राकेश अग्रवाल (शांति पैलेस ), सुमित अग्रवाल (सोनू बालाजी ट्रांसपोर्ट), आलोक सराफ(बिल्लू), राजेश अग्रवाल (जे.पी जनरल), शैलेंद्र अग्रवाल (शिव मेडिकल), सुरेंद्र अग्रवाल (गुड्डू) ठेकेदार, सीए शैलेश अग्रवाल, आनंद अग्रवाल बबलू (बर्तन वाले), संजय अग्रवाल (बाबूलाल बर्तन वाले) अजय खेतान(लंबू), मनोज बंसल,मनोज गर्ग आलू वाले, नरेश मित्तल, अभिषेक सराफ (राजू सेल्स), विनय अग्रवाल (लीला सेल्स), योगेश अग्रवाल (बंटू), विकास अग्रवाल बंटी (विकास ट्रेडर्स), प्रकाश अग्रवाल (संस्कार पब्लिक स्कूल), शिवम अग्रवाल (चिक्की), राधेश्याम अग्रवाल राधे (ट्रक वाले) प्रकाश अग्रवाल (लालमन), अजय अग्रवाल (महालक्ष्मी गारमेंट्स), नवल किशोर अग्रवाल (कपड़ा वाले), हरचंद राय गोयल, शैलेश सिंघल (बी एल लाख वाले), संजय अग्रवाल बिहारी (कांट्रैक्टर), हरिश्चन्द्र अग्रवाल (कालू), कालू अग्रवाल (रघुनाथ ) बनाए गए हैं, तथा अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा के साथ ही कहा है कि अग्रवाल सभा शक्ति की कार्यकारिणी की शीघ्र ही बैठक का आयोजन किया जाएगा एवं अग्रवाल सभा शक्ति द्वारा समाज के कार्यों को और अधिक व्यापक बनाने तथा वर्ष भर नियमित रूप से कार्यक्रमों का संचालन करने के संबंध में भी रूपरेखा बनाई जाएगी एवं अग्रवाल सभा शक्ति की कार्यकारिणी के गठन पर समाज बंधुओ ने भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है, साथ ही नवगठित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने भी कहा है कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है वे पूरी निष्ठा एवं समर्पित भावना के साथ अग्रवाल सभा के संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेंगे।

# निजी अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से गरीब आदिवासी महिला की मौत से समाज में रोष



पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

आदिवासी परिवार के बीच आर्थिक लूट मचाते निजी अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से आदिवासी महिला की बेदर्द मौत ने पुरे समाज को झंकझोर दिया है। जिसके चलते परिजनों ने कलेक्टर से जांच की मांग भी की है। उल्लेखनीय है कि गांधी गोद ग्राम कुल्हाडीघाट के आदिवासी गैन्दू बाई ध्रुव 35 वर्षीय महिला मामूली पेट दर्द के चलते छुरा स्थित लक्ष्मी नारायणा हास्पिटल में बीते 10 अप्रैल को भर्ती कराया भर्ती के पश्चात हास्पिटल संचालक व जिम्मेदार चिकित्सकों द्वारा सफल ईलाज का आश्वासन देते मरीज गैन्दूबाई ध्रुव को 11 अप्रैल को सिटी स्कैन हेतु राजिम के डायग्नोसिस सेंटर ले जाया गया। सिटी स्कैन बाद लक्ष्मी नारायण हास्पिटल संचालक व चिकित्सकों द्वारा मरीज के परिजनों को कहा गया कि मरीज को हिस्टरेक्टमी यानी बच्चेदानी का कैंसर है। इनका सर्जरी करना पड़ेगा नहीं तो मरीज की जान को खतरा है कहते हुये मरीज गैन्दूबाई ध्रुव को सर्जरी कर दिया गया। सर्जरी पश्चात मरीज को दस से ग्यारह दिनों तक लक्ष्मी नारायणा हास्पिटल में रखा गया। बाद में मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया। ईलाज में कुछ प्रोग्रेस नहीं होने की वजह से लक्ष्मी नारायणा हास्पिटल के संचालक से मरीज के परिजनों द्वारा संपर्क करने पर मरीज को रायपुर ले आओं ऐसा कहते हुये रायपुर स्थित नानक हास्पिटल में पुन दाखिल किया गया। फिर से वही प्रोसेस सिटी स्कैन फिर जांच फिर डिस्चार्ज का सिलसिला चलते गया और मरीज को नई नई समस्याएं शुरू हो गई जिसके चलते कई बार अप्रशिक्षित डॉक्टरों के द्वारा पेट को खोला गया और अलग अलग सर्जरी की गई। इस दौरान कई अलग-अलग अस्पतालो में जैसे महासमुंद, खरोरा रायपुर मरिज को इसी हालत में भेजा जाता रहा। इन बार-बार की चिकित्सा व लापरवाही पूर्वक देखभाल के चलते संक्रमण फैलता गया, परिजनो का कहना है कि उनकी पत्नी के कई अगों को निकाला गया है अंतत आदिवासी महिला को इसकी लापरवाही की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी है। ज्ञात हो की मृतक का पति भागीरथी मरकाम वाहन चालक हैं जिनके दो पुत्र 19 वर्षीय गजेन्द्र मरकाम और 8 वर्षीय कुबेर मरकाम एवं 19 वर्षीय कु अनिला मरकाम है।

### आयुष्मान कार्ड और नगद फोन पर जमकर लूट

इलाज के दौरान दवाई सर्जरी सहित तमाम तरह की बात कहकर परिजनों के बीच जमकर लूट को अंजाम देने का आरोप लगाया जा रहा है। परिजनों के अनुसार बीते 11 अप्रैल लक्ष्मी हास्पिटल को फोन पे 400000, सिटी स्कैन राजिम को 4500. और 12 अप्रैल को फोन पे 20000, 15 अप्रैल को 7000 नगद काउंटर में 18 अप्रैल को 6500 नगद जमा नानक हास्पिटल रायपुर का आयुष्मान कार्ड के अलावा फोन पे व नगद जमा 02 मई 5000 नगद जमा व 8000 फोन पे 04 मई को 10000 नगद जमा किया। 06 मई को 10000 नगद, सिटी स्कैन भवानी डायग्नोसिस्ट रायपुर को 6000 नगद जमा करने का दावा है। इसके अलावा 02 मई को आयुष्मान कार्ड से डिडक्ट का डिटेल्स 32000 निकाला गया प्रायः देखने में आया है कि आयुष्मान कार्डधारी गरीब लोगों को यह अस्पताल टारगेट करते है और उनके कार्ड से जांच चिकित्सा सर्जरी के नाम पर लाखों रूपए निकाल लेते है और अतः में मरिजों के परिजनो से भी रूपए की मांग करते है।

### मामला रफा दफा करने की चर्चा तेज

जिस तरह से आदिवासी महिला से ये लोग खेलते रहे है और अपना ज्ञान के साथ नए प्रशिक्षु को भी ज्ञान बढ़ाते रहे जिसका नतीजा महिला की मौत हो गई परिवार को सुपुर्द कर मामला कफन दफन कर दिया गया। इस खौफनाक बेरहम खबर को दबाने के एवज में चिकित्सालय से साठ गाठ की खबर बाजार में वायरल जो बेहद निंदनीय है, साथ ही जो रिस्तेदार कभी न्याय के लिए आतुर थे अब अचानक वह लोग मृतिका के पति व बच्चों के उपर समझौता करने का दबाव बनाने सोमवार को ग्राम कुल्हाडीघाट पहुंच गए। जिसको लेकर पति और पुत्र ने आक्रोषित होकर थाना मैनपुर पहुच शिकायत दर्ज करानी चाही। जिसमें थाना पहुंच कर आखिरकार समझौता हुआ। मृतिका के पति और पुत्र इस बात को जानना चाहते है कि आखिर किन कारणों के चलते गैंदू बाई ध्रुव की मृत्यु हुई है।

# आखिर नेत्र शिविर वालों पर क्यों मेहरबान है जिले के स्वास्थ्य विभाग अधिकारी

## खबर प्रकाशित होने के बावजूद शिविर को रोकने में असफल स्वास्थ्य विभाग, अंधत्व के शिकार हो सकते हैं जिलेवासी


जिले में नेत्र शिविर भ्रामक प्रचार एमबीबीएस डॉ. के द्वारा मोतिया बिंद बिना आपरेशन के ठीक करने का दावा



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पायनियर
खबर का असर

जिले में एक के बाद एक बिना अनुमति के नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है इन नेत्र शिविरो में बिना ऑपरेशन के मोतियाबिंद का इलाज करने का दावा किया जा रहा है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व अखबारों में इस खबर को प्रकाशित किया गया था एवं जय महाकाल मेडिकल स्टोर ग्राम पाली पंडरिया मैं नेत्र शिविर का आयोजन कर मोतियाबिंद बिना ऑपरेशन के ठीक करने का दावा किया जा रहा है । एवं इन दोनों शिविर के संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए जिला स्वास्थ्य प्रशासन चैन की नींद सोया हुआ है सूत्रों के अनुसार उक्त शिविर का संचालक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता होने के कारण जिला स्वास्थ्य विभाग कार्यवाही करने से डरता है । मोतियाबिंद मुक्त एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी के लिए शासन ने जिला अंधत्व नियंत्रण समिति का गठन किया गया है । इस समिति के पदेन अध्यक्ष के रूप में जिले के कलेक्टर एवं दंडाधिकारी होते हैं तथा स्वास्थ्य विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी अंधत्व नियंत्रण सचिव का दायित्व निर्वहन करते हैं जिला कार्यक्रम अधिकारी के सहयोग के लिए शासन ने सहायक कार्यक्रम अधिकारी की नियुक्ति की है। जिला अंधत्व नियंत्रण समिति के सचिव व जिला कार्यक्रम अधिकारी वर्तमान में खंड चिकित्सा अधिकारी के प्रभार में है उनके क्षेत्र में डायरिया एवं उल्टी दस्त के प्रकोप होने के कारण वह प्रशासनिक एवं चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कार्य करने के लिए अपने क्षेत्र में व्यस्त है उनके सहायक कार्यक्रम अधिकारी अपनी वरिष्ठता एवं कर्मचारी नेता होने के कारण एवम विकलांगता का फायदा उठाकर अपने कार्य क्षेत्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी में भी ज्यादा समय सेवा न देकर एवं मुख्यालय में निवास न करते हुए अपने निजी निवास कवर्धा में नेत्र चिकित्सा केंद्र संचालित करते हैं । अब उक्त नेत्र शिविरों को बंद करने की जिम्मेदारी जिले के कलेक्टर दंडाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला अंधत्व नियंत्रण समिति कवर्धा कि है । अब देखते हैं कि जिला कलेक्टर महोदय इन शिविर को रोक लगाने एवं उक्त शिविर संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही करेंगे या नहीं या राजनीतिक दबाव में यह मामला ठंडा बस्ते में जाकर फ़िर से ऐसे शिविरों का आयोजन कर आम जनों के आंखों से खिलवाड़ करते रहेंगे, एक तरह से स्वास्थ्य विभाग नाकाम होकर इनके आगे झुक गए हैं, जानकारी के बावजूद आँखे बंद किये हुई हैं, इनको आमजनों की आँखों की फ़िक्र नहीं हैं, कही न कही ये विभाग, अनहोनी का इंतिजार कर रही हैं।

# एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने वित्त वर्ष'24 में 1836 करोड़ का राजस्व दर्ज किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए अपने परिणामों की घोषणा की, जिसमें सभी मैट्रिक्स में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की है, और विकास के अपने सफर में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वित्तवर्ष'24 के लिए बैंक का राजस्व 42 प्रतिशत साल-दर-साल की वृद्धि के साथ बढ़कर 1,836 करोड़ हो गया, जबकि नेट प्रॉफिट 60 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 34.5 करोड़ रहा। बैंक के मासिक लेन-देन करने वाले उपयोगकर्ता बढ़कर 80.4 मिलियन हो गए, और ग्राहक जमा 50 प्रतिशत साल-दर-साल वृद्धि के साथ ?2,801 करोड़को पार कर गई। बैंक की सकल मर्चेंडाईज़ वैल्यू (जीएमवी) 2,550 बिलियन पर पहुँच गई। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने वित्तवर्ष'24 के राजस्व में काफी अच्छी तिमाही-दर-तिमाही वृद्धि दर्ज की है। चौथी तिमाही (जनवरी से मार्च'24) सबसे मजबूत तिमाही रही, जिसमें पिछली तिमाही के मुकाबले राजस्व 15 प्रतिशत क्रमवार बढ़कर 539 करोड़ हो गया। वित्तवर्ष 2024 की चौथी तिमाही में बैंक ने बचत खाते के अधिग्रहण में काफी तेजी दर्ज की और अब इसके साथ प्रतिमाह 1 मिलियन नए ग्राहक जुड़ते हैं। पिछले चार सालों में बैंक ने तेज वृद्धि की है, और राजस्व में बेहतरीन 40 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर हासिल की है। मार्च 2024 के आधार पर बैंक का वार्षिक राजस्व बढ़कर 2,400 करोड़ के सर्वोच्च बिंदु तक पहुँच गया है। इनोवेशन की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने नए उत्पाद पेश किए हैं, जिनमें ग्राहकों की विकसित होती हुई जरूरतों को पूरा करने के लिए ईको-फ्रेंडली डेबिट कार्ड, स्मार्टवॉच, आदि शामिल हैं। सुरक्षा और संरक्षा प्रस्तावों पर बैंक के महत्व के परिणामस्वरूप इसके सुरक्षित दैनिक लेन-देन खाते की पेशकश की मजबूत मांग रही रही है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ट्रांज़िट समाधानों में अग्रणी है, और पाँच मेट्रो के लिए एक्सक्लुसिव एक्वायरिंग एवं इश्युएंस पार्टनर के रूप में सेवाएं दे रहा है, तथा 100 से ज्यादा फास्टैग-इनेबल्ड पार्किंग साईट्स पर फास्टैग बेस्ड पार्किंग शुल्क कलेक्शन में मार्केट लीडर है।

# तिल्दा-नेवरा नगर में फिर जोर पकड़ने लगा है सट्टे का कारोबार

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



सट्टा के कारोबार जो कुछ माह से तिल्दा-नेवरा नगर में शिथिल पड़ गया था, वह फिर जोर पकड़ने लगी है। इस मामले पर पुलिस प्रशासन की गतिविधी पर भी उंगली उठने लगी है। रायपुर जिला तिल्दा-नेवरा नगर मे सट्टा बाजार के फलते फूलते कारोबार पर प्रशासनिक अटैक के चलते एक तरह से शिथिल पड़ गया था, वह फिर से पनपने लगा है। अब सवाल यह उठ रहा है, कि आखिरकार ऐसी कौन सी ताकत की पनाह है जिसके चलते सट्टा के कारोबार फिर एक बार नगर गली मोहल्ले पर दस्तक दे रही है। सूत्रों का माने तो तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र में करोड़ों का सट्टा बाजार के चलते लोग अपनी गाढ़ी कमाई को लुटा रहे हैं। क्रिकेट सट्टा बाजार से लेकर ओपन क्लोज का खेल शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में पर पसार रही है। गौरतलब हो कि भाजपा शासन ने महादेव एप्प से जुड़े आरोपी पांवरफूल लोगों को भी नहीं बक्शा है, लेकिन ताज्जुब कि बात यह है कि तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में करोड़ों का क्रिकेट सट्टा से लेकर ओपन क्लोज का खेल, लोगों के भविष्य तबाह करने में लगे हुए हैं फिर भी इस खेल को नेस्तनाबूद करने को संकल्पित शासन तिल्दा-नेवरा की ओर निहार भी नहीं रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तिल्दा-नेवरा नगर से अनेकों सट्टा एप का संचालन हो रहा है। वही गली मुहल्ले में ओपन क्लोज का खेल द्रुत गति से जारी है। कहा जावे तो एक बार फिर सट्टा के खेल का पर निकल आये है। प्रशासन की उदासीनता के चलते बतौर खाईवाल लोगों के मेहनत की कमाई को लूटने में लगे हुए हैं। वहीं लोगों का माने तो इस कदर लोगों को लूटने के एवज में बकायदा पावरफुल नुमाईंदो को सफेद लिफाफा पहूंचाया जा रहा है, तभी तो तिल्दा-नेवरा से संचालित इस अवैध कारोबार पर नकेल कसने? मे प्रशासन भी कतरा रही है। जानकारी में आया है कि तिल्दा-नेवरा रेलवे ओवरब्रिज से जो सट्टा का खेल बीते दो वर्ष पूर्व चरम सीमा पर थी उस पर प्रशासन ने लगाम कसा था, लेकिन वहां फिर से दबंगता पूर्वक सट्टा का संचालन किया जा रहा है, यही नहीं इसके अलावा नेवरा, स्टेशन चौक सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी यह खेल पर पसार रही है। इस मामले पर स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित प्रशासनिक फेर बदल के पश्चात औंधे गिरे सट्टा का कारोबार फिर गति पकड़ रही है। सामाजिक बुराई माने जाने वाले यह खेल फिर एक बार लोगों के भविष्य बर्बाद करने मे लगे हुए हैं। अब सवाल यह उठ रहा है कि इस अवैध खेल के पिछे किसका हाथ है। लगभग साल भर पूर्व सट्टा का कारोबार को नेस्तनाबूद करने जो शासन प्रशासन अपनी ताकत झोंकी थी, फिर वही खेल संबंधित विभाग के नाक के नीचे पुनः पर पसार रही है। सूत्रों का माने तो, जो कथित खाईवाल जो कानूनी दबाव के चलते इस कारोबार से नाता तोड़ने का राग अलाप रहा था। उसी पर सट्टा के खेल को पुनः संचालित किया जा रहा है। जाहिर है कि इस खाईवाल के पिछे एसी ताकत की संरक्षण है, जो इस कारोबार पर पंख लगाने आतुर है, अब देखना यह है कि कांग्रेस शासन में शिथिल सट्टा का कारोबार भाजपा शासन में क्या गुल खिला रही है।

# अनफिट एवं माल वाहक यान में सवारी बिठाकर चलने वाले वाहनों पर कार्रवाई शुरू

## 4 पिकअप वाहनो को सवारी ढ़ोते हुए पकड़ा कार्रवाई की गई






पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ज़िला परिवहन विभाग द्वारा बेमेतरा ज़िले में बिना फिटनेस एवं माल वाहक यान में सवारी बिठाकर चलने वाले वाहनो पर सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। बेमेतरा जिले में जिला परिवहन अधिकारी अरविन्द भगत एवं परिवहन निरीक्षक शकुंतला वासनिक द्वारा यातायात पुलिस की सहायता से विभिन्न वाहनो की जांच की गई। जांच के दौरान 4 पिकअप वाहनो (मालयान) को सवारी ढोते हुए पकड़ा गया। वाहनो को जब्त कर परिवहन कार्यालय में खड़ा कराया गया एवं सवारियों को उनके नजदीकी गन्तव्य तक बस में बिठाकर निःशुल्क पहुँचाया गया। समय-सीमा की आयोजित बैठक में सड़क दुर्घटना को ले कर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अनफिट और माल वहन में सवारी बैठाकर ले जाने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये थे। इसके अलावा उन्होंने दुपहिया वाहन पर तीन सवारी और बिना हेलमट पहन कर चलाने वाले लोगों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिये थे। ज़िला परिवहन अधिकारी भगत ने बताया कि परिवहन आयुक्त सह सचिव एस. प्रकाश एवं अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर के मार्गदर्शन में राज्य के सभी जिलों में परिवहन विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। परिवहन विभाग, जिला और पुलिस प्रशासन आमजन से अपील की है कि माल वाहक यानो को यात्री यान या सवारी यान की तरह उपयोग ना करें। इन वाहनो में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा के उपाय भी नहीं होते और माल वाहक यान यात्री परिवहन हेतू उपयुक्त नहीं होते। अतः यात्रा करने हेतु यात्री वाहन का ही प्रयोग करें।

# बिजली की आंख मिचौली से जनता परेशान, जल्द समस्या दूर करने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने सौपा ज्ञापन

## जल्द व्यवस्था सुधार नही हुआ तो होगा आंदोलन : नवीन जायसवाल





पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा/ कुंडा
www.dailypioneer.com

पंडरिया ब्लॉक में हो रही बिजली समस्या को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में कार्यपालन अभियंता संभाग पंडरिया को ज्ञापन सौपा गया और जल्दी व्यवस्ता सुधरने की मांग की गई 15 दिनों के अंदर अगर व्यवस्ता में सुधार नही हुआ तो उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है। ब्लॉक अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि पिछले कई दिनों से बहुत से गाँव मे लाइट बन्द है आमजन की समस्या को देखते हमने ज्ञापन सौपा है अगर व्यवस्ता में सुधार नही हुआ तो आंदोलन करेंगे। युवा नेता मनीष शर्मा ने कहा कि बिजली की समस्या से सभी वर्ग लोग परेशान है विभाग के कर्मचारी सही जानकारी नही देते सरकार में बैठे लोगों को जनता की तकलीफ से कोई लेना देना नही है। युवा किसान नेता रवि चंद्रवंशी ने कहा कि ग्रामीण सहित वनांचल क्षेत्र में लोग लाइट बंद होने से परेशान है विभाग की उदासीनता के चलते आज ये हालात उत्पन्न हो गया ही की 24 से 48 घण्टे तक बिजली बंद रहता है जल्द ही सुधार नही होने पर आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में पार्षद प्रतिनिधि खोवराम भस्कार, चंद्रभान टंडन, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अकबर खान, वैभव ठाकुर, रोहित बांधेकर, रामकुमार गायकवाड़, आशु साहू, सुजल सिंह, प्रदीप चंद्रवंशी, राहुल चंद्रवंशी, रामफल पटेल, रति चंद्रवंशी, अकबर खान मंझोली भीषम निषाद, जितेंद्र पटेल, रामवतार, आशीष हुकुम सेन, सहित कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# बायजूस ने भारत में 240 सेंटर्स पर नये बैचेस शुरू किये

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

बायजूस ट्यूशन सेंटर्स (बीटीसी), भारत में पढ़ाई के केन्द्रों का सबसे बड़ा और मजबूत नेटवर्क, ने अपने 240 लोकेशन पर 2024-25 के शैक्षणिक सत्र के लिये जोर-शोर से बैचेस शुरू कर दिये हैं। बीटीसी के-12 स्टूडेंट्स के लिये कक्षा पर आधारित प्रोग्राम लाते हैं और इसमें बायजूस की डिजिटल पढ़ाई वाली पूरी दुनिया तक पहुंच भी मिलती है। मौजूदा शैक्षणिक वर्ष के लिये बायजूस ने बीटीसी का वार्षिक शुल्क केवल 36,000 रूपये रखा है। यह नजदीकी ट्यूशन क्लासेस की तुलना में भी ज्यादा किफायती है। जबकि इसमें पाठ्यक्रम, अध्यापन और सिखाने की गुणवत्ता काफी बेहतर है। बायजूस के साथ टीचर बनने के लिये भी स्थानीय आधार पर कई लोग रुचि दिखा रहे हैं। पिछले दो महीनों से कंपनी को हर दिन ऐसे लगभग 1200 आवेदन मिल रहे हैं। बायजूस के संस्थापक एवं सीईओ बायजू रवीन्द्रन ने 19 मई को अपने सारे बीटीसी सेंटर्स के प्रमुखों को सम्बोधित किया था और इंट्राप्रेन्योरशिप पर आधारित बिजनेस का एक अभिनव मॉडल बताया था। उन्होंने कहा था, 'मैं चाहता हूँ कि आप सभी खुद को इन सेंटर्स का आंशिक रूप से मालिक समझें, सिर्फमैनेजर नहीं।' इस मॉडल के तहत बीटीसी सेंटर्स के प्रमुख को अपने सेंटर के परिचालन से होने वाले फायदे का एक हिस्सा मिलेगा, अगर वो क साल की अवधि के लिये वे तय एडमिशन कर पाते हैं और गुणवत्ता बनाये रख सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'हमने हर सेंटर में करोड़ों रूपयों का निवेश किया है। और आप आंशिक तौर पर उसके मालिक बन सकते हैं, वह भी मुफ्त में। हमने आपके लिये जमीन तैयार कर दी है। लेकिन वहाँ कोई छत नहीं है। आप कितनी ऊँचाई पर जाते हैं, यह आप पर निर्भर करता है।' बीटीसी के प्रमुख अपनी टीमें खुद नियुक्त कर सकते हैं और बायजूस के पुराने कर्मचारियों को भी ले सकते हैं। बायजू रवीन्द्रन ने कहा, बीटीसी भारत के लाखों बच्चों के लिये पूरक शिक्षा के अनुभव को बदलने की बड़ी क्षमता रखते हैं। सही प्रोग्राम्स, समर्पित शिक्षकों, सक्षम बनाने वाली टेक्नोलॉजी और स्थायी वित्तीय मॉडल के साथ, मेरा मानना है कि हम बीटीसी को पैमाने और प्रभाव के मामले में शानदार ऊँचाइयों पर पहुँचा सकते हैं। आकाश के 300 से ज्यादा सेंटर्स के साथ बीटीसी के 240 हाइब्रिड लर्निंग सेंटर्स बायजूस ग्रुप को भारत में पढ़ाई के केन्द्रों के सबसे बड़े नेटवर्कों में से एक बनाते हैं। इस नेटवर्क की विभिन्न जगहों पर मौजूदगी है, जैसे कि बिलासपुर, खरार, डिब्रूगढ़, वापी, लातूर, आसनसोल, धुले और तिरुपति। यह अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा को भारत में सुदूरतम जगहों पर पहुँचा रहा है।

# सैमसंग 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' ने किया पहली 'डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप' का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्राण्ड, ने देश के चुनिंदा स्कूलों में अपनी पहल डिजाइन थिंकिंग एण्ड ट्रेनिंग वर्कशॉप की पेशकश की है। यह अनोखी पहल सैमसंग के 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' प्रोग्राम का हिस्सा है। यह 'ह्यूमन-सेंटर्ड डिजाइन थिंकिंग' की रूपरेखा के माध्यम से विद्यार्थियों में जरूरी कौशल बढ़ाने पर फोकस करती है। इन कौशल में प्रॉब्लम सॉल्विंग, क्रिटिकल थिंकिंग, प्रोबिंग और क्रियेटिविटी शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा एवं नवाचार प्रतियोगिता का मकसद अगली पीढ़ी में नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। खासकर भारत के लिये तैयार की गई, एक दिन की वर्कशॉप ने विद्यार्थियों को डिजाइन थिंकिंग के आइडिया कोा पसंद करने लिये प्रोत्साहित किया। उन्हें दुनिया की असल समस्याओं को समझने और हल करने की प्रेरणा भी मिली। शैक्षणिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत 'ह्यूमन-सेंटर्ड डिजाइन थिंकिंग' समस्याओं को हल करने का एक दमदार तरीका है। डिजाइन की दुनिया की प्रक्रियाओं और टूल्स का इस्तेमाल कर ह्यूमन-सेंटर्ड डिजाइन की रूपरेखा संवेदना, परिभाषा, जगह, प्रोटोटाइपिंग और परीक्षण पर जोर देती है। फिर ऐसे समाधान मिलते हैं, जो लोगों का जीवन बेहतर बनाते हैं। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट एसपी चुन ने कहा, सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो हमारी सोच का हिस्सा है। हम अगली पीढ़ी को सशक्त करना चाहते हैं और देश में नवाचार के लिये एक इकोसिस्टम बनाना चाहते हैं। हमारा मानना है कि बच्चे नवाचार के अग्रदूत हैं और उन्हें छोटी उम्र से ही बढ़ावा मिलना चाहिये। डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप को इस साल 10 स्कूलों में पायलट के तौर पर पेश किया गया है। इस तरह नन्हे विद्यार्थी प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के लिये प्रेरित होंगे। इसमें समस्या को हल करना, साथ मिलकर काम करना और रचनात्मक चिंतन शामिल है।

# अधिकारियों ने ली आतंकवाद विरोधी शपथ

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में आज आतंकवाद विरोधी दिवस पर आतंकवाद विरोधी शपथ दिलायी। इस मौके पर पर अपर कलेक्टर गुड्डू लाल जगत,डॉ.अनिल बाजपेयी, सहित विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी आतंकवाद विरोधी शपथ ली। आतंकवाद के कारण आम जनता को हो रहे कष्टों, हिंसा एवं आतंक से राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव से आम लोगों को अवगत कराने, विशेष रूप से युवाओं को आतंकवाद और हिंसा के मार्ग से दूर रखने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष 21 मई को पूरे राज्य में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है।


**TATA POWER-DDL**

**टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड**
टाटा पावर एवं दिल्ली सरकार का संयुक्त उपक्रम
रजि. आफिस : एनडीपीएल हाउस, हडसन लाइन, किंग्सवे केम्प, दिल्ली–110009
फोन : 66112222, फैक्स : 27468042, ईमेल : TPDDL@tatapower-ddl.com
CIN No. : U40109DL2001PLC111526, वेबसाइट : www.tatapower-ddl.com

**निविदा सूचना आमंत्रित** May 23, 2024

टाटा पावर–डीडीएल निम्न मदों के लिए निविदाएं आमंत्रित करता है:

| निविदा पूछताछ सं. कार्य का विवरण | अनुमानित लागत/धरोहर जमा राशि (रु) | बोली दस्तावेज की बिक्री | बोली जमा कराने की अंतिम तारीख और समय/ निविदा खोलने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|
| TPDDL/ENGG/ENQ/200001677/24-25 Rate Contract for Supply of 4G based 1-Ph Smart Meter | 44.17 Crs/ 24,00,000 | 23.05.2024 | 13.06.2024;1500 Hrs/ 13.06.2024;1530 Hrs |

**शुद्धिपत्र / निविदा तिथि विस्तार**

| निविदा पूछताछ सं. कार्य का विवरण | पूर्व प्रकाशित दिनांक | संशोधित निविदा तिथि/बोली जमा कराने की तिथि/बोली खोलने की तिथि |
|---|---|---|
| TPDDL/ENGG/ENQ/200001669/24-25 Rate Contract for Supply of DT Meter Kit Without Wiring Harness | 30.04.2024 | 27.05.2024 at 1500 Hrs/ 27.05.2024 at 1530 Hrs |

सम्पूर्ण निविदा एवं शुद्धिपत्र दस्तावेज हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध
website www.tatapower-ddl.com → Vendor Zone → Tender / Corrigendum Documents
Contracts - 011-66112222

# शाम को बरसे बादल फिर भी जमीं सूखी



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

40 डिग्री तापमान और बादलों की आवाजाही के बीच देर शाम 6 बजे बारिश हुई। तेज गर्मी के बीच 5-10 मिनट हुई बारिश से किसी तरह की राहत नहीं मिली। पानी गिरने के बाद बढ़ी उमस चुभने लगी। गौरतलब है कि, 25 मई से नवतपा भी शुरु होने जा रहा है। बुधवार को पूरा दिन बारिश के आसार बने रहे। देर शाम बादल छाए रहे और गरजे भी कुछ देर बाद बारिश हुई। बढ़े हुए तापमान ने लोगों को छकाकर रखा है। ठंडा पेयजल और दूसरी तरकीबों से मदद लेकर लोग राहत पा रहे हैं। कूलर की हवा का असर कम हो चुका है। एयर कंडिशनर में बैठने वाले बाहर निकलने तैयार नहीं है। गर्मी का असर चौबिसों घंटे महसूस किया जा रहा है। 25 मई से नवतपा शुरु होने वाले हैं। आसार हैं कि, इस दौरान तापमान और भी ऊंचा जाएगा। जन सामान्य के लिए ये समय काफी मुश्किल भरा साबित हो सकता है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि छत्तीसगढ़ में 13-15 जून के दौरान मॉनसून दस्तक देगा। तब तक ग्रीष्मकाल में तापमान में किसी तरह की राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। हालांकि, मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों के लिए किसी तरह की चेतावनी भी जारी नहीं की है।

## युवाओं को नशे में डूबाने की योजना बना रही साय सरकार : छन्नी साहू



**राजनांदगांव।** वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग एवम आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ शासन के संदर्भित आदेश पर सहायक आबकारी आयुक्त राजनांदगांव द्वारा पत्र जारी किया गया है। संदर्भित पत्र में डोंगरगांव तथा बागनदी में संचालित विदेशी मदिरा दुकान को क्रमशः मेढ़ा व गैंदाटोला में स्थानांतरित किए जाना तय किया गया है। इस पर खुज्जी की पूर्व विधायक छन्नी साहू ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। छन्नी साहू ने कहा है कि क्षेत्र में शिक्षा जैसे क्षेत्र में कार्य करने की आवश्यकता है। किंतु सरकार युवाओ व क्षेत्रवासियों को नशे का आदि बनाने के उद्देश्य से यहां नई शराब दुकान खोल रही है जो कि अनुचित है। गैंदाटोला क्षेत्रवासी कई वर्षों से गैंदाटोला में महाविद्यालय की मांग कर रहें है। इस मांग को पूर्व में छन्नी साहू ने शासन को अवगत भी कराया था। सरकार के इस नए शराब दुकान खोलने के फै सले को क्षेत्र वासियों को निराशाजनक बताया है। नशे ने कई परिवार को तबाह किया है ऐसे क्षेत्र में नई शराब दुकान खुलने से नशापान के साथ साथ अपराधों में वृद्धि होगी। जिसको देखते हुए पूर्व विधायक ने कहा है कि सरकार के इस फैसले का व्व विरोध करती है तथा सड़क पर भी इसके लिए लड़ाई लड़नी पड़ें तो उसके लिए वो हमेशा तैयार है। छन्नी साहू ने सरकार से मांग की है कि ऐसे फैसले को निरस्त किया जाये।

# मतगणना केंद्रों में प्रत्याशियों एवं अभिकर्ताओं को मिलेगा कैल्कुलेटर



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतगणना के दिन मतगणना केंद्रों में पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकताओं और मतगणना अभिकताओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मतगणना हॉल के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता को एक-एक एनालॉग केल्कुलेटर प्रदान करने की व्यवस्था करने को कहा है। मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकताओं व मतगणना अभिकताओं को कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है तथा प्लास्टिक पेन या पेंसिल ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था के लिए अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा नियुक्त व्यवस्थापक के माध्यम से भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त किसी एक मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकताओं को प्रदान किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को अभ्यर्थियों और निर्वाचन अभिकताओं को इन व्यवस्थाओं से अवगत कराने के साथ ही इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए हैं।

### ये सामग्री ले जा सकेंगे पासधारी

कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लाई गई है, प्लास्टिक पेन या पेंसिल।

### ये सामग्री रहेंगी प्रतिबंधित

मतगणना हॉल में मोबाइल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बीड़ी, सिगरेट और गुटका प्रतिबंधित रहेगा।

# बिजली खंभे लगाने का विरोध

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



सोमनी क्षेत्र के ग्राम ठेकवा के ग्रामीणों ने निजी कंपनी द्वारा सडक़ किनारे बिजली खंभे लगाने का विरोध किया। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निजी कंपनी को इसकी अनुमति नहीं देने की मांग की। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि नेशनल हाईवे से जुड़े ग्राम ठेकवा से होकर फरहद व ककरेल की ओर जाने वाली सडक़ के किनारे 33 केव्ही बिजली पोल लगाने के लिए निजी औद्योगिक कंपनी द्वारा खुदाई की जा रही है, जो अनुचित है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले पांच वर्षों से सडक़ किनारे विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष हैं। सडक़ किनारे प्राथमिक शाला तथा आबादी बस्ती भी स्थित है। सडक़ किनारे हैवी बिजली लाईन लगने से ग्रामीणों को दुर्घटना की आशंका है। उन्होंने विद्युत लाईन पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान तुलसी देवदास, पुनाराम साहू, उमाशंकर यादव, गजराज, इंदरराम, गणेश साहू, लोचन सहित अन्य ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल थे।

# अभिलाषा राजनांदगांव में नवीन प्रबंध कारिणी का गठन

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर में संचालित अभिलाषा दिव्यांगजनों के लिए शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान राजनांदगांव में प्रति तीन वर्षों में कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है, जिसके तहत कुछ पदाधिकारी नए मनोनित हुए कुछ यथावत पद पर बने रहे। संस्था में सामान्यसभा की बैठक का आयोजन दिनांक 16 मई 2024 को पूर्वान्ह 11.30 बजे संस्था परिसर में करते हुए समस्त पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध किया गया। उल्लेखनीय है कि 15 अगस्त 1995 से संचालित संस्था अभिलाषा जहां से अपनी शिक्षा दीक्षा पूर्ण कर चुके बहुतायत बच्चे शासकीय सेवा में अपनी कदम रख चूके हैं तो वहीं दूसरी ओर बहुतायत बच्चे रोजगार से जुड़कर अपना एवं अपने परिवार के सदस्यों का जीवकोपार्जन बहुत ही अच्छे से कर पा रहे हैं। गत् दिनों अभिलाषा में नवीन प्रबंध कारिणी समिति का गठन किया गया जिसमें सर्व सम्मति से गौतम पारख को संरक्षक एवं संतोष कुमार बोदून को अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया। इसी कड़ी समाजसेवी गीता राठौर को उपाध्यक्ष, नगर की होनहार समाज सेवी एवं चाटर्ड एकाउन्टेंट रूपम सोनछत्रा को सचिव, नीरज बाजपेयी को कोषाध्यक्ष, आलोक बिंदल एवं राजेश अग्रवाल को संयुक्त सचिव एवं संतोष खण्डेलवाल एवं सुदामा मोटलानी को वरिष्ठ सदस्य नियुक्त किया गया।बैठक में डॉ. हेमलता मोहबे, अशोक कोटडिया, प्रकाश सांखला, सोनल बाजपेयी, संध्या खण्डेलवाल, अशोक श्रीवास्तव, संजय जैन श्रीश्रीमाल सहित सदस्य एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# मतगणना कार्य को सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ मोहला
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 06 राजनांदगाव के अंतर्गत विधानसभा मोहला मानपुर के मतों की गणना 4 जून को शासकीय नवीन श्याम लाल शाह महाविद्यालय में किया जायेगा। मतों की गणना के संबंध में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गणना अभिकताओं को प्रशिक्षण दिया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी विजेंद्र सिंह पाटले ने बताया कि मतों की गणना सर्वप्रथम डाक मतपत्र की गणना से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभ्यार्थियों एवं गणना अभिकताओं की उपस्थिति में मतों की गणना का कार्य संपन्न कराया जायेगा। बताया गया कि राजनीतीक दलों के गणना अभिकर्ता अपने निर्धारित टेबल पर ही बैठकर गणना की प्रक्रिया को देख सकेंगे। वह किसी अन्य टेबल और अन्यत्र स्थान पर भ्रमण नहीं कर सकेंगे। प्रशिक्षण में बताया गया कि गणना प्रक्रिया पूरी तरह से पारदशीर्ता पूर्वक किया जायेगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि गणना की पूरी प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग एवं सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। गणना कक्ष में कोई भी अभ्यर्थी या गणना अभिकर्ता मोबाइल लेकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मतों की गणना के लिए 14 टेबल लगायें गयें हैं। 17 राउंड में मतों की गणना की जायेगी। प्रशिक्षण प्रभारी धर्मेन्द्र सारस्वत ने गणना अभिकताओं को विस्तृत प्रशिक्षण देते हुए गणना से संबंधित सभी बारीकियां की जानकारी दी।

## वाहन पलटा, एक की मौत

**राजनांदगांव।** पाटेकोहरा से छुरिया की ओर बोर खनन करने जा रही एक गाड़ी बापूटोला के पास पलट गई। सोमवार सुबह लगभग 12 बजे हुई इस घटना में एक मजदूर की दबने से मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन मजदूरों को चोंटे पहुंची है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया, जहां से कुछ को मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार पाटेकोहरा इलाके में बोर खनन के बाद छुरिया की दिशा में जा रही गाड़ी बापूटोला के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक मजदूर बुरी तरह दब गया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। गाड़ी में आधा दर्जन से अधिक मजदूर सवार थे। जिसमें शेष को भी चोट आई है। मौके से डायल-112 वाहन को सूचना दी गई।

# टीपी मुक्त होने सेठेकेदार कर रहे लकड़ी का मनमाना परिवहन

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने कहा कि ठेकेदारों द्वारा हरे भरे काला बबूल,रिया,करही सहित अनेक प्रजातियां वनविभाग एवं राजस्व विभाग के बगैर अनुमति के किसानों से औने पौने दामों में खरीदकर,ऊंचे दामों में बेचने का काम धड़ल्ले से चल रहा है। ठेकेदारों द्वारा घुम-घुमकर गांव के किसानों के खेत से हरे भरे पेड़ों को कम दामों में खरीदकर कटाई की जा रही है। हारुन ने कहा कि, लकड़ी को एक-एक फूट की टुकड़ों में काट कर अवैध ईंट भट्ठे और होटल, ढाबे में ऊंचे दामों पर खपाया जा रहा है। दूसरी ओर लकड़ी के गोले को दुर्ग भिलाई, रायपुर जैसे बड़े शहरों के लकड़ी मील में पहुंचा रहे हैं। राजस्व क्षेत्र में हरे भरे पेड़ों की कटाई से पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ठेकेदारों द्वारा पेड़ों की कटाई के लिए पेट्रोल से चलने वाली कटिंग मशीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे भविष्य में कटे हुए पेड़ों से नया कापस निकलने की संभावनाएं खत्म हो रही है। प्रदेश के भोले-भाले किसान ठेकेदारों के लालच में रोजाना फंस रहे है। परिवहन करते समय वन कर्मचारियों के द्वारा लकड़ी से भरे वाहनों की जांच पड़ताल किया जा रहा है। लेकिन शासन द्वारा उक्त लकड़ियों में टीपी मुक्त होने से लकड़ी परिवहन में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर पेड़ पौधे बचाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर ठेकेदारों को टीपी में छूट मिलने से प्रदेश भर में लकड़ी ठेकेदारों द्वारा अवैध रूप से बेखौफ होकर पेड़ों की कटाई कर मोटी कमाई कर रहे हैं।

# नया बस स्टैण्ड चौक में लगा नया ट्रैफिक सिग्नल

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर के नया बस स्टैण्ड चौक में नया ट्रेफिक सिग्नल लगाया गया है। शहर के राज इम्पीरियल, आरकेनगर तिराहा, महावीर चौक, पोस्ट ऑफिस चौक में ट्रैफिक सिग्नल सुचारू रूप से चालू है।यातायात संचालन हेतु सिग्नल पाईंटों में प्रातः 09बजे से रात्रि 09बजे तक यातायात बल ड्यूटी में तैनात रहेगे। शहर में अब नो पार्किंग, तीन सवारी के साथ-साथ रेड सिग्नल जंप पर भी लगातार कार्यवाही होगी। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि,वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का उपयोग न करें औरहेलमेट अवश्य लगाये। चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाये, शराब सेवन कर वाहन न चलायें एवं माल वाहन में सवारी न बिठायें। यातायात नियमों का पालन करने के साथ- साथ यातायात व्यवस्था बनाये रखने यातायात पुलिस का सहयोग करे एवं सुरक्षित यात्रा करें।

## शासकीय स्कूलों में समर कैंप का सकारात्मक असर

# समर कैंप में विद्यार्थी सीख रहे संगीत, खेल व पेंटिंग

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर राजनांदगांव, जिला शिक्षा अधिकारी, डीएमसी राजनांदगांव के आदेशानुसार बच्चो के सर्वांगीण व बौद्धिक विकास हेतु पूरे जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया गया है। इस कड़ी में डोंगरगांव विकासखंड के भी अधिकतर शालाओ में समर कैंप जारी है।

जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बीईओ, समस्त एबीईओ, समस्त सीएसी द्वारा कैंप का निरीक्षण किया जा रहा है। एबीईओ रश्मि ठाकुर द्वारा आलीखूटा व बोदेला स्कूल के निरीक्षण के दौरान स्कूल के शिक्षकगण दीपक साहू, अखिलेश सिन्हा, कृष्णराव डेकाटे, नेकराम साहू उपस्थित थे। कैंप में नृत्य, क्रिकेट, गायन, पेंटिंग इत्यदि कार्य शिक्षको द्वारा बच्चों के रुचि मुताबिक कराया जा रहा है। राहुल जैन सीएसी कोकपुर ने बताया कि रश्मि ठाकुर ने शिक्षकों को मोटिवेट करते हुए समर कैंप में स्मार्ट टीवी का उपयोग करने, पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सीड बैंक, सीड बॉल व कबाड़ से जुगाड़ का कार्य कराने ताकीद दी। ब्लॉक में समर कैंप के तहत खिलावन ठाकुर द्वारा अरसीटोला, कोनिका सोनी द्वारा चिचदो, सपना भारद्वाज द्वारा घोरदा, नीलम जैन द्वारा अमलीडीह के अलावा जंगलपुर, भटगुना सहित अन्य गांवों के शालाओं में भी समर कैंप बेहतर ढंग से संचालित किया जा रहा है। समर कैंप से बच्चों में सकारात्मक गुणों का विकास हो रहा है।

## पीएमश्री शाला मोरकुटुम्ब में समर कैंप जारी

**छुरिया।** जिले के शासकीय प्राथमिक शाला से शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों में संचालित समर कैम्प के तहत छुरिया विकासखंड के पीएमश्री प्राथमिक शाला मोरकुटुम्ब में गत 20 मई से जारी है। समय सारिणी के अनुसार अलग- अलग विधाओं के विशेषज्ञ शिक्षकगण पीएमश्री प्राथमिक शाला मोरकुटुम्ब में अपनी उपस्थिति प्रदान कर बच्चों से अपने विधा आधारित गतिविधियां करवा रहे है। रोशन वर्मा अपनी टीम के साथ योग एवं ध्यान सत्र,हेमलाल सहारे कहानी एवं रचनात्मक लेखन, दिनेश कुमार कुरेटी अपनी टीम के साथ नृत्य व संगीत,प्रीतम कोठारी पेन्टिंग व ड्राइंग एवं भूपेन्द्र दास वैष्णव स्पोकन इंग्लिश की गतिविधियां संचालित कर रहे हैं।समर कैम्प के सफल संचालन हेतु विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रशांत कुमार चिवर्तकर,विकास खंड ीित समन्यक पीडी साहू, संकुल समन्यक मूलचंद साहू, प्रधानपाठक जीवराखन लाल उइके सहित शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं,शाला प्रबंधन समिति एवं पालको का आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहभागिता मिल रहा है।

# जीएसटी-टीडीएस पर ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ खैरागढ़
www.dailypioneer.com



संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन महादेव कावरे के निर्देशन में संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन संभाग दुर्ग (छ.ग.) द्वारा जिला कोषालय खैरागढ छुईखदान गण्डई के अंतर्गत जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को शासकीय विभागों द्वारा सेवा प्राप्ति एवं सामग्री खरीदी पर विक्रेताओं एवं निर्माण कंपनी, ठेकेदारों तथा प्रदाताओं को किये जाने वाले भुगतानों पर जीएसटी के स्त्रोत पर टीडीएस कटौती के संबंध में 22 मई को ऑनलाईन प्रशिक्षण दिया गया जिसमें जिले के समस्त आहरण संवितरण अधिकारी दिये गये लिंक से जुड़कर प्रशिक्षण प्राप्त किये।

संभागीय संयुक्त संचालक दिवाकर सिंह राठौर द्वारा बताया गया कि केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम 2017 एवं छ.ग. माल और सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा 51 के प्रावधानों के अनुसार शासकीय विभागों द्वारा की जाने वाली सामग्री खरीदी एवं सेवा प्राप्ति पर प्रदायकताओं को ठेकेदारों के किये जाने वाले भुगतान पर कर की जीएसटी-टीडीएस कटौती करने का प्रावधान है। उक्त संबंध में ई-कोष के माध्यम से जीएसटी-टीडीएस प्रोसेस किये जाने के प्रावधानों से अवगत कराया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जुडे जिले के अधिकारियों/कर्मचारियों के विभिन्न संकाओ को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से दूर किया गया।

# जल जगार उत्सव के तहत ग्राम अंवरी और मुल्ले में आयोजित हुआ कार्यक्रम

- सबने एक स्वर में कहा जल बचाना हम सबकी जिम्मेदारी
- जल समस्या पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित कर किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com






जल जगार उत्सव के दूसरे दिन आज कुरूद विकासखण्ड के ग्राम अंवरी और मुल्ले में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान वाटर हीरो जलप्रहरी नीरज वानखेड़े ने उपस्थितों को रैन वाटर हार्वेस्टिंग, रूफटॉप स्ट्रक्चर, वेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग इत्यादि को तैयार करने के संबंध में डेमो करके समझाया। इसके साथ ही गांव के पुराने हैण्डपम्प में रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाने की विधि का प्रदर्शन भी उन्होंने किया। श्री वानखेड़े ने जल संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मानव जीवन के लिए जल कितना महत्वपूर्ण है और इसका संरक्षण करना हम सबका कर्तव्य है। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने जल संरक्षण की दिशा में कार्य करने और जल को संरक्षित करने की विधि को समझने के लिए कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सबने एक स्वर से कहा कि पानी बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। ग्रामीणों ने गांव के भूजल स्तर बढ़ाने के लिए तालाब के किनारे, घरों के आसपास, सार्वजनिक स्थानों में वृक्षारोपण करने, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, रूफटॉप स्ट्रक्चर, वेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाने की भी बात कही। इसके साथ ही देश में व्याप्त जल समस्या पर आधारित लघु फिल्म का भी कार्यक्रम में प्रदर्शन कर जल बचाने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर प्रीति दुर्गम, सीईओ जनपद पंचायत कुरूद जी.आर.वर्मा, तहसीलदार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। गौरतलब है कि कलेक्टर नम्रता गांधी की पहल पर जिले में भूजल स्तर बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए आगामी 15 जून तक जल जगार उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान गांवों में जलप्रहरी के जरिए रैन वाटर हार्वेस्टिंग, रूफ्टॉप स्ट्रक्चर, वेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाने की विधि ग्रामीणों को दी जा रही है।

साथ ही अधिकारी, कर्मचारी सहित ग्रामीण जल संरक्षण संबंधी शपथ और नारी शक्ति से जल शक्ति सेल्फी जोन में सेल्फी भी ले रहे हैं। शपथ में कहा गया कि हम पानी बचाने और उसके सही इस्तेमाल, पानी की हर बूंद का ख्याल रखेंगे, ''कैच द रेन'' अभियान को बढ़ावा देंगे, पानी को अनमोल संपदा मानेंगे और इसका सही इस्तेमाल करेंगे., हम अपने परिवार, पड़ोसियों और अधिकारियों को भी पानी का सही इस्तेमाल करने और उसे बर्बाद न करने के लिए प्रेरित करेंगे, यह ग्रह हमारा है और हम ही इसे बचा सकते हैं और अपना भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं। आयोजित कार्यक्रम में जल संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को मंच से सम्मानित भी गया।

## वरिष्ठ प्रचारक स्व. मोघे को मंत्री टंकराम ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक पांडुरंग शंकरराव मोघे का 17 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार धमतरी के रुद्री घाट में किया गया। उनकी अस्थियां मराठापारा स्थित नूतन स्कूल में रखी गई हैं। स्व. मोघे को श्रद्धांजलि देने जिले के प्रभारी मंत्री व राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा नूतन स्कूल पहुंचे। उन्होंने मोघे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने मोघे द्वारा धमतरी में बिताए समय और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में उनके योगदान को याद किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्वर्गीय मोघे जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि हम सब स्वर्गीय मोघे जी के बच्चे की तरह हैं। उनका अनुभव, उनका जीवन समाज और राष्ट्र को समर्पित रहा है। उन्होंने सर्व समाज को जोड़ने और राष्ट्र को जागृत करने के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। आज उन्हें श्रद्धांजलि देकर मन भावुक हो रहा है। उनका जीवन हम सबके लिए एक विद्यालय की तरह रहा है। उनके जीवन से हमें कुछ न कुछ सीख मिलती है। राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर जिला संघचालक श्याम अग्रवाल, नगर संघचालक रामलखन गजेंद्र, लक्ष्मणराव मगर, शिरोमणि राव घोरपड़े, निर्मल बरडिया,राघवेंद्र राव रणसिंह,कैलाश राव भोसले, राजू सोनकर, नवीन जाचक, गौरव मगर, उमेश सिंह बशिस्ट, अविनाश दुबे, भागवत यादव, मिथिलेश सिन्हा, सुभाष चंद्राकर, सरोज देवांगन, चेतना रणसिंह,स्कूल के प्राचार्य एससी ख्रिष्टी एवं अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने लिया जिला स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक



पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कक्ष में जिला स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाने चिकित्सा अमला को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, आमजनों तक सेवाओं की पहुंच, स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति, चिकित्सकों की उपलब्धता, चिकित्सकीय उपकरणों, दवाइयों की उपलब्धता सहित अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन अंतर्गत जिले के सभी विकासखंड में शतप्रतिशत स्क्रीनिंग होने की जानकारी ली तथा जिन क्षेत्र में स्कीनिंग शेष है मॉपअप सत्र चलाकर यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। सिकलसेल में पाजीटिव मरीजों के वंश वृक्ष (फैमिली ट्री) का भी सिकलसेल परीक्षण कराये जाने हेतु बीएमओ एवं बीपीएम को निर्देशित किया । सिकलसेल समीक्षा में पाये गये ऐसे व्यक्ति जो अन्य बीमारियों से ग्रसित हैं को ज्यादा ध्यान देने के साथ साथ ऐसे सिकलसेल वाहक व्यक्ति जो अभी अविवाहित हैं का जानकारी एकत्र कर उनका काउंसलिंग कराने के लिए संगवारी ग्रुप से समन्वय करने के निर्देश दिये । उन्होंने कहा कि सिकल सेल पॉजिटिव मरीजों की काउंसलिंग हेतु संगवारी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर के8354933531से संपर्क कर सकते हैं। कलेक्टर ने जिले में संचालित ब्लड बैंक में सभी ग्रुप के ब्लड की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए प्रत्येक सीएचसी में प्रतिमाह ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया जा रहा है ब्लड कलेक्शन बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने विलेज हेल्थ सैनिटाइजेशन एंड न्यूट्रिशन डे के कार्य योजना की जानकारी लिया एव जहां दुरस्त क्षेत्र है जिसका स्थान चयन किया जा सकता है और वीएचएस एनडी सेशन प्रारंभ किया जा सके संबंधित को कार्य योजना बनाकर अवगत कराने कहा। उन्होंने वीएचएसएनडी के दौरान सिकल सेल जांच करने भी कहा। सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत सिकल सेल स्क्रीनिंग हेतु समस्त चिरायु टीम, उप स्वास्थ्य केंद्र में दिए गए लक्ष्य अनुसार पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रेगनेंट वूमेन एवं हाई रिस्क डिलीवरी जैसे प्रकरणों, डिलीवरी डेट जानकारी ली एवं नियमित मॉनिटरिंग करते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने कहा। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों में लगाए गए विभिन्न उपकरणों की जानकारी तथा सभी उपकरणों को फंक्शनल करने कहा जिससे मरीज को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने जहां समस्या है वहां प्राथमिकता से समस्याओं का निराकरण करने सीएमएचओ को निर्देशित किया जिससे चिकित्सीय कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने सर्पदंश प्रकरण की जानकारी ली तथा जन जागरूकता कार्यक्रम निरंतर करने के निर्देश दिए और किन कारणों से मृत्यु हो रही है उसकी जांच करने के निर्देश दिए जिससे आरबीसी का लाभ दिया जा सके। एंटी वेनम सहित अन्य जरूरी दवाइयां के उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने डायरिया, हाइड्रोसील प्रकरण, टीबी नियंत्रण कार्यक्रम, अंधत्व एव मोतियाबिंद ऑपरेशन के कार्य की प्रगति, हृदय रोग, दृष्टि दोष, रक्ताल्पता, अतिकुपोषित, होंठ एवं तालू विकृति त्वचा रोग, दन्त रोग, कान संक्रमण एवं अन्य बीमारियों के बच्चों का इलाज संबधी प्रकरण की जानकारी ली।

## जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजन हेतु बैठक संपन्न

जशपुरनगर। जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग जशपुर के संयुक्त तत्वधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्माकलीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन के संबंध में दिनांक कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभा कक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में खेल अधिकारी जशपुर, जिला मुख्यालय के समस्त प्राचार्य, सहायक जिला कीड़ा अधिकारी, कीड़ा अधिकारी, कोच-प्रशिक्षक, व्यायाम शिक्षक, अधीक्षक, पी.टी.आई. सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में आयोजन को व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न किये जाने हेतु 01 फुटबॉल, 02 तैराकी, 03 बैडमिंट, 04 ताईक्कांडो खेलों का प्रशिक्षण देने हेतु चर्चा किया गया। 01 फुटबॉल खेल रणजीता स्टेडियम के मैदान में, 02 तैराक खेल तरण ताल में, 03 बैडमिंटन खेल-बैमिंटन हॉल में तथा 04 ताईक्कांडो खेल-इंडोर हॉल जशपुर मुख्यालय में किये जाने हेतु निर्णय लिया गया है।

## चोरी किये गये मोटर सायकिलों को बेचने के लिए ग्राहक तलाश करते पकड़े गये आरोपीगण

### मोटर सायकल चोरी में दो आरोपी एंव दो विधि से संघर्षरत बालक सहित चार आरोपी रहे शामिल

- मोटर सायकल चोर गिरोह पर दूसरी बड़ी कार्यवाह, चारों आरोपियों से कुल 15 नग चोरी किये मोटर सायकल किया गया बरामद

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



जुर्म जरायम पतासाजी पेट्रोलिंग दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि देशी शराब भट्ठी के पास 04 संदिग्ध व्यक्ति दो अलग-अलग बिना नंबर बजाज प्लेटिना मोटर सायकल को बेचने के लिये ग्राहक तलाश रहे है, मुखबिर की सूचना पर 04 संदिग्ध व्यक्तियों को थाना लाकर पूछताछ कर मेमोरेण्डम लिया गया। जिसमें आरोपीगण द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुये बताये कि ग्राम कुण्डेल फिंगेश्वर से दो नग हीरो पैसन प्रो, फिंगेश्वर से होण्डा लियो,अकलवारा छुरा से होण्डा स्पलेण्डर, महासमुंद से हिरो एचएफडिलक्स, माना रायपुर से दो नग सुपर स्पलेण्डर,तर्रीघाट फिंगेश्वर से बजाज प्लेटिना, नयापारा राजिम से एक हिरो एचएफडिलक्स एंव दो नग बजाज प्लैटिना, ग्राम टेकारी सड्डू रायपुर से एक एक्टिवा स्कूटी, ग्राम कस से एक पैसन प्रो मोटर सायकल को चोरी कर मोटर सायकल का पहचान छुपाने के लिये मोटर सायकल कर नंबर प्लेट निकालकर छिपाकर रखना एंव इस्तेमाल करना बताने एंव बेचने के लिये ग्राहक तलाशना बताने से उक्त सभी मोटर सायकिलों को आरोपियों के कब्जे से बरामद कर जप्तकर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। एवं दोनों विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया जा रहा है। जप्त वाहन में कुछ मोटर सायकलों के मालिकों का नाम पता अज्ञात होने से धारा 41 (1.4) दप्रस/ 379,201,34 भादवि का इस्तगाशा तैयार कर वाहन स्वामी की पतासाजी की जा रही है एवं आस पास के भी जिले के थानों में दर्ज अपराध के सबंध में भी पता लगाई जा रही है। आरोपीगण- राम सोनवानी पिता स्व धनीराम सोनवानी उम्र 34 वर्ष साकिन ग्राम बेलरदोना थाना मगरलोड जिला धमतरी, सोमन सोनवानी पिता आनंद सोनवानी उम्र 19 वर्ष साकिन ग्राम परसदा कला थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद, एवं दो विधि से संघर्षरत बालक भी रहे शामिल।

संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जगत, प्र.आर दीनु मारकण्डे, सउनि नेहरू राम साहू एवं आरक्षक नवीन टंडन, गोविंदा घृतलहरे, विमल पटेल, राजेन्द्र कतलम, नरेन्द्र बंजारे, गजानंद साहू, अजय गिरी, विद्या गजपाल का सराहनीय योगदान रहा।

## इंचपारा गांव में सौर सामुदायिक सिंचाई योजना फेल, किसानों को नहीं मिल रहा लाभ

- सोलर सिंचाई पम्प पर लगे मोटर निकाल कर ले गए विभागीय अधिकारी

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार ने सोलर सिंचाई पंप लगाने के काम को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। कवायद ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। सबसे ज्यादा सोलर पंप स्थापित करने और ऊर्जा संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण को राष्ट्रीय पुरस्कार में मिला है। छत्तीसगढ़ सरकार सोलर एनर्जी से कृषि के क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने का प्रयास कर रही है। क्रेड़ा की तरफ से वनांचल गांवों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सोलर पंप, सोलर विद्युत केंद्र, सोलर लाइट लगाए गए हैं। जो कि गांवों में महज दो तीन साल चलने बाद ठप्प पड़ गया है। जिससे गांव के किसान सोलर पंप से सिंचाई का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। हम बात कर रहे हैं, धरमजयगढ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुमा के इंचपारा गांव का जहां पर क्रेडा विभाग द्वारा सौर सामुदायिक सिंचाई पंप स्थापित किया गया था। जिसका कुल सिंचाई क्षमता 47.87 हेक्टेयर भूमि पर होना है। जिसमें कुल कृषक संख्या 33 शामिल हैं। लेकिन वहीं आज सिंचाई व्यवस्था ठप्प पड़ गई। स्थापित की गई, उपकरणों पर जंक लग रही है। इसके संबंध में जानकारी के लिए गांव के किसानों से पुछा गया,तो उन्होंने बताया कि इस सोलर सिंचाई सिस्टम का लाभ महज दो तीन साल ही मिल सका,उसके बाद कोई मतलब नहीं है,आगे उन्होंने कहा कि यहां पर लगे सोलर मोटर पंप को बिलासपुर के कुछ सोलर विभाग के अधिकारी लोग ले गये। और बताकर गये,कि इसको सुधारने के लिए ले जा रहे हैं, बहुत जल्द लाकर लगा दिया जायेगा। लेकिन आज तक झांकने तक नहीं पहुंचे हैं। जिससे हमें रबी फसल में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आगे उन्होंने कहा जब से सोलर सिंचाई सिस्टम से सिंचाई कर फसल उत्पादन कर रहे थे,तब अच्छी फसलें एवं आमदनी कमा पा रहे थे, लेकिन अब ऐसा नहीं हो पा रहा। हमने अभी सभी किसान मिलकर राशि जुटा कर जेसीबी मशीन के माध्यम से नदी में मेड़ लगा कर पानी को रोककर वहां से नहर निकाल कर खेतों में सिंचाई कर रहे हैं।जो हमे हर वर्ष इसी तरह खर्चा करना पड़ रहा है,तब जाकर कहीं ग्रीष्म कालीन खेती कर पा रहे हैं। लेकिन वहीं सवाल उठना लाजिमी है, कि राज्य सरकार के कृषि विभाग व क्रीडा की ओर से रियाते दरों पर किसानों को सोलर सिंचाई पंप प्रदान किए जाते हैं ऐसे अनेकों गांव का खेत खलिहान में सोलर पंप लगाने में प्राथमिकता दी जा रही है या बिजली पहुंच पाना संभव नहीं है सुदूर वनांचल क्षेत्र के किसानों के लिए सर्व सुजला योजना वरदान साबित हो रही है।

## आयुक्त ने अंडर ब्रिज सफाई कार्य का देखा सच



पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने निर्मल लॉज के सामने स्थित मालधक्का रोड अंडर ब्रिज नाला सफाई का निरीक्षण किया। इस दौरान अंडरब्रिज के नीचे नाला से पानी निकासी बहाल हो इसे ध्यान में रखते हुए सभी चैंबरों से अच्छी तरह से मलबा एवं कचरा को निकालने के निर्देश दिए गए। सुबह करीब 7.30 बजे कमिश्नर चंद्रवंशी ने अंडर ब्रिज का निरीक्षण किया। इस दौरान अंडर ब्रिज के खोले गए चेंबर को कमिश्नर चंद्रवंशी ने देखा और पानी निकासी अच्छे से हो इसके लिए नाला में जमे कचरे और मलवा को निकालने के निर्देश दिए। इसके बाद बंगाली पारा, स्टेशन चौक, आटले गली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश संबंधित सफाई दरोगा को दिए गए। स्टेशन चौक के पास ठेला एवं गुमटी लगाने वालों से भी कचरा लेने निगम के वाहन आने और वाहन में ही संस्थानों से निकले कचरे को देने संबंधित चर्चा की गई। इस दौरान कमिश्नर चंद्रवंशी ने सूखा और गीला कचरे को अलग अलग रखने अलग अलग डस्टबिन का उपयोग करने, कचरा कहीं पर भी नहीं फेंकने और यूजर चार्ज समय पर जमा करने की सभी से अपील की। इसी तरह वार्ड के निरीक्षण के दौरान वार्ड वासियों से समय पर और पर्याप्त मात्रा में पानी आने, कचरा लेने रिक्शा के साथ स्वच्छता दीदियों के आने, सूखा और गीला कचरा अलग अलग देने, वार्ड के नाली, नाला की सफाई रोटेशन पर नियमित होने आदि बातों पर चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान निगम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### राजयोग मैडिटेशन का अभ्यास सिखने बच्चे हर रविवार को आने के इच्छुक : ब्रह्माकुमारी सरिता

## संस्कार समर कैंप का प्राईज डिस्ट्रीब्यूशन के साथ हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com






प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय धमतरी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे अंजनेय वार्सनेय पुलिस अधीक्षक धमतरी, कपिल मनुजा नेशनल ऑफिसर, फाउंडर प्रेसिडेंट धमतरी शाइन, ब्रह्मा कुमारी सरिता दीदी, प्राजक्ता दीदीजी सर्वप्रथम बच्चो ने Divine Sapling थीम पर अरुणिमा के जीवन कहानी को लेकर बहुत सुन्दर नृत्य नाटिका प्रस्तुत कि जिससे बच्चो ने सिखा संकल्प यदि ऊँचा हो तो कोइ भी बाधा अपने लक्ष से दूर नहीं कर सकती । मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अंजनेय वार्सनेय ने बच्चो को मूल्यों का महत्व समझाते हुए तीन मूल्यों की व्यक्तिगत मूल्य, सामाजिक मूल्य, राष्ट्रिय मूल्य को विस्तार से समझाते हुए उसका अपने जीवन में क्या महत्व है समझाया, उन्होंने आगे कहा जैसा नाम है संस्कार समर कैंप तो निशित रूप में संस्कार समर कैंप में बच्चों का मुल्यानुगत विकास विकास होगा। कपिल मनुजा नेशनल ऑफिसर फाउंडर प्रेसिडेंट जेसीआई धमतरी शाइन ने बच्चो को राजयोग मैडिटेशन का महत्व समझाया और कहा मै खुद यहाँ ब्रह्मा कुमारी में आकर मोटिवेशन लेता हूँ, मुझे यहाँ बहुत अच्छा लगता है। बच्चे बहुत भाग्यवान है जो अभी से उनको इतनी अच्छी ज्ञान की बाते सिखने समझने को मिल रही है। ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी ने कहा बच्चो के अन्दर सहयोग की भावना होनी चाहिए और अभिभावकों को बच्चो की पढाई के साथ उनकी अच्छी पालना भी करे इसके लिए उन्हें समय अवश्य दे। हम बच्चो को फिजिकली तो स्ट्रोंग बना रहे है लेकिन इमोशनली वीक होते जा रहे है द्य जिसके कारण जीवन में आने वाली बडी परिस्थितियों को वो फेस नहीं कर पाते। बच्चे प्रत्येक रविवार को राजयोग मैडिटेशन का अभ्यास सिखने सेवाकेंद्र पर आने के इच्छुक दिखाई दिए। सरिता दीदी सभी अभिभावकों को भी यही कहा वे भी सेवाकेंद्र पर आकर 7 दिवसीय राजयोग शिविर अवश्य करें। कार्यक्रम के अंत में उन सभी बच्चो को मैडल और सर्टिफिकेट दिया गया जो विभिन्न प्रतियोगिताओ में फर्स्ट सेकंड थर्ड रहे और बाकि सभी बच्चो को सर्टिफिकेट और गिफ्ट दिया गया। समर कैंप को सफल बनाने में डॉक्टर प्रशांत, मयंक और गौतम का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम का संचालन प्राजक्ता बहन ने किया।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर उप स्वास्थ्य केन्द्र कोटिया, बोखी, कोनपारा और जामटोली हुए सम्मानित




पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जिले के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के उप स्वास्थ्य केन्द्र कोटिया, बोखी, कोनपारा और जामटोली को समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य किए जाने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित किया है।

# फरियाद : किसानों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लगाई गुहार

## जाड़ामुड़ा धान खरीदी केंद्र में अधिया रेगहा लिए खेतों से बढ़ गया रकबा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



जाड़ामुड़ा धान खरीदी केंद्र में रकबा बढ़ाकर धान बेचने के मामले की जांच समिति प्रबंधक एवं 2 कंप्यूटर ऑपरेटरों के विरूद्ध एफआईआर के बाद अब किसानों तक जा पहुंची है। इसमें 10 और किसानों को पुलिस ने आरोपी बना दिया है। किसानों के बैंक खाते लॉक कर दिए गए हैं। जिससे किसान परिवार पोषण और आगामी खरीफ फसल की तैयारी के लिए बैंक से राशि नहीं निकाल पा रहे हैं। दूसरी और किसानों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंटकर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया। एफआईआर के 3-4 माह बाद निर्दोष किसानों को भी इसमें जोड़ दिया गया है। जाड़ामुड़ा सोसायटी क्षेत्र के किसान निराकर प्रधान, दासरथी प्रधान, मनोहर प्रधान आदि ने मुख्यमंत्री से भेंटकर उन्हें तत्संबंध में आवेदन देकर गुहार लगाई। बसना पुलिस के अनुसार मामले में पहली एफआईआर में प्रबंधक उमेश भोई व रामप्रसाद बरिहा तथा दूसरी एफआईआर में प्रबंधक उमेश भोई व 2 ऑपरेटर मनोज व मनीष प्रधान।

### नियमों का उल्लंघन कर एकतरफा कार्रवाई

किसानों का कहना है कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की नोडल अधिकारी द्वारा शासन के बिना आदेश से मनमानी ढंग से शासन का नियमों का उल्लंघन कर एकतरफा कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री द्वारा भेजे गए राशि को आहरण किसानों द्वारा किया गया था, जिसे दबाव डालकर जमीन दिखवा कर राशि को वापस ले लिया गया है और खाता को लॉक कर दिया गया है जिसमें किसानों का किसान सम्मान निधि एवं अन्य मदों का पैसा जमा होता है। जिसके कारण किसानों को काफी परेशानी हो रहा है। इसी तरह का रकबा बढ़ाने का मामला रामानुजगंज में भी आया था, जिससे तहसीलदार और प्रभारी को निलंबित किया। पहली एफआईआर में 420, 409, 34 तथा दूसरी में 420, 467, 468, 471, 34 के तहत अपराध दर्ज है। दूसरी एफआईआर में 3-4 माह बाद अब 10 किसानों के और इस बाबत संबंधित किसानों से नियमानुसार सहमति भी ली गई थी। यह कोई गलत नहीं है। उन्होंने बताया कि पूर्व पंजीयन का सभी का रकबा प्रशासन ने कैरी फारवर्ड किया था। 31 अक्टूबर 23 के बाद तहसील कार्यालय में आवेदन देकर व भूमि संबंधी दस्तावेज देकर अन्य खेतों का रकबा पंजीयन कराया गया। तहसील कार्यालय में उनके दस्तावेजों की जांच भी की गई। किसानों ने बताया कि किसानों में से कुछ ने एक बोरा भी धान नहीं बेचा। निराकार प्रधान ने आवेदन में बताया कि उन्होंने कृषक बेनूप्रसाद पिता राजेंद्र प्रेम साईसराईपाली से नियमानुसार अधिया रेगहा में लेकर बोनी की थी। और इन खेतों में उत्पादित धान के विक्रय के लिए तहसीलदार पिथौरा के समक्ष अधिया रेगहा में पंजीयन के लिए आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया था। पीड़ित किसानों ने आवेदन में बताया कि उन्होंने अपने खेतों के अलावा अधिया और रेगहा में लिए गए खेतों में बोई गई फसल का धान था। जिससे रकबा बढ़ा था।

# कांग्रेसियों को हर जगह चंदाखोरी कमीशनखोरी ही नजर आती है : केदार गुप्ता

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चिटफंड कंपनियों पर कार्रवाई अटकाने वाली बयान पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने पलटवार किया है। उन्होंने भूपेश बघेल पर हमला बोला है। प्रवक्ता गुप्ता ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थोड़ा इंतजार कर लें, चिटफंड कंपनियों के नाम पर घोटाले की जांच भी होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार पर मिथ्या आरोप लगाकर प्रलाप करते भूपेश बघेल की बेसब्री दरअसल उनके डर को सामने ला रही है। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगते हुए कहा कि किसी काम को अटकाना, भटकाना और लटकाना कांग्रेस के डीएनए में है। भाजपा तो जो कहती है, वह करती है और जो कहा है, वह करके दिखाया भी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा की इसी दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति से बघेल खौफ जदा हैं और अनर्गल प्रलाप करके अपने बचाव की पतली गली तलाश रहे हैं। केदार गुप्ता ने आरोप लगाया कि कांग्रेसियों को हर जगह चंदाखोरी, कमीशनखोरी ही नजर आती है। पर बघेल की ये तमाम कोशिशें नाकामयाब होगी। गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 'मोदी की गारंटी' है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का सुशासन है। उन्होंने आरोप लगते हुए कहा कि अभी तो बघेल सरकार के कार्यकाल का कोयला फंड घोटाला, चावल घोटाला, शराब घोटाला, पीएससी भर्ती घोटाला समेत तमाम घोटालों की जांच हो रही है और अपराधी सींखचों के पीछे जा रहे हैं। बघेल यह बात गाँठ बांध लें कि नंबर तो सबका आएगा ही आएगा। उन्होंने कहा कि अब चिटफंड कंपनियों का भी नंबर आने वाला है। भाजपा के सुशासन और कानून के राज में कोई भी अपराधी बचेगा नहीं। भाजपा की सरकार पर लुटेरों की पार्टनर होने की झूठी तोहमत लगाकर बघेल अपने शासनकाल में हुई खुली लूट के कलंक को लाख जतन करके भी धो नहीं पाएंगे। जिन-जिन लोगों ने जनता की गाढ़ी कमाई और प्रदेश के सरकारी खजाने की लूट में अपने-अपने हाथ साफ करने का शर्मनाक कृत्य किया है, उन सबसे वसूली भी होगी और उन्हें अपने कृत्यों की सजा भी भोगनी होगी, फिर चाहे वह कोई भी हो।

# 56 लाख लोगों को 3 महीने से चावल नहीं मिल रहा : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राशन कार्ड में अपनी फोटो छपवाने के लिए राशन कार्ड का नवीनीकरण करवाये जिसका खामियाजा गरीब लोगों को भुगतना पड़ रहा है प्रदेश में 14 लाख से अधिक राशन कार्ड धारी है जिसके राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं हुआ है और जिन राशन कार्डधरियो का नवीनीकरण हुआ है ऐसे 20 प्रतिशत लोग हैं जिन्हें राशन कार्ड नहीं मिला है। जिसके चलते उन्हें उचित मूल की दुकान से चावल नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश में 14 लाख से अधिक राशन कार्डधारी जिनका नवीनीकरण नहीं हो पाया ऐसे 56 लाख लोगों को बीते 3 माह से चावल नहीं मिल रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में कुल 77 लाख राशन कार्ड है। जिसमें बीपीएल और एपीएल कार्ड धारी हैं। कांग्रेस की सरकार में उन्हें हर माह 35 किलो चावल मिलता था और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के चावल का भी अतिरिक्त वितरण किया जाता था। भाजपा की सरकार ने कांग्रेस सरकार के समय मिलने वाले 35 किलो राशन में कटौती करके प्रति व्यक्ति 5 किलो कर दिया और राशन कार्ड नवीनीकरण के नाम से लाखों लोगों को चावल से वंचित कर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के दौरान 20 लाख फर्जी राशन कार्ड बनाकर नान घोटाला किया गया था वही स्थिति अब चार माह में दिख रहे भाजपा के कई नेता चावल के मामले में दोषी पाए गए हैं। कवर्धा हो चाहे रायपुर में हो और अभी 14 लाख राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं हुआ है और जिनका नवीनीकरण हुआ उसको भी चावल नहीं मिल रहा है। फिर भाजपा सरकार कैसा दावा कर रही कि प्रदेश के हर व्यक्ति को चावल दिया जा रहा है भाजपा झूठा दावा कर रही है और भाजपा का पोल खुल गया है।

# संस्कृत बोर्ड की मेरिट लिस्ट में गड़बड़ी शिक्षा मंत्री ने सचिव को हटाया

- परीक्षा प्रभारी असिस्टेंट डायरेक्टर निलंबित, दो कर्मचारी बर्खास्त

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्या मंडलम (संस्कृत बोर्ड) की मेरिट लिस्ट में ही भारी गड़बड़ी कर दी गई। एक स्टूडेंट को मेरिट लिस्ट में तीसरे नंबर पर रखा गया, लेकिन पड़ताल हुई तो पता चला कि उसने परीक्षा ही नहीं दी थी। इस तरह की कुछ और गड़बड़ियां सामने आने के बाद शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कड़ी कार्रवाई की है। संस्कृत बोर्ड के सचिव को हटा दिया गया है, वहीं परीक्षा प्रभारी असिस्टेंट डायरेक्टर सस्पेंड कर दिए गए। साथ ही, क्लर्क लेवल के दो कर्मचारियों को संस्कृत बोर्ड से सीधे ही बर्खास्त कर दिया गया है। संस्कृत बोर्ड की मेरिट लिस्ट में गड़बड़ी का खुलासा दो दिन पहले हुआ था। प्रारंभिक जांच में गड़बड़ी सामने आने के बाद शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने संस्कृत विद्या मंडलम की सचिव अलका दानी की प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हुए उनको मूल विभाग में वापस भेज दिया है। इसी तरह, परीक्षा प्रभारी रहे असिस्टेंट डायरेक्टर लक्ष्मण प्रसाद साहू को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय बस्तर (जगदलपुर) होगा। विद्या मंडलम के स्टेनो, डाटा एंट्री ऑपरेटर संतोष ठाकुर एवं लिपिक परमेश्वर दयाल चौबे को उनके पदों से बर्खास्त कर दिया गया है। इस कार्रवाई के अलावा शिक्षा मंत्री ने संस्कृत विद्यामंडल की परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों की जांच के लिए उच्चस्तरीय कमेटी गठित कर दी है। यह कमेटी सभी मामलों की जांच कर एक सप्ताह के भीतर अपनी सौंपेगी। इस रिपोर्ट के दायरे में जितने भी अधिकारी-कर्मचारियों को दोषी माना जाएगा, उनके खिलाफ भी ऐसी ही कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए गए हैं।

# आरटीई के अंतर्गत ड्राप आउट विद्यार्थियों की जानकारी देने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने सभी जिला कलेक्टरों से आरटीई अंतर्गत ड्राप आउट विद्यार्थियों की जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराने निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टरों को जारी पत्र में कहा गया है कि जिले के गैर अनुदान प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधक, प्राचार्यों की बैठक 10 दिवस के भीतर बुलाकर यह समीक्षा करें कि इनके विद्यालय में कितने विद्यार्थियों ने आरटीई के तहत प्रवेश लिया था तथा उनमें से कितने बच्चे पढ़ाई छोड़कर ड्राप आउट हो गए हैं। यह जानकारी पत्र के साथ निर्धारित प्रारूप में भेजी जाए। कलेक्टरों से यह भी कहा गया है कि विगत 5 वर्षों में ड्राप आउट हुए बच्चों की जानकारी प्राप्त कर समीक्षा करें तथा ड्राप आउट रोकने की दिशा में समुचित पहल करने का कष्ट करें, जिससे जिले में आरटीई की मंशा के अनुरूप सभी बच्चे अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण कर सकें।

# मारपीट के आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने के विरोध में सफाई कर्मी हड़ताल पर



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

गुढ़ियारी में मंगलवार को मारपीट के बाद आरोपी के गिरफ्तार न किए देने के विरोध में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली रामकी कंपनी के सभी सफाई मित्र हड़ताल पर चले गए हैं। बुधवार को शहर के किसी भी मोहल्ले में कचरा एकत्रित नहीं हुआ। कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी है। मंगलवार को मारपीट की घटना पर थाने में शिकायत भी की गई थी, मगर कार्रवाई नहीं होने से सभी ने काम बंद कर दिया है। अचानक हड़ताल से निगम कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर पाया है। सभी हड़ताली कर्मचारी दलदल सिवनी कलेक्शन प्वाइंट में एकत्रित हो गए। गाड़ियां वहीं पार्क कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था लेकिन आरोपी के फरार होने से पकड़ा नहीं जा सका है। मोहित मोनू साहू नाम के युवक ने आसकरण कोसले नाम के सफाई मित्र के साथ मारपीट की थी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**रायपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा सबेरे 10.00 बजे से न्यू कन्वेन्शन हॉल नवीन विश्राम गृह, सिविल लाईन, रायपुर में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का विषय 'जलवायु परिवर्तन सदी की सबसे बड़ी चुनौती'रखा गया है। पोस्टर प्रतियोगिता चार आयु वर्ग में आयोजित होगी जिसमे प्रथम वर्ग में 12 वर्ष तक, द्वितीय वर्ग में 13 से 17 वर्ष, तृतीय वर्ग 18 से 21 वर्ष एवं चतुर्थ वर्ग दिव्यांगजनों के लिए होगा। प्रतियोगिता में प्रतियोगियों को आकर्षक नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। पुरस्कार चार आयु वर्ग में पृथक-पृथक दिये जायेंगे। प्रथम पुरस्कार पांच हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार तीन हजार रूपए, तृतीय पुरस्कार दो हजार रूपए एवं दो सांत्वना पुरस्कार पांच सौ रूपए दिए जाएंगे। प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को अपना पहचान पत्र एवं आयु प्रमाण-पत्र की छायाप्रति साथ लानी होंगी। रजिस्ट्रेशन प्रतियोगिता स्थल पर किया जायेगा। रजिस्ट्रेशन हेतु प्रतिभागियों को प्रातः 9.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य है। विजेताओं को 5 जून को ही पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

## दुरंतो एक्सप्रेस में एक-एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा

**बिलासपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 12262/12261 हावड़ा-सीएसएमटी-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस एवं 12222/12221 हावड़ा-पुणे-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस में एक-एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे। गाड़ी संख्या 12262 हावड़ा-सीएसएमटी में हावड़ा से 22 व 24 मई को एवं गाड़ी संख्या 12261 सीएसएमटी-हावड़ा में सीएसएमटी से 23 व 25 मई को उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 12222 हावड़ा-पुणे में हावड़ा से 23 व 25 मई को एवं गाड़ी संख्या 12221 पुणे-हावड़ा में पुणे से 25 व 27 मई को उपलब्ध रहेगी।

# प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने ली स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स की समीक्षा बैठक

- प्रति दिन प्रोजेक्ट्स मॉनिटरिंग के दिए निर्देश
- ज्यादातर प्रोजेक्ट जून अंत से पहले हो जाएँगे पूरे

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रगतिरत प्रोजेट्स की जून तक की समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। मटन मार्केट, 24×7 वाटर सप्लाई परियोजना, महाराजबंध तालाब, खो-खो तालाब व नरैया तालाब में निर्माणाधीन एसटीपी के कार्य में तेज़ी लाने उन्होंने अधिकारियों से कहा है। बैठक में बताया गया कि 215 करोड़ के निर्माण कार्य इस समय प्रगति पर है, जिनमें से अधिकांश कार्य जून तक पूरे हो जाएंगे। एम.डी. मिश्रा ने सभी निर्माण एजेंसियों से कहा है कि अंडरग्राउंड केबलिंग एवं ज़ोनल स्मार्ट रोड, बूढ़ातालाब परिक्रमा पथ, मालवीय रोड सड़क विद्युतीकरण जैसे शेष सभी प्रोजेक्ट्स भी तय समय सीमा में सभी कार्य पूरे करे। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि प्रतिदिन नियमित तौर पर सभी प्रोजेक्ट्स की प्रगति की जानकारी रखें। इस बैठक में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महाप्रबंधक (तकनीकी) पी.के. पंचायती, अतिरिक्त महाप्रबंधक (तकनीकी) इमरान खान, उप-महाप्रबंधक (वित्त) अमित शर्मा, उप-प्रबंधक संजय अग्रवाल, अमित मिश्रा, असिस्टेंट मैनेजर योगेन्द्र, शुभम तिवारी सहित रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से संबद्ध कंसल्टेंट सहित निर्माण एजेंसी के प्रभारी उपस्थित थे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403